लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 34, अंक -146, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 5- रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, गंभीर समस्या है नशीली दवाइयों का व्यसन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 39.8° अधिकतम तापमान, 30.4° न्यूनतम तापमान, आसमान में हल्के बादल झाए रहेंगे, सूर्योदय 05 : 15, सूर्यास्त 19 : 05

लखनऊ, रविवार, 23 जून 2024

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज.. 14

रेलवे प्लेटफार्म टिकट, रिटायरिंग रूम की सुविधा अब जीएसटी से मुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में शनिवार को कई अहम फैसले लिए गए। बैठक के बाद सीतारमण ने कहा कि सभी सोलर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया गया है। सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की गई है। सीतारमण ने कहा कि रेलवे द्वारा आम आदमी को दी जाने वाली सेवाएं, प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री, रिटायरिंग रूम सुविधा, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम सेवाएं, बैटरी चालित कार सेवाओं को जीएसटी से छूट दी जा रही है। अंतर-रेलवे आपूर्ति को भी छूट दी गई है। शैक्षणिक संस्थानों के बाहर छात्रों के लिए छात्रावासों को भी छूट दी जा रही है। परिषद ने प्रति व्यक्ति प्रति माह 20,000 रुपये तक की आपूर्ति मूल्य वाली आवास सेवाओं को छूट देने की सिफारिश की है। ये सेवाएं न्यूनतम 90 दिनों की निरंतर अवधि के लिए दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण की शुरुआत की जाएगी। इससे फर्जी चालान के जरिए किए गए धोखाधड़ी वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों से निपटने में मदद मिलेगी। परिषद ने सभी कार्टन बॉक्स और पेपर बोर्ड के मामलों पर 12 प्रतिशत की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने की भी सिफारिश की है। मोदी 3.0 सरकार की जीएसटी काउंसिल की इस पहली बैठक में कई राज्यों के वित्तमंत्री भी उपस्थित रहे।

● सोलर कुकर और दूध के डिब्बों पर एक समान 12% की दर तय

डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना माफ कर व्यापारियों को राहत देने की तैयारी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुए धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। सीतारमण ने कहा वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए जो नोटिस जारी किए गए थे, परिषद ने उन पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। सीतारमण ने कहा सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए परिषद ने विभाग द्वारा अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, हाईकोर्ट के लिए एक करोड़ और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। परिषद ने यह भी सिफारिश की है कि अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपये सीजीएसटी और एसजीएसटी से घटाकर 20 करोड़ सीजीएसटी और एसजीएसटी कर दी जाएगी।

पेट्रोल व डीजल को भी दायरे में लाने की तैयारी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है। सीतारमण ने कहा जीएसटी को जब एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था, तब यह फैसला किया गया कि कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर जीएसटी कानून के तहत बाद में कर लगाया जाएगा।

एक नजर

दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा में सीएनजी 1 रुपये महंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपये प्रति किग्रा की बढ़ोतरी की गई। आईजीएल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74 .09 रुपये से बढ़कर 75 .09 रुपये प्रति किग्रा हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78 .70 रुपये से बढ़कर 79 .70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

हिमाचल में बनी 22 दवाओं के सैंपल फेल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बनी 22 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। हिमाचल समेत देश में निर्मित 52 दवाएं मानकों पर खरा नहीं उतरीं हैं। पांवटा साहिब की दवा कंपनी जीं लेबोरेंटरी के तीन और झाडमाजरी के डेक्सीन फार्मा के दो सैंपल एक साथ फेल हुए हैं। ड्रग कंटोलर मनीष कूपर ने बताया कि फेल होने वाली दवा उघोगों को नोटिस जारी किए जाएंगे, बाजार से स्टॉक को वापस मंगवाया जाएगा।

बिभव की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ाई गई

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की कोर्ट ने न्यायिक हिरासत शनिवार को छह जुलाई तक के लिए बढ़ा दी गई। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। कुमार को 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के जरिए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने उसकी न्यायिक हिरासत छह जुलाई तक बढ़ा दी।

नीट-यूजी की जांच सीबीआई को सौंपी, एनटीए के डीजी को हटाया

एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया में सुधार करने के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार रात घोषणा की कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंपी जाएगी। इससे पहले इस मामले से जुड़े घटनाक्रम के तहत कई कदम उठाए गए, जिसमें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटाना और परीक्षा सुधारों के लिए पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति का गठन करना शामिल है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। पारदर्शिता के लिए यह निर्णय लिया गया कि मामले को व्यापक जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया जाए। इससे पहले केंद्र सरकार ने एनटीए के महानिदेशक (डीजी) सुबोध सिंह को हटा दिया। साथ ही एनटीए के कामकाज की समीक्षा तथा परीक्षा सुधारों की सिफारिश करने के लिए इसरो के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति गठित की, समिति दो माह में रिपोर्ट सौंपेगी।

अधिकारियों के अनुसार, सुबोध कुमार सिंह को अगले आदेश तक कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में अनिवार्य प्रतीक्षा में रखा गया है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति तक एनटीए का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि बिहार पुलिस ने शुक्रवार रात झारखंड के देवघर जिले से छह और लोगों को हिरासत में लिया। पिछले महीने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने कथित पेपर लीक के सिलसिले में मुख्य संदिग्ध सिकंदर यादवेंदु समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया था। ईओयू ने एनटीए से नीट-यूजी 2024 के संदर्भ प्रश्न पत्र प्राप्त किए हैं, जिनकी पिछले महीने पटना में तलाशी के दौरान एक फ्लैट से बरामद किए गए कागजातों से तुलना की जाएगी।

पुलिस ने कहा कि वह इस मामले में आरोपियों का नार्को टेस्ट और ब्रेन मैपिंग कराने की संभावना भी तलाश रही है।

● झारखंड के देवघर जिले से छह लोग हिरासत में लिए गए

प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने की पूछताछ

नई दिल्ली। सीबीआई ने यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम उससे पूछताछ कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की थी।

राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (पीजी) भी टली

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने उच्च चिकित्सा शिक्षा की राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा परा स्नातक (नीट-पीजी प्रवेश) टालने की घोषणा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की नीट-पीजी प्रवेश टाल दी गई है। परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। नीट-पीजी प्रवेश 23 जून रविवार को निर्धारित थी। मंत्रालय ने कहा है कि कुछ प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितताओं की घटनाओं को देखते हुए इस परीक्षा को टालने का निर्णय लिया गया है।

प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश में सड़क पर खुलेआम चलाई गोलियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर कई करोड़ रुपये के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार सुबह बिल्डर के गुर्गों ने फायरिंग की और बुलडोजर से दुकान में रखे मार्बल तोड़ दिए। दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दो बुलडोजर जला दिए। दोनों पक्षों की ओर से करीब 50 राउंड फायर किए गए। पुलिस ने रोहित की तहरीर पर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इज्जतनगर थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से 11 लोगों को गिरफ्तार कर तीन कार कब्जे में ली है। इस मामले में पुलिस ने भी दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

दरोगा राजीव प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे शंकरा महादेव मार्बल दुकान के पास विवाद की सूचना पर पहुंचे तो वहां पर दो बुलडोजर से संजय नगर निवासी राजीव राणा और रोहित ठाकुर 20-25 सहयोगियों के साथ मार्बल हटवा रहा था। मार्बल दुकान के मालिक गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय ने अपने बेटे अभिराज और साथियों के साथ पहुंचकर विरोध किया। इस पर राजीव राणा ग्रुप के लोगों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद आदित्य पक्ष की ओर से भी फायरिंग की गई। दोनों तरफ से करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। आदित्य पक्ष के साथियों ने दोनों बुलडोजर में आग लगा दी। बीच सड़क पर फायरिंग से अफरातफरी मच गई और ट्रैफिक रुक गया। लोग अपने वाहन छोड़कर भागने लगे और दुकानें भी बंद हो गईं। फोर्स ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रण में की। वहीं पूर्व विधायक का कहना है कि घटना के समय वे शहर से बाहर थे। विरोधियों ने मेरे खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है।

सड़क पर गोली चलाता युवक।

● पूर्व विधायक राजेश मिश्रा समेत 12 नामजद, 150 अज्ञात पर रिपोर्ट

● दोनों पक्षों ने की फायरिंग, एक पक्ष ने दो बुलडोजर जलाए

● एसएसपी ने इंस्पेक्टर समेत सात पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

इन पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

एसएसपी और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और फिर थाने में भी मामले की जानकारी ली। एसएसपी की शुरुआती जांच में पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई। जिस पर एसएसपी ने थाना प्रभारी जयशंकर सिंह, दरोगा राजीव प्रकाश, मुख्य आरक्षी योगेश, सिपाही सन्नी कुमार, विनोद कुमार, राजकुमार और अजय तोमर को निलंबित कर दिया।

> प्लॉट कब्जा करने के लिए दो पक्षों में फायरिंग हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। -**घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

आरक्षी पद पर पदावनत किए गए सीओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : डीजीपी प्रशासन ने प्रोन्नत डिप्टी एसपी कृपाशंकर कन्नौजिया को मूल पद पीएसी आरक्षी पर वापस करने का आदेश जारी किया है। वर्तमान समय में कृपाशंकर उन्नाव के बीघापुर में तैनात हैं। उनकी पहली नियुक्ति 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर में आरक्षी पद पर हुई थी। डीजीपी मुख्यालय से यह आदेश शनिवार देर रात को जारी हुआ।

उन पर तीन साल पहले महिला सिपाही के साथ कानपुर के होटल में रंगरेलियां मनाने के मामले में जांच चल रही थी। जांच में दोषी पाए जाने के बाद प्रदेश सरकार ने यह कार्रवाई की है।

मूलरुप से गोरखपुर के रहने वाले कृपा शंकर कन्नौजिया की भर्ती पीएसी में की 26वीं वाहिनी में हुई थी।

भर्ती होने के बाद से वर्ष 2020 के बीच कृपाशंकर को चार प्रोन्नति मिली। मुख्य आरक्षी, सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर और वर्ष 2020 के अंत में वह डिप्टी एसपी के पद पर प्रोन्नत किए गए। उनकी तैनाती उन्नाव में हुई।

● शनिवार देर रात को डीजीपी कार्यालय से जारी हुआ आदेश

● तीन साल पहले कानपुर के होटल में महिला सिपाही के साथ पकड़े गए थे सीओ

होटल में महिला सिपाही के साथ मिले थे

वर्ष 2021 में कृपाशंकर महिला सिपाही के साथ कानपुर के एक होटल में मिले। उस वक्त मामला सुर्खियों में भी रहा। वर्दी पर दाग लगता देख उन्नाव के तत्कालीन एसपी ने शासन से शिकायत भी की थी। जबकी महिला सिपाही को तत्काल निलंबित कर दिया गया था। निलंबन के बाद डिप्टी एसपी कृपाशंकर पर उच्चस्तरीय जांच बैठा दी गई थी। जांच रिपोर्ट में विवाहेत्तर संबंध की पुष्टि होने पर शासन ने उनके खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया। शनिवार रात को डीजीपी मुख्यालय से जारी आदेश में उनको मूल पद पीएसी के आरक्षी पर वापस कर दिया गया है।

लॉरेंस बिश्नोई ने ही कराई थी सलमान के घर पर फायरिंग

मुंबई। अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच ने पुष्टि की है कि यह हमला गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ही करवाया था। लॉरेंस का भाई अनमोल बिश्नोई दोनों शूटर्स को फोन पर लगातार निर्देश दे रहा था। दोनों हमलावरों के मोबाइल से मिली रिकॉर्डिंग का वॉयस सैंपल अनमोल की आवाज से मैच हो गया है। क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार दोनों हमलावरों के मोबाइल की ऑडियो रिकॉर्डिंग को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा था। मुंबई पुलिस की केंद्रीय जांच टीम ने अनमोल बिश्नोई के ऑडियो सैंपल लिए थे।

छह उत्पादन इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयों के ठप होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार को टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार बिजलीघरों की तीन इकाइयां ठप हो गईं। पहले से बंद चल रही तीन इकाइयों को मिलाकर कुल छह इकाइयों के बंद होने से 2165 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट बढ़ गया। स्थिति को संभालने के लिए बुंदेलखंड सहित प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब छह सौ मेगावाट की आपात कटौती की गई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने जवाहरपुर इकाई के 23 जून को चालू होने व बाकी दो इकाइयों के 24 जून को चालू होने की उम्मीद जताई है। पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट इकाई के भी 23 जून जबकि मेजा की 660 मेगावाट के 24 जून को चालू होने की संभावना है। सिंगरौली की 200 मेगावाट इकाई के शनिवार की देर रात तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।

● स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए की गई आपात कटौती

● टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार में बिजली उत्पादन ठप

10 इकाइयों को लगाने का कार्य तेजी पर

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए प्रयास जारी हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति आयात कर मांग पूरी की जा रही है। प्रदेश में 5255 मेगावाट की 10 नई इकाइयों को लगाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके अलावा 5120 मेगावाट की तीन बड़ी परियोजनाएं ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा द्वितीय पर भी काम जारी है। प्रदेश में नोएडा, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर और लखनऊ में विभाग की कई बड़ी परियोजनाएं शुरू होने जा रही हैं।

उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारामूला के गोहलान उरी सेक्टर में शनिवार तड़के घुसपैठ की कोशिश की गई। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। इसके बाद उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

अमरेंद्र पुलिस आयुक्त व शिरडकर बनाए गए एडीजी लखनऊ जोन

कई आईपीएस अधिकारियों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। लखनऊ व प्रयागराज के पुलिस आयुक्त भी बदले गए हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन बनाया गया है। अमरेंद्र कुमार सेंगर लखनऊ के नए पुलिस आयुक्त होंगे। लखनऊ के पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया है। लखनऊ के आईजी तरुण गाबा को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया गया है। राजेश द्विवेदी को एसपी कुंभ प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रेमचंद मीना को एडीजी पुलिस आवास निगम का प्रभार दिया गया है। प्रशांत कुमार द्वितीय को आईजी रेंज लखनऊ बनाया गया है। बिनोद कुमार सिंह एडीजी साइबर क्राइम और प्रकाश डी एडीजी रेलवे बनाए गए हैं। जय नारायन सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर नियुक्त किया गया है। एलवी एंटनी देव को एडीजी सीबीसीआईडी और रघुवीर लाल को एडीजी सुरक्षा के साथ एडीजी एसएसएफ की भी जिम्मेदारी दी गई है। के सत्यनारायण को एडीजी यातायात और बीडी पॉल्सन को एडीजी प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। विद्यासागर मिश्र को पुलिस अधीक्षक रामपुर नियुक्त किया गया है। यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा बनाया गया है।

एसबी शिरडकर

अमरेंद्र कुमार सेंगर

मूल्य स्थिर रखने को सरकार ने 71 हजार टन प्याज खरीदा

नई दिल्ली। सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के कुल लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश भागों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि मॉडल मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज खरीदा है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 74,071 टन प्याज खरीदा गया था। अधिकारी ने कहा, "इस वर्ष मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज खरीद की गति पिछले वर्ष के बराबर है। हालांकि, रबी उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है।" उन्होंने कहा कि सरकार मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन की खरीद का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्याज की कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार बफर स्टॉक से प्याज को रोकने या जारी करने का विकल्प अपनाएगी।

अवसर | मुख्यमंत्री का निर्देश, विभाग तैयार करे नियमावली

42 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की होगी भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में अब आपदा मित्र के रूप में होमगार्ड स्वयंसेवक तैनात होंगे। इसके लिए 42 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगाड्र्स विभाग को शीघ्र नियमावली तैयार करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क़ानून-व्यवस्था का विषय हो, आपदा काल हो या आम लोगों के सहयोग का अवसर, हर जगह होमगार्ड स्वयंसेवकों ने हर समय अपनी कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया है। होमगार्ड स्वयंसेवकों की सेवाभावना सराहनीय है। विभिन्न राज्यों में भी प्रदेश के होमगार्ड स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 76 हजार से अधिक पूर्णकालिक होमगार्ड स्वयंसेवक हैं। लगभग 75 हजार ड्यूटी पर तैनात हैं। इनमें से प्रति वर्ष लगभग चार हजार होमगार्ड सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वर्ष 2033 तक 42 हजार से अधिक होमगार्ड सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में नई नियुक्ति की प्रक्रिया समय से पूरी कर लेनी चाहिए। दो चरणों मे 21-21 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती करने का लक्ष्य लेकर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में सेवारत होमगार्डों को आपदा मित्र का प्रशिक्षण भी कराया जाय। होमगार्ड स्वयंसेवकों की 'फिजिकल फिटनेस' के लिए उनकी साप्ताहिक 'ड्रिल' भी कराई जाय।

शनिवार को सरकारी आवास पर होमगार्ड विभाग में स्वयंसेवकों की भर्ती को लेकर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से बनाया जाए समन्वय

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से तैनात आपदा मित्र के रूप में हमारे पास पहले से ही दक्ष 'मैनपॉवर' है। हमें इनका सदुपयोग करना चाहिए। आपदा मित्रों का प्रशिक्षण कराकर उन्हें होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करते हुए विधिक परामर्श प्राप्त किया जाय और शीघ्र नियमावली तैयार कराई जाय।

एक नजर

आचार्य लक्ष्मीकांत के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के जरिए मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मीकांत के निधन से अध्यात्म व साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। संस्कृत भाषा व भारतीय संस्कृति की सेवा के लिए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे।

तीन आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने शनिवार को तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। अपर महानिदेशक कारागार चित्रलेखा सिंह को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा बनाया गया है। विशेष सचिव वित्त समीर को अपर महानिदेशक कारागार बनाया गया है। विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा अमरनाथ उपाध्याय को राजस्व परिषद में सदस्य न्यायिक की जिम्मेदारी दी गई है।

बिजली व्यवस्था दुरुस्त करें अधिकारी: योगी

कहा- बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को न किया जाए परेशान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता दुरुस्त की जाए। बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को कतई परेशान न किया जाए। हर हाल में उपभोक्ताओं को समय पर सही बिजली बिल मुहैया कराया जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने में लगाया है, अब हमें अपना पूरा जोर गुणवत्ता पर देना होगा। बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है। जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं, उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाय। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार करे। सही बिल के लिए मीटर रीडर को जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर जोर देते हुए कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाय। स्मार्ट मीटर आज की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के बारे में जागरूक किया जाए।

अफसरों ने मुख्यमंत्री को गिनाई उपलब्धियां: मुख्यमंत्री के साथ बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने उपलब्धियां गिनाईं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति के घंटों में बढ़ोतरी हुई है। भीषण गर्मी के बावजूद केवल स्थानीय खराबी को छोड़ दें तो बीते 15 मार्च से 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं, वहीं दो साल में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। 2024 में अब तक 70 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। बिल जमा करने में कंज्यूमर टर्नअप शहरी इलाकों में करीब 92 प्रतिशत व ग्रामीण इलाकों में 51 प्रतिशत है। बिजली बिल का 40 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत काउंटर से व 30 प्रतिशत विभिन्न ई-वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो रहा है।

ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

सोशल मीडिया का उपयोग करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि रखरखाव कार्य के कारण अगर बिजली आपूर्ति बंद शटडाउन की जाती है तो कब और कितनी देर तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाय।

रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में लाएं कमी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में कमी लाई जाय। आवासीय, अनावासीय व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए रेंट एग्रीमेंट का सरलीकरण किया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यकता है।

अवध बस अड्डे से रखी जाएगी 900 बसों पर नजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिवहन निगम बस अड्डे पर बनाएगा कमांड कंट्रोल रूम

अमृत विचार: रोडवेज बसों की लाइव मॉनीटरिंग के लिए अवध बस अड्डे पर कमांड कंट्रोल सेंटर बनाया जायेगा। यहां से तकरीबन 900 बसों की ऑनलाइन निगरानी की जायेगी। प्रदेश का यह पहला क्षेत्रीय कंट्रोल कमांड सेंटर होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ आरके त्रिपाठी के अनुसार अन्य 19 जगहों पर भी कमांड सेंटर बनाए जायंगे, जहां से प्रदेश भर की बसों की निगरानी की जा सके।

अवध बस अड्डे पर सेंटर खुलने से यहां आने-जाने वाली बसों की लाइव मॉनिटरिंग में आसानी होगी। लखनऊ क्षेत्र में आने वाली तकरीबन 900 बसों पर यहां से नजर रखी जा सकेगी। ओवर स्पीडिंग, बस खराब होने, दुर्घटना ग्रस्त होने या किसी भी अन्य आपात स्थिति से आसानी से निपटा जा सकेगा। यहां से क्षेत्रीय प्रबंधक और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बस चालक और परिचालक से बात कर सकेंगे। यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत होने पर उसकी लाइव जानकारी मिल सकेगी। बताते चलें कि मुख्यालय पर पहले से ही कमांड कंट्रोल सेंटर मौजूद हैं जहां से प्रदेश भर की बसों की मानिटरिंग की जाती है। यूपीएसआरटीसी के प्रवक्ता अजीत सिंह के अनुसार निगम के 20 क्षेत्रों नोएडा, लखनऊ, प्रयागराज, आगरा, मेरठ और अयोध्या सहित अन्य जगहों पर इसे शुरू करने का प्रस्ताव है।

450 बसों का संचालन

अवध बस स्टेशन से 450 बसों का संचालन रोज होता है। आठ रूट गोंडा- बलरामपुर, बहराइच नानापारा, अयोध्या - देवरिया, अयोध्या -बलिया, आजमगढ़ - बलिया वाया पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, उन्नाव -झांसी और दिल्ली के लिए बसें चलाई जाती है।

287 हाजियों को लेकर पहुंची पहली उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दिन हज सम्पन्न होने के बाद हाजियों की वापसी का सिलसिला शनिवार को शुरू हो गया। 287 हाजियों को लेकर पहली उड़ान जब लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची तो राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा हाजियों के स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। उन्होंने सभी हाजियों को फूल देकर उनका स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश से इस साल 18,010 लोग हज करने गए थे। लखनऊ से जेद्दा की पहली उड़ान 9 मई को रवाना हुई थी। जिस क्रम से हज यात्रियों की रवानगी हुई थी उसी क्रम से हाजियों की वापसी भी होगी। सऊदी अरब से रोजाना हाजियों को लेकर उड़ान लखनऊ पहुंचेगी। आखिरी उड़ान 9 जुलाई को आएगी।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर हाजियों के रिश्तेदार और दोस्त मौजूद थे। हवाई अड्डे से बाहर आकर अपनों को तलाशते हाजियों के चेहरे अपने रिश्तेदारों को सामने पाकर खिल उठे। एक हाजी ने बताया कि बहुत शिद्दत की गर्मी थी। बहुत मुश्किल दिन थे। कई बार लगता था कि इस गर्मी से निबट पाना आसान नहीं, जान निकल जाएगी लेकिन साथ खैरियत अपने देश वापसी हो गई है। अच्छी बात यह कि हमारा हज पूरा हुआ। हमने अपने मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी। एक हाजी ने कहा कि इतनी गर्मी में बुजुर्ग की बात छोड़िये जवान को झेलना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि वहां जाकर यह अहसास हुआ कि किसी भी बुजुर्ग को हज पर अकेले नहीं जाना चाहिए। बहुत मुश्किल सफ़र है। इतनी गर्मी में रहकर हज पूरा कर लेना किसी चमत्कार से कम नहीं है। तमाम बुजुर्ग रास्ता भटक गए। कुछ लोगों की गर्मी से मौत हो गई। बहरहाल अंत भला तो सब भला। हम तो वापस आ गए।

चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेद्दा से लौटे हाजी। अमृत विचार

▸▸ राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने किया स्वागत

अमृत सरोवर विकसित करने में प्रदेश नंबर एक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ टॉप-10 में गाजियाबाद और सीएम योगी का गृह जनपद गोरखपुर भी

अमृत विचार: देश के विकसित हो चुके 70158 अमृत सरोवर में 21014 अकेले उप्र में बन चुके हैं, सरोवर विकास में उप्र. देश में नंबर एक पर है। प्रदेश में 'मिशन अमृत सरोवर' योजना के अंतर्गत अमृत सरोवर विकसित करने में गाजियाबाद टॉप पर और गोरखपुर चौथे नंबर पर है। अन्य जिलों को अमृत सरोवर विकास कार्य में गति लाने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी ने दिए हैं।

प्रदेश में 24 हजार 774 स्थानों पर प्रस्तावित अमृत सरोवरों में 21 हजार 14 अमृत सरोवर पर कार्य जारी है। इनमें 16 हजार 909 स्थानों 80 प्रतिशत कार्य के साथ लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है। अमृत सरोवर विकास अंतर्गत 57 हजार 691 ग्राम पंचायतों में कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलावार विकास कार्य में गाजियाबाद शीर्ष पर है। दूसरे पर महराजगंज बांदा तीसरे स्थान पर है। वहीं मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर चौथे नंबर पर है। नोएडा पांचवें, रामपुर छठवें, चित्रकूट सातवें, बागपत आठवें, मऊ नौवें और सोनभद्र दसवें स्थान पर है।

धीमी गति से कार्य करने वालों को चेतावनी

अमृत सरोवर विकसित करने में पिछड़ने वाले जिलों के अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी ने तेजी से कार्य करने की चेतावनी दी है। साथ ही उन्होंने वर्षा जल संचयन पर जोर देते हुए कहा कि जल संरचनाओं एवं अमृत सरोवर के कैचमेंट क्षेत्र का विकास कर पुनरूद्धार किया जाये, जिससे अमृत सरोवर एवं जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बनी रहे।

1 जुलाई से शुरू होगी सेना भर्ती रैली

शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्र व भाई को भी मिलेगा मौका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भारतीय सेना में अग्निवीर लिपिक पदों के लिए भर्ती रैली का आयोजन 1 जुलाई से किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। इस रैली में यूनिट हेडक्वार्टर्स कोटा (यूएचक्यू) के तहत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समेन, अग्निवीर खिलाड़ी (जो अभ्यर्थी जाट रेजिमेंटल सेन्टर में स्पोर्ट्स ट्रॉयल में भाग लिए थे) और अग्निवीर लिपिक पदों के लिए की जायेगी।

इसका आयोजन जाट रेजिमेंटल सेंटर (जेआरसी), बरेली में होगा। मध्य कमान सेना प्रवक्ता शांतनु प्रताप ने पूरा शेड्यूल जारी करते हुए बताया यह भर्ती रैली युद्ध विधवाओं के पुत्रों, जाट रेजिमेंट के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों, युद्ध के दौरान शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्रों तथा सगे भाइयों के लिये आयोजित की जायेगी। भर्ती रैली में अन्य रेजीमेन्टों के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिको, युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के भाई, पुत्र तथा कानूनी रूप से गोद लिए हुए बच्चों सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले सकते हैं । अभ्यर्थियों को प्रारंभिक जांच के लिए सभी दस्तावेजों के साथ प्रातः 4:00 बजे भर्ती स्थल जाट रेजीमेंटल सेंटर के जाट गेट पर पहुंचना होगा ।

4 को लखनऊ सहित इन जिलों में होगी भर्ती

4 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, अमेठी (छत्रपति शाहूजी महाराज नगर), अमरोहा (जेपी नगर), औरैया, आजमगढ, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कांशीराम नगर (कासगंज), कौशांबी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर (पड़रौना), ललितपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, चंदौली, देवरिया, फैजाबाद, चित्रकूट, एटा, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

5 को यहां होगी भर्ती

5 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपूर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बदायूं, भदोही, बुलन्दशहर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर, जालौन, हापुड़ (पंचशील नगर), पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, रायबरेली, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, मथुरा, शामली (प्रबुद्ध नगर), श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी, कानपुर देहात, बिजनौर और संभल (भीम नगर) के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जायेगी।

रिश्वत लेते वरिष्ठ पोस्ट मास्टर गिरफ्तार

अमृत विचार,लखनऊ: सीबीआई ने शनिवार को रिश्वत लेने के आरोप में आगरा के वरिष्ठ पोस्ट मास्टर सहित दो को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 25 अप्रैल 2024 को उसका स्थानांतरण प्रधान डाकघर से आगरा फोर्ट प्रधान कार्यालय में कर दिया गया। उसके खिलाफ एक विभागीय जांच भी लंबित थी। कर्मचारी ने आरोप लगाया कि सीनियर पोस्ट मास्टर देवेंद्र कुमार ने अवैध रूप से रुपये की मांग की।

शिकायतकर्ता के खिलाफ लंबित विभागीय जांच में अनुकूल रिपोर्ट और निर्णय देने और नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने से राहत देने के एवज में रिश्वत की मांग पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के माध्यम से की थी। शिकायतकर्ता से पहले एक लाख रुपये मांगे गए। बाद में कम करके 50 हजार मांगे। सीबीआई ने शिकायत मिलने पर जाल बिछाया और शुक्रवार को रिश्वत की रकम लेकर शिकायतकर्ता पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के पास पहुंचा और 20 हजार रुपये दे दिए। सीबीआई की टीम ने पहले पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया। इसके बाद सीनियर पोस्ट मास्टर को गिरफ्तार कर लिया।

किसानों को लेकर राज्य सरकार से होगी बात : त्यागी

प्रेस वार्ता के दौरान रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि सहयोगी दल होने के नाते रालोद किसानों एवं अल्पसंख्यकों की समस्याओं के निराकरण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार से सीधे बात करेगी।

पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रालोद किसानों एवं अल्पसंख्यकों की समस्या पर गम्भीर है, इनके मुद्दों के लेकर पार्टी सजग है और उचित फोरम पर बात रखेगी। साथ ही बताया कि बुन्देलखण्ड में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी की अध्यक्षता में सम्मेलन प्रस्तावित हैं, केन्द्रीय नेतृत्व की सहमति से तिथि घोषित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि संगठन को मजबूत करने और ब्लाक स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए जुलाई में संगठन की समीक्षा बैठक होगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र, प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल मौजूद रहें।

सदस्यता ग्रहण की

राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने राष्ट्रीय महासचिव की मौजूदगी में रालोद की सदस्यता ली। बुन्देलखण्ड विकास परिषद के अध्यक्ष अंचल अजेरिया, मौलाना फिरोज हुसैन, हरिओम शुक्ला, डॉ.रामप्रताप सिंह, शैलेन्द्र गोस्वामी, इसान अली, समेत अन्य लोगों ने सैकड़ों साथियों के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

50 लाख घूस मांगने पर आवास विकास के दो अधिकारी नपे

अमृत विचार, लखनऊ : आवास विकास के सम्पत्ति कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना घूस के आवंटन, रजिस्ट्री और नामांतरण आदि कोई काम नहीं होते। ऐसा ही एक मामला गाजियाबाद में सामने आया है। व्यावसायिक भूखंड आवंटन के लिए 50 लाख रुपये घूस मांगने का वीडियो वायरल होने के बाद अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने सहायक लेखाधिकारी राजकुमार को निलंबित कर दिया है वहीं सम्पत्ति प्रबंधक आनंद कुमार गौतम को हटाकर मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया है।

मामले की जांच मेरठ जोन के जोनल आयुक्त को सौंपी है। गाजियाबाद निर्माण खंड दो के अधिशासी अभियंता को दोनों अफसरों के आरोप पत्र तैयार करने का जिम्मा दिया गया है। सचिव ने यह कार्रवाई शुक्रवार को वीडियो क्लिप के आधार पर की। अधिकारियों का कहना है कि दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच अभी जारी है जिसमें उनकी संपत्ति और आय संबंधी अन्य विवरण एकत्रित किए जा रहे हैं।

नव नियुक्त डिप्टी जेलरों का प्रशिक्षण शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ: कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने शनिवार को कारागार मुख्यालय में नव-नियुक्त डिप्टी जेलरों के प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि डिप्टी जेलर कारागार की रीढ़ की हड्डी हैं और यह पद बहुत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के 75 नवनियुक्त डिप्टी जेलरों में 25 महिलाएं हैं, जिनमें से 33 डिप्टी जेलर ने जॉइनिंग दी और इनमें 11 महिलाएं हैं।

प्रमुख सचिव कारागार राजेश कुमार सिंह ने चयनित डिप्टी जेलरों के शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 33 डिप्टी जेलरों में से 12 बीटेक, 01 एमटेक, 04 बीए, 04 एमए, 10 बीएससी और 02 एमएससी हैं। उन्होंने बताया कि डॉ संपूर्णानंद संस्थान में अधिकारियों और जेल वार्डरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रमाशास्त्री मौजूद रहे।

नवनियुक्त डिप्टी जेलर को अभिनंदन पत्र देते कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान।

▸▸ मंत्री दारासिंह चौहान ने किया प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन

प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोजेक्ट एलीफेंट के लिए 5.31 करोड़

अमृत विचार,लखनऊ: प्रदेश में टाइगर व एलिफेंट रिजर्व्स में जीव-जंतुओं के संरक्षण के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विकास कार्य जारी है।

जल्द ही बाघों व हाथियों के संरक्षण के लिए अन्य परियोजनाएं शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 'प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोजेक्ट एलीफेंट' के लिए 5.31 करोड़ की धनराशि भी जारी की गई है। आवंटित धनराशि के जरिए मशीनों, संयंत्रों व उपकरणों के क्रय तथा निर्माण कार्यों की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

महिलाएं असुरक्षा के साए में:अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट से साफ हो गया है कि प्रदेश में महिलाएं असुरक्षा के साए में जीने को विवश हैं।

यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि आयोग की रिपोर्ट में इस वर्ष 12,648 शिकायतें मिलने का खुलासा हुआ है।

सुभासपा की सभी कार्यकारिणी भंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लोकसभा चुनाव में हार के बाद ओम प्रकाश राजभर ने लिया बड़ा निर्णय

अमृत विचार: राज्य सरकार में मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी(सुभासपा) के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने पार्टी के अंदर सभी ईकाईयां भंग कर दी है। उन्होंने प्रांतीय पदाधिकारी, मण्डल, जिला, विधानसभा और ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी को भंग करते हुए कहा कि उप्र.विधानसभा चुनाव 2027 के लिए नए संगठन का गठन किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करने के बाद शनिवार को ओम प्रकाश राजभर ने पार्टी की सभी कार्यकारिणी भंग कर दी है। उन्होंने कहा कि अब नई ऊर्जा के साथ नए संगठन का गठन किया जाएगा।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि नए सिरे से पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा, संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव स्तर पर कार्यकर्ताअं को जोड़ा जाएगा। प्रवक्ता अरुण राजभर ने बताया है कि पार्टी पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए नये सिरे से कमेटियों का गठन करेगी। जिसमें ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी वर्गों के खासकर दलित व पिछड़े वर्ग को शामिल किया जाएगा।

सफलता पूरे जोन को मिलाकर कुल 6 हजार गैंगेस्टर पर की थी कार्रवाई

एडीजी रहते जोन को किया माफिया विहीन

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ के नवागत पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर का पूर्व में कार्यकाल प्रभावी रहा है। उन्होंने बतौर एडीजी अपने कार्यकाल में ही लखनऊ जोन को अंतर्राज्यीय माफिया से विहीन कराया। स्थिति यह हुई कि स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरों में पहली बार लखनऊ जोन से एक भी अंतर्राज्यीय अपराधी का डाटा नहीं जारी हुआ। अर्थात लखनऊ जोन में अंतर्राज्यीय स्तर का एक भी अपराधी नहीं बचा। यही नहीं, एडीजी जोन रहते-रहते कुल 6 हजार गैंगस्टरों पर कार्रवाई कराई। शासन द्वारा चिन्हित 65 माफिया में पांच माफिया लखनऊ जोन से थे। अपने कार्यकाल में ही पांचों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भिजवाया और करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कराई।

गृह विभाग व पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि माफिया उन्मूलन की कार्रवाई में अमरेंद्र कुमार ने शासन के मंशानुरूप उत्तम कार्य किया। जोन स्तर पर की जा रही कार्रवाईयों की चर्चा भी शासन में खूब हो रही थी। लखनऊ जोन में अंबेडकरनगर सर्वाधिक बदनाम जिला हुआ करता था। यहां पर इस तरह कार्रवाई की गई कि इस जिले में अंतरजनपदीय और अंतरपरिक्षेत्र स्तर का एक भी माफिया जेल से बाहर नहीं है। यही नहीं, खीरी में जहां सैकड़ों अपराधी खुलेआम घूम रहे थे, वहां अब अपराधियों की संख्या एक बची है, वह भी फरार है। सुलतानपुर में अंतरपरिक्षेत्रीय अपराधियों की संख्या मात्र एक है। एक समय यहां पर 50 अपराधी खुलेआम घूम रहे थे।

अमरेंद्र कुमार सेंगर

▸▸ लखनऊ जोन में चिन्हित पांचों माफिया को जेल भिजवाया

911 करोड़ की संपत्ति कुर्क कराई

अमरेंद्र कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान ही 658 गैंगेस्टरों की 911 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करवाई। शासन द्वारा पूरे प्रदेश में कार्रवाई के लिए 65 माफिया चिन्हित किए गए थे। जिसमें से लखनऊ जोन के पांच माफिया खान मुबारक (अंबेडकरनगर), संजय सिंह सिंघला (बाराबंकी), अतुल वर्मा (बाराबंकी), अजय सिपाही (अंबेडकरनगर) एवं शहीम उर्फ कासिम (बाराबंकी) के खिलाफ न सिर्फ कार्रवाई की बल्कि इनकी संपत्तियों का पता लगाकर कुल 50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई।

हार के कारणों पर आज मंथन करेंगी मायावती

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ बसपा ने समीक्षा बैठक में बुलाए देश भर के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद बसपा प्रमुख मायावती रविवार को पहली बार पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। इसके लिए देश भर से वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं के साथ ही विभिन्न प्रांतों में पार्टी पदाधिकारियों को पार्टी कार्यालय में बुलाया गया है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया कि माल एवेन्यू स्थित कार्यालय में 18 वीं लोकसभा आमचुनाव के परिणाम पर समीक्षा की जाएगी, साथ ही आगे की तैयारियों के लिए बसपा प्रमुख निर्देश दिए जाएंगे। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव में बिना गठबंधन किए बसपा ने अकेले चुनाव लड़ा था और सभी 80 सीटों पर सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर अमल करते हुए अपने प्रत्याशी उतारे, बावजूद उप्र. में पार्टी को एक भी सीट पर विजय नहीं मिली, इतना ही नहीं पार्टी का मत प्रतिशत भी गत चुनाव की अपेक्षा घट गया है, आदि तमाम विषयों पर चर्चा की जाएगी। हालांकि हर सीट पर संबन्धित प्रभारियों द्वारा रिपोर्ट पार्टी को सौपी जा चुकी है, मंथन करने के बाद बैठक बुलाई गई है।

पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ पौधरोपण जमीन पर किया होता तो गर्मी से इतना बुरा हाल न होता

अमृत विचार: सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के सभी दावे झूठे और कागजी हैं। पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला बन गया है। भाजपा सरकार अब तक जितने पौधे लगाने का दावा करती आई है अगर उनका जोड़ हो तो प्रदेश में कोई जगह अब अगले पौधरोपण के लिए नहीं बची है। भाजपा का पौधरोपण महज एक कागजी कार्रवाई बन कर रह गया है।

उन्होंने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा, मुख्यमंत्री, 2023 में 36 करोड़ 15 लाख से अधिक पौधारोपण का दावा करते है। इसके पहले 2022 में 35 करोड़ से ज्यादा, 2021 में 30 करोड़ से ज्यादा, 2020 में 25 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाने का दावा किया गया है। इससे पहले भी हर साल पौधारोपण के बड़े-बड़े दावे किये गये है लेकिन ये पौधे कहां लगाये गये हैं इसका कोई विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जाता है। सपा प्रमुख ने कहा भाजपा सरकार ने फाईलों की जगह अगर पौधारोपण जमीन पर किया होता तो भीषण गर्मी से जनता का इतना बुरा हाल न होता।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

मौसम

तापमान बढ़ने की संभावना, उमस परेशान करेगी

39.8°	30.4°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ओलंपिक डे रन और खिलाड़ियों का सम्मान समारोह- 7:00 बजे।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में केरल और उत्तर प्रदेश दृष्टिबाधित टीम का क्रिकेट मैच- 8:00 बजे।
- सीतापुर रोड प्रियदर्शिनी कालोनी में लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से लोक चौपाल का आयोजन-10:00 बजे।
- अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में अशोक सिंघल लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड, पद्मश्री बाबा योगेन्द्र कलाश्री सम्मान समारोह, उत्कृष्ट कलाकृति सम्मान समारोह- 12:00 बजे।
- चौक स्टेडियम में लखनऊ फुटबॉल लीग को लेकर बैठक- 3:00 बजे।
- गोमतीनगर स्थित उर्दू अकादमी प्रेक्षागृह में उड़ान लता मंगेशकर सम्मान- 4:00 बजे।

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित ग्रीष्मकालीन संगीत अभिरुचि कार्यशाला के समापन समारोह में शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करते विद्यार्थी। अमृत विचार

हारमोनियम बजाया, गाया राग यमन, ठुमरी पर थिरके कदम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में 15 मई से 22 जून तक चली गायन, वादन व नृत्य की कार्यशाला में प्रशिक्षित प्रतिभागियों की प्रतिभा का प्रदर्शन शनिवार शाम विश्वविद्यालय के कला मंडपम प्रेक्षागृह में किया गया।

कृतिका त्रिपाठी के निर्देशन में शास्त्रीय गायन हुआ। राग यमन में कलाकारों ने 'सदा शिव भज मना नीष दिन' को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। अभिषेक त्रिपाठी के निर्देशन में 'भजमन करुणा निधान' भी पसंद किया गया। सगुन शुक्ला ने वायलिन, मनोज कुमार ने सितार, कृष्ण कुमार मौर्या ने हारमोनियम, तुषार सहाय ने तबला, आशु कांति सिन्हा ने बांसुरी, आशीष मिश्रा ने ढोलक, शिवम पाण्डेय ने कीबोर्ड, हरिओम शुक्ला के निर्देशन में कलाकारों ने गिटार पर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

तुलसी मिश्रा के निर्देशन में नृत्यांगनाओं ने कथक में तीन ताल ने ठाट, आमद, तिहाई, टुकड़े, ठुमरी को प्रस्तुत किया। शिवम अवस्थी के निर्देशन में भरतनाट्यम और पायल सक्सेना के निर्देशन में मणिपुरी नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय, शास्त्रीय गायक पं. रामेश्वर प्रसाद मिश्र, तबला वादक पं. रविनाथ मिश्र और रवि राज शंकर भी मौजूद रहे।

वृंदावन योजना में नीलामी से भूखंड बेचेगा आवास विकास

भूखंडों के दाम तीन गुना तक बढ़ने की संभावना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: मध्यम और अल्प आय वर्ग के लोगों के लिए आवास एवं विकास परिषद की वृंदावन योजना में घर बनाना आसान नहीं होगा। परिषद इस योजना के भू-खंडों को नीलामी से बेचने की योजना बना रहा है।नीलामी में प्लाट के रेट दो गुना से ज्यादा बढ़ने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि बिल्डरों और प्रापर्टी डीलरों को फायदा पहुंचाने के लिए नीलामी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

आवास विकास परिषद ने जमीन के दाम 10 फीसदी तक बढ़ा दिए थे। इससे उसे ग्राहक नहीं मिल पा रहे थे। इसके बाद परिषद ने पंजीकरण के जरिए प्लाट आवंटन की व्यवस्था शुरू की। इसके बाद खरीदार मिलने लगे थे। पंजीकरण व्यवस्था पारदर्शी होने से भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी कम थी।

वृंदावन योजना सेक्टर- 20 के लगभग 366 भूखंडों को भी पंजीकरण के आधार पर बेचा जाना था। इनमें 137 वर्गमीटर के 310 और 200 वर्गमीटर के 56 भूखंड हैं। अब इन भूखंडों को भी परिषद ने नीलामी से बेचने की तैयारी कर ली है। नीलामी से भूखंड कराने के पीछे अधिक परिषद को अधिक आय होने का तर्क दिया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि परिषद की कीमती जमीनों पर रियल एस्टेट कारोबारियों की नजर है। नीलामी में वह बढ़कर बोली लगाकर प्लाट हासिल कर लेंगे। इसके बाद मनमाने दामों पर बेचेंगे।

पंजीकरण खोलने के लिए मुख्यालय भेजा गया था प्रस्ताव

आवास विकास के वृंदावन योजना स्थित अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लखनऊ ने सेक्टर- 20 में 366 भूखंडों का पंजीकरण खोलने के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा था। लगभग एक महीने से मुख्यालय में इस पर मंथन चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि इन भूखंडों का पंजीकरण न खोलकर नीलामी से बेचने की तैयारी है। नीलामी से भूखंड व मकान बेचने पर निर्धारित दर से बोली दोगुना तक पहुंच जाती है।

गरीबों के मकान नीलामी से बेच रहा परिषद

आवास विकास ने व्यवसायीकरण की दौड़ में निजी बिल्डर्स को भी पीछे छोड़ दिया है। परिषद की योजनाओं में गरीबों के लिए आरक्षित भूखंड और मकान भी नीलामी से बेचकर कमाई कर रहा है। पुरानी योजनाओं में नए सृजित किये गए भूखंड और मकान भी नीलामी से बेच रहा है। जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को योजना में मकान व भूखंड खरीदने के लिए दोगुनी कीमत चुकानी पड़ रही है।

> वृंदावन योजना के भू-खंडों की नीलामी का कोई प्रस्ताव अभी तक मुझे नहीं मिला है। पंजीकरण फिलहाल नहीं खोला गया है।
>
> -डॉ नीरज शुक्ला, अपर आवास आयुक्त एवं सचिव, उप्र आवास एवं विकास परिषद

15 अगस्त से देवपुर पारा योजना में बुक कराएं मकान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- एलडीए 5,00 मकानों के लिए खोलेगा पंजीकरण, नौ टॉवर में 1560 फ्लैट बनेंगे
- मंडलायुक्त ने की एलडीए की परियोजनाओं की समीक्षा

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण की देवपुर पारा योजना में 15 अगस्त से मकानों की बुकिंग शुरू हो जाएगी। 5,00 मकानों के लिए प्राधिकरण पंजीकरण खोल देगा। इस योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमएमआईजी के नौ आवासीय टावर में 1560 फ्लैट बनाए जाएंगे। ईडब्ल्यूएस के तीन टावर 15 अगस्त तक तैयार हो जाएंगे। ये जानकारी शनिवार को अभियंत्रण और हेरिटेज जोन के कार्यों की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने दी। इस दौरान मंडलायुक्त और उपाध्यक्ष ने ई-नीलामी में बोली लगाने वाले आवंटियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए।

प्राधिकरण भवन के रूद्राक्ष सभागार में हुई समीक्षा बैठक में उपाध्यक्ष ने बताया कि एलडीए ने इस बार ई-नीलामी में 240 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की व्यावसायिक व आवासीय संपत्ति बेची है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल के कार्यों की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने म्यूजियम ब्लॉक तथा वाटर बॉडी आदि का कार्य अगले माह तक पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समय से कार्य पूरा न करने पर ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के साथ फर्म को डिबार कर दिया जाएगा। मंडलायुक्त ने ग्रीन कॉरिडोर के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

जुरासिक पार्क में जल्द कर सकेंगे सैर

गोमती नगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में बन रहे जुरासिक पार्क में जल्द सैर कर सकेंगे। इसका लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रोजेक्ट पूरा करके इसे लोगों के लिए खोल दिया जाए। बेगम हजरत महल पार्क व ग्लोब पार्क में कराये जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्य भी अगले महीने तक करा लिए जाएं।

सैरपुर में मजदूरों के दबने के मामले की एलडीए करेगा जांच

अमृत विचार, लखनऊ : जिला प्रशासन ने सैरपुर छठा मील रैथा रोड पर मिट्टी ढहने से मजदूरों के दबने की जांच एलडीए को सौंपी है। एसटीपी निर्माण के दौरान मिट्टी में दबने से एक मजदूर की मौत हो गई थी और तीन घायल हो गए थे। एसडीएम बीकेटी सतीश त्रिपाठी ने एलडीए को पूरे प्रकरण की जांच करने के लिए पत्र लिखा है। एसडीएम के अनुसार जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। अलीगंज सीतापुर रोड योजना निवासी बिल्डर मयूर जायसवाल सहाय एन्क्लेव कॉलोनी में एसटीपी के लिये निर्माण करा रहे थे। मजदूर 20 फीट नीचे मिट्टी के किनारे दीवार बना रहे थे। मिट्टी धसकने से मजदूर मलबे में दब गये थे। बीकेटी थाने में मजदूर वचनेश ने बिल्डर मयूर जायसवाल व मुंशी कल्लू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

अकबर नगर के विस्थापितों को मिलेगा रोजगार

मंडलायुक्त ने एलडीए उपाध्यक्ष को दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: अकबर नगर बस्ती से बसंतकुंज योजना में विस्थापित हुए लोगों को आवास मुहैया कराने के बाद एलडीए उनके लिए रोजगार संसाधन भी उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा वहां रहने वाले लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों का सामान उपलब्ध कराने के लिए दुकानों की व्यवस्था भी कराई जाएगी। ये निर्देश शनिवार को मंडलायुक्त रोशन जैकब ने एलडीए उपाध्यक्ष को दिए।

कहा कि विस्थापितों में तकनीकी दक्षता वाले श्रमिक भी शामिल हैं। इनकी कुशलता के आधार पर उन्हें रोजगार देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाए। आवागमन के लिए इस क्षेत्र को सिटी बस सेवा से जोड़ा जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि, विस्थापित होकर आए लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट है। इन लोगों में बड़ी संख्या में मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, टेलर, कारपेंटर जैसे कुशल श्रमिक हैं।

ऐसे लोगों को रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कराई जाए। बसंतकुंज योजना में आबादी बढ़ी है। इन लोगों को रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए परेशान न होना पड़े। इसके लिए आबादी के अनुपात में दुकानें बनाई जाएं। इससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

समीक्षा बैठक में एलडीए अधिकारियों को निर्देश देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर के आदेश

बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-एन में पूर्व में निर्मित किये गये 2256 प्रधानमंत्री आवासों में से दो ब्लॉक का कार्य अधूरा होने पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने पर मेसर्स प्रताप हाईट्स के खिलाफ तत्काल एफआईआर कराने का आदेश दिया। मंडलायुक्त ने कहा कि योजना का कार्य देख रहे अवर अभियंता को चार्जशीट दी जाए।

सीएमएस ऑडिटोरियम में गुलाब की पंखुड़ियां डालकर भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते राजनाथ सिंह। अमृत विचार

एक नजर

मृतक आश्रित धरने में एक की तबीयत बिगड़ी

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन निगम मुख्यालय पर मृतक आश्रित में भर्ती को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों में शिवम नाम के व्यक्ति की तबीयत शनिवार को अचानक बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ते ही तत्काल 108 नंबर पर काल कर एंबुलेंस बुलाई गई और उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर पांच घंटे तक चले इलाज के बाद दोपहर 2 बजे उसे घर के लिए भेज दिया गया। मृतक आश्रित शिवम ने बताया कि पांच दिनों से धरने पर बैठे हैं। गर्मी के चलते अब तक कई लोगों की तबीयत खराब हो चुकी है। इसके बावजूद निगम प्रबंधन की ओर से कोई राहत नहीं मिली है।

पूर्वोत्तर रेलवे ने शुरू किया वॉर रूम

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल नियंत्रक कार्यालय में यात्रियों की सुविधा के लिए वॉर रूम स्थापित किया गया है। सोशल मीडिया पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण होगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में रेल मदद पोर्टल पर त्वरित समय सीमा के अंदर रेल यात्री शिकायतों का समाधान करने के लिए इसकी स्थापना की गई। रेलवे ने "शिकायत निवारण प्रबंधन प्रणाली" को डिजिटल बनाते हुए ''रेल मदद'' "एप" जारी किया था। एप यात्रियों की शिकायतों को पंजीकृत कर निवारण की स्थिति के बारे में लगातार जानकारी मुहैया कराता है। यात्री को मोबाइल "एसएमएस" के जरिये शिकायत संख्या तुरंत उपलब्ध कराई जाती है जिसके बाद रेलवे द्वारा समाधान के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी एसएमएस के माध्यम से दी जाती है।

लाचार व्यवस्था | चिकित्सा संस्थानों की अपेक्षा 20 फीसदी तक अधिक किया जा रहा है भुगतान

सरकारी अस्पतालों में महंगी खरीदी जा रहीं दवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 21 वर्षों से चल रही टेंडर प्रक्रिया में दो ही कंपनियां होती हैं शामिल
- लोकबंधु, सिविल, बलरामपुर अस्पताल में साल में करोड़ों की खरीद

अमृत विचार : दवाओं की लोकल पर्चेज (एलपी) की 21 साल पुरानी प्रक्रिया के कारण दवाएं टेंडर में शामिल कंपनियां महंगे दामों पर आपूर्ति कर रही हैं। नियमों में संशोधन न होने के कारण दो कंपनियों को ही हर साल टेंडर मिलता है। यह कंपनियां मनमाने दरों पर दवा की आपूर्ति करती हैं। इस बार फिर उन्हीं कंपनियों को टेंडर मिलने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार लोकबंधु, सिविल और बलरामपुर अस्पताल में लोकल पर्चेज के लिए 11 करोड़ रुपये का सालाना बजट है। इसमें बलरामपुर अस्पताल का बजट सिर्फ आठ करोड़ है। सिविल का डेढ़ करोड़ और लोकबंधु का 60 लाख का बजट है। इसमें हाईकोर्ट समेत इंडोर एलपी शामिल है। जानकारों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया वर्ष 2003 से शुरू कराई गई थी, तब से दो ही कंपनियों को टेंडर मिल रहा है।

तीसरी कंपनी को टेंडर में शामिल न करने का आरोप है। ध्यान देने वाली बात दोनों कंपनियां दवाओं के प्रिंट रेट से महज 10 प्रतिशत छूट पर दवाएं आपूर्ति कर रही हैं। सिविल-लोकबंधु अस्पताल में इनमें से एक ही कंपनी दवा की आपूर्ति कर रही है। अस्पताल प्रभारियों का कहना है हर बार टेंडर में एक ही कंपनी होती है, इसलिए उसी से ही दवा की आपूर्ति लेना मजबूरी है।

संस्थानों में 30 प्रतिशत छूट पर ली जा रहीं दवाएं

सरकारी अस्पतालों में प्रिंट रेट से 10 प्रतिशत छूट पर दवाएं ली जा रही हैं। किंतु सरकारी संस्थानों केजीएमयू, पीजीआई, लोहिया संस्थान में कंपनियां एलपी दवाओं की आपूर्ति करीब 30 प्रतिशत छूट पर कर रही हैं।

इससे ज्यादा छूट मेडिकल स्टोर पर

जानकारों का आरोप है कि अस्पतालों में करोड़ों की दवाओं की आपूर्ति करने वाली कंपनी अपने निजी मेडिकल स्टोरों पर 15 से 20 प्रतिशत कम रेट पर दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। जबकि अस्पतालों को महज 10 प्रतिशत की ही छूट दे रहे हैं।

आचार संहिता की वजह से टला था नया टेंडर

हर साल मार्च माह में एलपी दवाओं का टेंडर किया जाता है। आचार संहिता लगी होने की वजह से इस बार अभी नया टेंडर अस्पताल प्रभारियों जरिए नहीं किया जा सका। अब इसी माह में नया टेंडर अस्पताल अपने स्तर से करा रहे हैं। जिसकी तैयारी अस्पताल प्रभारियों ने कर रखी है। आरोप है नियमों में संशोधन न होने की वजह से इस बार भी पुरानी कंपनियां दवा आपूर्ति का ठेका पाएंगी।

रक्षा मंत्री से मिले व्यापारी नेता

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में शनिवार को व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। संदीप ने जीत की बधाई देते हुए जीएसटी की विसंगतियां और व्यापारियों को सम्मान देने का मुद्दा उठाया। कहा कि 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस भामाशाह जयंती पर जनपदों में भी कार्यक्रम कर व्यापारियों को सम्मानित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने राजनाथ सिंह को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, लखनऊ वरिष्ठ महामंत्री राजीव कक्कड़ आदि शामिल रहे।

रुकने नहीं दूंगा लखनऊ का विकास : राजनाथ

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- कार्यकर्ताओं की प्रशंसा के लिए शब्द नहीं, शीश झुकाकर अभिनंदन करता हूं

अमृत विचार : मुझे वोट कितने मिले, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण लखनऊ का विकास है। विकास की गति रुकने नहीं दूंगा, यह विश्वास दिलाता हूं। हमारा प्रयास होगा कि हमारा लखनऊ पांच साल में भारत के तीन बड़े शहरों की कतार में खड़ा हो। यह बात गोमती नगर विस्तार स्थित सीएमएस ऑडिटोरियम में शनिवार को आयोजित भाजपा कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने कही।

राजनाथ ने कहा कि चुनाव में भरपूर गर्मी के बावजूद कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी को विजय दिलाने के लिए परिवार की आवश्यकताओं की परवाह नहीं की। कार्यकर्ताओं की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। प्रशंसा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं, मैं शीश झुकाकर सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूं। सांसद रहूं या न रहूं लखनऊ को विकसित बनाने का कार्य करता रहूंगा। 5 से 10 साल लोग मेरी बात लखनऊ के विकास के लिए अवश्य सुनेंगे। उन्होंने कहा कि अटल जी का जन्म शताब्दी समारोह भव्य तरीके से मनाया जाए। उन्होंने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं से कहा कि इसकी चिंता अभी से करें।

एक नजर

डंपर की टक्कर से तीन खंभे और बाइक क्षतिग्रस्त

अमृत विचार, सरोजनीनगर : क्षेत्र में बेकाबू डंपर की टक्कर से बिजली के तीन खंभे और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक डंपर छोड़कर भाग गया। पुलिस के मुताबिक, गौरी निवासी बृजभान रावत एडवोकेट ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया शुक्रवार सुबह करीब 8 :30 बजे घर के बाहर बैठे थे। तभी मौरंग लोड डंपर के चालक ने बिजली के खंभे में टक्कर मार दी। इससे तीन पोल टूट गए और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि वह बाल बाल बचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया है। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

तीन बच्चों के साथ मायके को निकली महिला लापता

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सुसराल से मायके निकली महिला अपने तीन बच्चों के साथ लापता हो गई। पीड़ित पति ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, सरोजनीनगर क्षेत्र निवासी पीड़ित पति ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उसकी पत्नी 15 जून को तीन बच्चों के साथ मायके जाने की बात बोल कर घर से निकली थी। लेकिन पत्नी व बच्चे मायके नहीं पहुंचे। पत्नी के मोबाइल पर फोन किया तो स्विच ऑफ मिला। तलाश के दौरान सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला कि स्कूटर इण्डिया चौराहा और चारबाग रेलवे स्टेशन के पास बिजनौर के नटकुर निवासी पियूष नामक युवक के साथ पत्नी और बच्चे दिख रहे हैं। पीड़ित ने परिजन के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

पति के खिलाफ प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई

अमृत विचार तालकटोरा : थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पति के खिलाफ प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशियाना क्षेत्र के रतन खंड निवासी हिबा खान ने बताया उसकी शादी एक वर्ष पहले धनिया महरी पुल निवासी शोएब शेख से हुई थी। शादी के बाद पति ने 25 लाख रुपये व चेन की मांग की। मायके वालों ने मांग पूरी कर पाने में असमर्थता जताई तो मारपीट करने लगे। इससे गर्भपात हो गया। इंस्पेक्टर ने बताया मामला दर्ज किया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

दिव्यांगों को नाउम्मीदी के दौर से निकाल रहा केजीएमयू का लिंब सेंटर

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

अमृत विचार : ये बानगी भर है। ऐसे हजारों लोग हैं जिनकी उम्मीदों की डोर को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) का लिंब सेंटर टूटने नहीं दे रहा है।

केजीएमयू में फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग के प्रमुख प्रो.अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि लिंब सेंटर में कृत्रिम अंग बनाने का काम 1972 से किया जा रहा है। यहां रोजाना कई तरह के केस आते हैं। किसी का हाई शुगर के चलते पैर या हाथ सड़ा होता है तो किसी का पैर इन्फेक्शन के चलते काटना पड़ता है। ज्यादातर सड़क दुर्घटना में घायल लोग आते हैं जिनके अंग भंग होते हैं। सबसे पहले उनके पैर या हाथ को सही रूप दिया जाता है। इसके बाद भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग में नाप लेने के बाद कृत्रिम अंग तैयार किए जाते हैं। फिर अंग पहनने और उसके इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी जाती है।

केस- 1

रायबरेली निवासी 13 वर्षीय किशोरी के जन्म से ही दोनों पैर पूर्ण रूप से विकसित नहीं हुए थे। 23 अगस्त 2023 को उसे केजीएमयू के लिंब सेंटर लाया गया। चिकित्सकों ने सितंबर को पहला और 27 सितंबर को दूसरा ऑपरेशन किया। पैरों की नाप लेकर कृत्रिम पैर बनाए गए।

केस- 2

शादी के तीसरे दिन हादसे के कारण चित्रकूट की रहने वाली 28 वर्षीय युवती का पैर काटना पड़ा। ससुराल और मायके पक्ष के लोग अवसाद में आ गए। चित्रकूट से उसे लिंब सेंटर रेफर किया गया। यहां इलाज के बाद पैर की नाप लेकर कृत्रिम पैर तैयार कर उसे चलने की ट्रेनिंग दी गई।

वर्कशॉप में कृत्रिम पैर को तैयार करता कर्मचारी और शोकेस में रखे कृत्रिम अंग। अमृत विचार

निजी कंपनियों में बने कृत्रिम अंगों से 90 फीसदी तक सस्ते

प्रो .अनिल ने बताया कि यहां चार से 6 हजार रुपये में पैर व अन्य अंग बन जाते हैं। निजी कंपनियों में बनने वाले ऐसे अंगों की कीमत 50 से 60 हजार तक की होती है। गरीबों के लिए सरकारी फंड और निजी संस्था के माध्यम से मुफ्त में भी अंग लगाए जाते हैं।

> हर महीने 500-600 दिव्यांगजनों को सेवाएं दी जा रही हैं। विभाग में दूर दूर से आने वाले सभी दिव्यांगजनों को हरसंभव सेवा देने के लिए विभाग हमेशा तत्पर है।
>
> **-शगुन सिंह, प्रभारी, प्रोस्थेटिक ऑर्थोटिक वर्कशॉप**

डायलिसिस में लापरवाही पर संविदा नर्सिंग अफसर की सेवा समाप्त

तीमारदारों से अभद्रता भी की थी, अन्य स्टाफ को हिदायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोहिया संस्थान की डायलिसिस यूनिट में मरीज का खून बहने के मामले में संविदा नर्सिंग अफसर की लापरवाही सामने आई है। जांच के बाद उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए स्टाफ को कड़ी हिदायत भी दी गई है।

बस्ती जिले के खरहटिया गांव निवासी चन्द्रशेखर पाठक को किडनी संबंधी परेशानी है। उनकी डायलिसिस होती है। 18 जून को डायलिसिस के लिए परिजन नेफ्रोलॉजी विभाग लाए थे। डायलिसिस के दौरान लापरवाही बरतने से खून की नली निकल गई थी। बेड पर बिछी चादर और मरीज का कुर्ता-बनियान खून से भीग गए थे।

परिजन की शिकायत के बावजूद काफी दे तक नली को जोड़ा नहीं गया। ज्यादा खून बह जाने की वजह से मरीज बेहोश हो गया था। मरीज के भाई चंद्रभूषण पाठक ने संस्थान निदेशक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने मामले की जांच कराई गई। उन्होंने बताया कि जांच में संविदा पर तैनात महिला नर्सिंग आफीसर की गलती सामने आई है। उसने परिजन से अभद्रता भी की थी। लापरवाही और तीमारदारों से अभद्रता पर उन्हें नौकरी से हटा दिया गया है।

तीमारदारों के भरोसे डायलिसिस यूनिट

लोहिया संस्थान की डायलिसिस यूनिट सिर्फ तीमारदारों भरोसे चलती है। इस घटना के बाद खुलासा हुआ है कि डायलिसिस शुरू होने के बाद टेक्नीशियन, कर्मचारी व अन्य मेडिकल स्टाफ गायब हो जाते हैं। तीमारदारों को भी बाहर कर दिया जाता है। लेकिन तीमारदार बीच-बीच में आकर मरीज स्थिति देख सकता है। सूत्रों का कहना है कि डायलिसिस के टेक्नीशियन व कर्मचारी निजी सेंटर से जुड़े हैं। वे तीमारदारों को बरगलाकर मरीज को निजी सेंटर में शिफ्ट कराकर डायलिसिस कमाई करते हैं।

डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करते नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

डॉक्टर ने नर्सिंग स्टाफ को नहीं मारा था थप्पड़

डॉ. वरुण के बचाव में आगे आए फैकल्टी फोरम ने आरोप को बताया गलत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्डियोलॉजी की ओटी में गुरुवार को मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई थी। ऑपरेशन के दौरान नर्सिंग स्टाफ लापरवाही बरत रहा था, इसलिए सर्जन डॉक्टर वरुणा वर्मा ने उसे बाहर जाने के लिए कहा था। थप्पड़ मारने का आरोप बेबुनियाद है। ये बात शनिवार को हुई प्रेसवार्ता में फैकल्टी फोरम के अध्यक्ष डॉ. अमिताभ आर्य ने कही।

डॉ. अमिताभ ने कहा कि नर्सिंग एसोसिएशन के दबाव में संस्थान प्रशासन ने डॉक्टर का पक्ष जाने बिना जांच समिति बना दी। डॉ. वरुणा ने पत्रकारों को बताया कि ऑपरेशन के दौरान हार्ट लंग मशीन की ट्यूबिंग को क्लैंप करने के लिए ट्यूब क्लैंप मांगा था, लेकिन नर्सिंग स्टाफ ने एओर्टिक क्रॉस क्लैंप दे दिया। दोबारा ट्यूब व क्लैंप मांगने पर भी सही उपकरण नहीं दिए। इससे नाराज होकर दूसरे सहायक को असिस्ट करने के लिए कहा था। नर्सिंग स्टाफ तुरंत छोड़ कर चला गया। कुछ देर बाद पता चला कि यह लोग प्रशासनिक भवन पर बवाल कर रहे हैं। नर्सिंग स्टाफ ने इसे अपमानजनक मानते हुए थप्पड़ जड़ने का आरोप लगा दिया।

एनएसए का 28 से कार्य बहिष्कार का एलान

नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन के महामंत्री विवेक सागर और अध्यक्ष लता सचान का कहना है कि नर्सिंग स्टाफ को डॉक्टर ने थप्पड़ मारा था। फैकल्टी फोरम मामले को घुमाने के लिए गुमराह कर रहा है। एनएसए आरोपित संकाय सदस्य के निलंबन की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। एक घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार 25 से 27 जून सुबह 10 से 11 बजे तक होगा, इसके बाद 28 जून से न्याय न मिलने तक पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

जांच समिति ने भी कहा, मारपीट नहीं हुई

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्डियोलॉजी की ओटी में हुए विवाद की जांच के लिए निदेशक ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई थी। कमेटी ने जांच पूरी कर ली है। जांच कमेटी के अध्यक्ष प्रो. आदित्य कपूर ने बताया कि ओटी में मारपीट जैसी घटना नहीं हुई थी। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ में बहस की वजह से तनाव हुआ था।

फुटबॉल खेलने गये युवक पर धारदार हथियार से हमला

अमृत विचार, लखनऊ: मड़ियांव क्षेत्र में मारपीट की दो घटनाओं में पुलिस ने पीड़ित पक्ष के प्रार्थना-पत्र पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र के मुताबिक, केशव नगर निवासी हरिश्चन्द्र ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया बेटा अखिल कुमार बुधवार को सेक्टर- क्यू स्थित महाराज प्रताप पार्क में फुटबाल खेलने गया था।

जहां सेक्टर क्यू में रहने वाले यशस्वी, आकाश शुक्ला, हर्ष व उनका एक साथी ने धारदार हथियार से बेटे पर हमला कर घायल कर दिया। उधर, मड़ियांव के गौरभीट निवासी सचिन गुप्ता गुरुवार दोपहर वह घर के बाहर बैठा था। तभी छोटे भाई प्रिंस को दोस्त गौरभीट के सुभाष नदी में नहाने के लिये बुलाने आया। भाई के मना करने पर वह नाराज होकर चला गया। कुछ देर बाद सुभाष ने अपने दोस्त कपिल रावत, रोहित रावत, कृष्ण रावत, सचिन रावत व चार-पांच अन्य के साथ घर में घुसकर सचिन की पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर ने बताया दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन:** लखनऊ-पू.उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/पू.उ.रे., **नीलामी सूची सं./लॉट सं.:** Catg-GMUSMU-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 21.06.2024 समय 15:59 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 08.07.2024 समय 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 08.07.2024 समय 14:10 बजे, **नीलामी का प्रकार:** Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत **बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of www.ireps.gov.in.

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक
मुजाधि/वा-64 लखनऊ

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

बीएसएनएल निशुल्क कर रहा है सिम अपग्रेड

अमृत विचार, लखनऊ : बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं को जल्द ही 4जी की सुविधा देने जा रहा है। किसी भी टेलीकाम के बीएसएनएल में निशुल्क परिवर्तन की भी सुविधा दी जा रही है। दूसरी टेलीकाम कंपनियां 5 जी की सुविधा दे रही हैं। कई टेलीकाम कंपनियां 5जी सुविधा दे रही हैं, इससे कई बीएसएनएल उपभोक्ता अपने सिम उन टेलीकॉम में पोर्ट करवा चुके हैं। बीएसएनएल ऐसे उपभोक्ताओं को भरोसा देकर वापस अपने नेटवर्क में लाने का प्रयास कर रहा है। बीएसएनएल के एजीएम अतुल कुमार सिंह ने बताया कि टॉवरों को अपग्रेड कर दिया गया है, जल्द ही शहर वासियों को 4जी की सुविधा मिलने लगेगी। उपभोक्ताओं 2जी या 3जी सिम निशुल्क 4जी में बदलवा सकते हैं।

अब नहीं सतायेगी लू बारिश के लिए रहिए तैयार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ **ठंडी हवाओं के असर से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है**

अमृत विचार: अब लू नहीं सतायेगी और बारिश के लिए तैयार हो जाइये अगले कुछ दिनों में बारिश के आसार हैं। शनिवार को शनिवार सुबह से मौसम साफ दिखा। धूप भी निकली और बीच-बीच में बादल भी छाये रहे। ठंडी हवाओं के असर से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। लेकिन उमस बढ़ गई है। बीते 3 दिनों से लखनऊ का तापमान 40 डिग्री से कम दर्ज गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून अपनी सामान्य रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। मानसून की गति को देख कर आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ अगले दो-तीन दिन में अच्छी बरसात के आसार जता रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में जारी प्री-मानसून तड़ित-झंझावात (थंडरस्टार्म) के कारण प्रदेश के दक्षिणी-पश्चिमी भाग में अधिकतम तापमान में आई गिरावट के कारण लू की स्थिति समाप्त हो गई।

आगामी 25 जून तक तापमान वृद्धि के फलस्वरूप इसके कहीं-कहीं फिर से परिलक्षित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन आगामी 3-4 दिनों में मानसून के सम्भावित आगमन तथा 24 जून से वर्षा में सम्भावित वृद्धि के मद्देनजर लू की स्थिति से निजात मिले रहने की संभावना है।

39.8 डिग्री रहा दिन का अधिकतम तापमान

राजधानी में शनिवार को दिन अधिकतम तापमान 39 .8 डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से 3 .4 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 30 .4 डिग्री दर्ज किया है। जो कि सामान्य से 3 .7 डिग्री दर्ज किया गया।

ग़दीर और हम क्लासेस के दूसरे दौर का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ: राजधानी में ईद-ए-ग़दीर के मौके पर ऐनुल हयात की ओर से 19 जून से 24 जून तक "ग़दीर और हम" क्लासेस का दूसरा दौर आयोजित होगा। ये क्लासेस शहर में तीन अलग-अलग जगह हो रहे हैं। पहली क्लास इमामबाड़ा मलका जहां तहसीनगंज में हो रही है. जिसमें मौलाना अली अब्बास खान लेक्चर दे रहे हैं। दूसरी क्लास गुलिस्ताने अबू तालिब (शिया यतीम खाना) में हो रही है। जिसमें मौलाना शाहिद जमाल रिजवी लेक्चर दे रहे हैं। तीसरी क्लास गर्ल्स इंटर कॉलेज मुफ्तीगंज में हो रही है जिसमें मौलाना मुशाहिद आलम रिजवी लेक्चर दे रहे हैं। ये क्लास ईद- ए- ग़दीर के मौके पर होते हैं. ईद- ए- ग़दीर उस दिन को कहते हैं जिस दिन पैगम्बर मोहम्मद ने एक लाख 30 हज़ार हजियों के मजमे में हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था।

कक्षाओं के बाद छात्रों की परीक्षा 24 जून को होगी और 26 जून को पुरस्कार वितरण होगा। इसी के साथ 25, 26 और 27 जून को ग़दीरी नुमाइश छोटे इमामबाड़े में होगी। जिसका समय शाम को 5 बजे से रात 10 बजे तक रहेगा। यह कार्यक्रम ऐनुल हयात ट्रस्ट के अलावा हैदरी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, शऊर वेलयात फाउंडेशन और वेलायत एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

17 घंटे गुल रही पुराने लखनऊ की बिजली

नाराज उपभोक्ता पहुंच गए विक्टोरिया उपकेंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पुराने लखनऊ के कटरा विजनबेग इलाके में शुक्रवार को 400 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक जाने से उपभोक्ताओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। तकरीबन 17 घंटे तक बिजली गुल रही और क्षेत्रीय लोगों को बिजली के साथ पानी की समस्या का सामना करना पड़ा। शनिवार दोपहर 12 बजे शनिवार सुबह बिजली कटौती से नाराज उपभोक्ता विक्टोरिया उपकेंद्र पहुंच गए। इसी बीच 250 केवीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर को दो खंभों के ऊपर रखकर बिजली सप्लाई किसी तरह से शुरू हो सकी। 17 घंटे तक कटरा वफा बेग, हकीम वाली गली, तकिया हाजी, नुसरत मुहल्लों के हजारों उपभोक्ता उमसभरी गर्मी से परेशान होते रहे।

स्थानीय उपभोक्ताओं के अनुसार कटिया लगाकर बिजली चोरी की वजह से यहां बिजली संकट हर गर्मी में रहता है। यहां पर घरों में कारखाने चल रहे हैं और घरेलू बिजली से दर्जनों ई रिक्शा चार्ज किए जाते हैं। संविदा कर्मियों और बिजली चोरों की मिलीभगत का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल के अनुसार अधीक्षण अभियंता आरसी पांडे को निर्देश दिए गए हैं कि ठाकुरगंज और चौक के अधिशासी अभियंताओं के साथ बैठक कर दोनों तरफ 250-250 केवीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाने की व्यवस्था करें। सुबह तक बिजली न आने से परेशान उपभोक्ताओं ने जनरेटर मंगाकर पानी की व्यवस्था की।

बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से परेशान होते रहे उपभोक्ता

निगोहां : 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन होने से निगोहां पावर हाउस से जुड़े सभी फीडर ठप हो गए। शाम 7 :30 बजे से सभी फीडरों से आपूर्ति ठप होने से तकरीबन चार दर्जन गांवों की बिजली प्रभावित हो गई। इस दौरान लोगों ने विभागीय अधिकारियों को फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। देर रात तक बिजली न आने से गांवों के लोग घरों के बाहर सोने को मजबूर हो गए।

बिजली कर्मचारियों ने रक्षामंत्री को बताई दिक्कत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिला। संघ प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद की अध्यक्षता में रक्षा मंत्री से मिलकर आउटसोर्सिंग से काम कर रहे संविदा कर्मचारियों ने अपनी दिक्कतें बताई। संघ महामंत्री देवेंद्र पांडेय ने बताया कि राजनाथ सिंह को सौंपे गए ज्ञापन को उप मुख्यमंत्री के पास भेजा गया है। सभी की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन मिला है।

▸▸ **250-250 केवीए के लगवाए गए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर तब सामान्य हो सकी बिजली आपूर्ति**

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा (**एकल पैकेट प्रणाली**), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **15.07.2024** को **11:30 बजे** तक है, आमंत्रित की जाती है।

1	**निविदा सूचना संख्या :** 16B-DyCEE-GSU-LKO-2024-25 दिनांक 21.06.2024
2	**निविदा संख्या :** 16B-DyCEE-GSU-LKO-2024-25
3	**कार्य का नाम :** उत्तर रेलवे के लखनऊ में स्थित निहालगढ़, हैदरगढ़ व भरतकुन्ड स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत स्टेशन इंप्रूवमेंट एवं डेवलपमेंट का विद्युत का कार्य।
4	**अनुमानित लागत :** रु. 3,95,93,663.93
5	**धरोहर राशि :** रु. 3,48,000.00
6	**कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह।
7	**निविदा डालने का प्रारंभ :** 01.07.2024
8	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 15.07.2024, 11:30 बजे
9	**वेबसाईट :** www.ireps.gov.in

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1880/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांक :- 204/EE-6/L.J.S/2024-25 दिनांक 22/06/2024

अल्प कालीन निविदा सूचना

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 29/06/24 तक जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 29/06/24 को जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनु0धन0	अर्नेस्टमनी	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP 9 nag at Ward Kanhaiya Madhopur IInd and Haiderganj Pratham	रू 179337.00	रू 3600	रू 200	07 दिन

निविदा प्राप्त करने की शर्त:- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता जोन-6
लखनऊ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र रविन्द्र कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है जिससे आहत होकर मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। **-महेश सिंह पुत्र उजागर सिंह वीरपुर, सौरिख, कन्नौज**

सूचना

सूचित हो कि मैं **रीना सिंह पत्नी स्व0 संदीप सिंह, निवासिनी-692ख/91, नेपालगंज, तेलीबाग, लखनऊ** मेरा नाम विवाह से पूर्व हाईस्कूल प्रमाण पत्र में कु0 रीना कुमारी था लेकिन विवाह के पश्चात मेरा नाम रीना सिंह हो गया है। मेरे पति का स्वर्गवास दिनांक 10.01.2023 को हो गया। यह कि कु0 रीना कुमारी व रीना सिंह यह दोनों ही नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पालिसी संख्या 214355856 में मेरा नाम केन्द्र प्रसाद वर्मा व आधार तथा पासबुक में **सतगुरु प्रसाद पुत्र नान्हे वर्मा निवासी गुरवा, भरथा कलां पोस्ट शंकरपुर, थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती** है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है किसी को आपत्ति हो तो भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नानपारा में 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैं शिवकुमार पुत्र रघुबर दयाल निवासी मोहल्ला माकूम कुआँ अशराफ टोला कस्बा व तहसील सण्डीला जिला हरदोई का हूँ। मेरा सगा पुत्र अनूप व पुत्रवधु नीलम को उनके गलत चाल चलन के कारण उनसे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं. भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य व लेन देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे उनसे व उसके परिवार का उन दोनों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा **।-शिवकुमार पुत्र रघुबर दयाल, निवासी- मोहल्ला माकूम कुआँ अशराफ टोला थाना व तहसील संडीला (हरदोई)**

सूचना

सूचित हो कि मैं **श्रीमती कमलेश पत्नी स्व0 मुन्ना कश्यप, निवासिनी-फैजुल्लागंज, निकट-सीताराम मन्दिर, थाना-मडियावाँ, लखनऊ, मो0- 7007357077** मैने अपनी पालित पुत्री याशिका के द्वारा परिवार के साथ दुव्यहार एवं गलत आचरण करने के कारण मैं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। याशिका के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं अथवा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मधुकर सिन्हा पुत्र श्री कृष्ण मोहन सिन्हा, निवासी-एस-358, शक्ति नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0** का भवन संख्या-17/89एवं 17/144, सेक्टर-17, इन्दिरा नगर, लखनऊ का मूल्य विकय विलेख वास्तव में कहीं खो गया है। यदि कोई अन्य व्यक्ति उक्त मूल विकय विलेख का दुरूपयोग करता है, तो वह अवैध माना जायेगा ।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र **श्री राम सिंह पुत्र स्व0 रामदास निवासी-ग्राम-पोस्ट-बिलौली, थाना-बिलौली, जिला-बदायूं** ने मेरे विरुद्ध अपने पुत्र **अजीत यादव पुत्र विजयलाल यादव निवासी चौकी टेहवा, पोस्ट तरवा जिला आजमगढ़। पिन कोड -276123, मो0-9161896046** के पक्ष में मेरी पैतृक भूमि का विक्रय करने का झूठा दावा किया है। मेरा पुत्र **अजीत यादव** मेरा पुत्र नहीं है। मेरा पुत्र **अजीत यादव** मेरे साथ रहता है। मेरा पुत्र **अजीत यादव** मेरी पैतृक भूमि का विक्रय करने का अधिकार नहीं रखता है। मेरा पुत्र **अजीत यादव** मेरी पैतृक भूमि का विक्रय करने का झूठा दावा कर

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

एक नजर

कैम्ब्रिज चेकप्वाइंट परीक्षा में छात्रों ने लहराया परचम

अमृत विचार, लखनऊः सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल के छात्रों ने चेकप्वाइंट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में जहां एक ओर प्राइमरी सेक्शन के छात्र दर्श अग्रवाल एवं आयरा शफाकत ने गणित एवं विज्ञान में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित किए तो वहीं लोअर सेकेण्डरी सेक्शन के छात्र कार्तिक अरोड़ा ने गणित, अनुष्का सिंह ने विज्ञान और अतुल्य त्रिपाठी ने अंग्रेजी और गणित में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

लविवि : सम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी

अमृत विचार, लखनऊः विश्वविद्यालय व उससे संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं का सम सेमेस्टर परिणाम शनिवार को जारी कर दिया। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीबीए एनईपी मैनेजमेंट, बीबीए एनईपी इंटरनेशनल बिजनेस, बीबीए एनईपी मैनेजमेंट सांइस के छठे सेमेस्टर का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है। वहीं बीकॉम एनईपी कॉमर्स के सेकेंड सेमेस्टर और राष्ट्र गौरव का परिणाम भी वेबसाइट पर अपलोड हो चुका है।

पॉवर लिफ्टिंग में लखनऊ के मनन को दूसरा स्थान

अमृत विचार, लखनऊ : हापुड़ में शनिवार को आयोजित की गई सीनियर राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 66 किग्रा भार वर्ग में लखनऊ के मनन कपूर कुल 577 .5 किग्रा वजन उठा कर दूसरे स्थान पर रहे। पहला स्थान कुल 585 किग्रा वजन उठाने वाले हापुड़ के विशाल को मिला। कुल 515 किग्रा वजन उठाने वाले हापुड़ के ही सुमित तोमर तीसरे स्थान पर रहे। 59 किग्रा भार वर्ग में 527 किग्रा वजन उठाने वाले छत्रपाल सारस्वत पहले स्थान पर रहे। कुल 475 किग्रा वजन उठाने वाले वाराणसी के आशीष पटेल को दूसरा और कुल 350 किग्रा वजन उठाने वाले हापुड़ के अमित कुमार को तीसरा स्थान मिला।

अब नहीं बढ़ेगी लखनऊ विवि प्रवेश परीक्षा की आवेदन तिथि

जुलाई के पहले सप्ताह में परीक्षा कराने की तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उम्मीद से अधिक आ रहे आवेदन, परिणाम के अनुसार मेरिट के आधार पर होंगे दाखिले

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) से संबद्ध कॉलेजों में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की तारीख अब और नहीं बढ़ाई जाएगी। परीक्षा जुलाई के पहले सप्ताह में कराए जाने की तैयारी है।इसके परिणाम में बनने वाली मेरिट के आधार पर दाखिले किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून है। इससे पहले ये 31 मई तक निर्धारित थी लेकिन सीबीएसई ,यूपी और आईएससी 12वीं का परिणाम अलग-अलग तिथि में आने के कारण आवेदन की तिथि सीधे 1 माह यानी 30 जून तक बढ़ा दी गई थी। परीक्षा का नोटिफिकेशन विश्ववद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी किया जाएगा। विवि से जुड़े कॉलेजों में यूजी, यूजी प्रोफेशनल, पीजी, पीजी मैनेजमेंट, बीपीएड, एमपीएड, एमएड में आवेदन प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि समय से प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी कर काउंसिलिंग प्रक्रिया को पूरा किया जाए ताकि नये शैक्षिक सत्र में पढ़ाई समय से शुरू हो सके। हालांकि आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन संभावना एक सीट पर 50 से अधिक आवेदकों की जताई जा रही है। इस कारण मेरिट काफी ऊंची रहने की संभावना जताई जा रही है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के बाद जारी परिणाम के आधार पर मेरिट के अनुसार प्रवेश लिए जाएगे। उन्होंने आवेदन करने वाले छात्रों के लिए सलाह देते हुए कहा कि आवेदकों को प्रवेश परीक्षा की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

बाबा साहेब पर था कबीर के दर्शन का प्रभाव

अमृत विचार , लखनऊः कबीर के दर्शन का प्रभाव बाबासाहेब पर भी था। इसी का प्रतिफलन संविधान की प्रस्तावना में भी दिखता है । यह बात बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के स्थायी आयोजन समिति व हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मनाए गए कबीर जयंती समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ.अंगद तिवारी ने कही।

इस मौके पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के आचार्य योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कबीर की कविताएं प्राणिमात्र के कल्याण के लिए आवश्यक है। वे मनुष्यता के कवि थे। उनकी बातें सबके लिए हितकारी थी।अध्यक्षीय उद्बोधन में विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष प्रो. रामपाल गंगवार ने बताया कि कबीर की रचना का मूल स्वर करुणा एवम भेदभावरहित समाज के निर्माण का है। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को भी दूर करने का प्रयास किए।

पुनर्वास विवि में शुरू होंगे दो नए कोर्स

कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग इसी सत्र से करेगा संचालन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचारः डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में बी.टेक ऑनर्स में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विद आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस और फाइनेंशियल मैनेजमेंट कोर्स की शुरूआत होने जा रही है।

कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने बताया कि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सीके दीक्षित के नेतृत्व में विभाग के समन्वयक गौरव गोयल ने दोनों पाठ्यक्रम तैयार किए हैं। इन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा सीबीसीएस को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। ये कोर्स सत्र 2024 -25 से शुरू होंगे। ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं।

गेट, नेट और जेआरएफ के लिए मिलेगा प्रशिक्षण

विश्वविद्यालय में 2023 – 24 के 26 छात्रों का प्लेसमेंट सरकारी और निजी संस्थानों में हुआ है ,इसके पूर्व में भी विभाग के 75% से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है जो कि विश्वविद्यालय के संस्थान और विभाग के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। इसको देखते हुए विभाग के छात्रों को गेट, नेट, जेआरएफ और पीएसयू जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन करने के लिए व्यक्तिगत परामर्श भी आगामी सत्र 2024 –25 से शुरू किया जाएगा।

ये कोर्स भी शुरू करने की तैयारी

कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने बताया कि भविष्य में इन्टीग्रेटेड बीटेक-एमटेक और इन्टीग्रेटेड बीटेक-एमबीए नये कोर्स शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभाग में विद्यार्थियों के पठन-पाठन में इस्तेमाल की जाने वाली नवाचार तकनीक के बारे में बताया जा रहा है। इससे उन्हें कैरियर बनाने में मदद मिलेगी।

विभागीय स्तर पर शुरू होगी शोध पत्रिका

विश्वविद्यालय में विभागीय स्तर पर एक शोध पत्रिका शुरू की जायेगी। इसे भविष्य में यूजीसी केयरलिस्ट में पंजीकृत कराया जाएगा। इसमें तीन वर्षों के दौरान एक अंत :विषय विभाग एवं इन्डस्ट्री के सहयोग से विज्ञान सम्मेलन, सेमिनार, वर्कशाप भी कराई जाएगी। इससे छात्रों को उच्च तकनीकी के बारे में पता चलेगा।

एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 टूर्नामेंट की विजेता टीम के खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ।। अमृत विचार

समयक का शतक, कल्पना फाउंडेशन चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 टूर्नामेंट

अमृत विचार : मैन ऑफ द मैच समयक त्रिवेदी के आतिशी शतक की बदौलत कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 टूर्नामेंट में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कल्पना फाउंडेशन ने एसएमआर क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से शिकस्त दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएमआर क्रिकेट क्लब ने 39.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 232 रनों का स्कोर बनाया। सम्राट तिवारी ने 38 और सत्यम यादव ने 32 रनों की पारी खेली। कल्पना फाउंडेशन की ओर से समयक त्रिवेदी ने 8 ओवर में 2 मेडन के साथ 42 रन देकर 3 विकेट चटकाये। सहवाग कुमार, अभय राज सिंह, अभय प्रताप सिंह ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने 15.2 ओवर में एक विकेट खोकर 235 रन बनाए और जीत दर्ज की। सलामी जोड़ी हर्षित तिवारी और समयक त्रिवेदी ने टीम को शानदार शुरुआत दी। दोनों के बीच 216 रनों की साझेदारी हुई।

हर्षित तिवारी ने 47 गेंदों में 6 चौके और 13 छक्कों की सहायता से 109 रन बनाए। समयक का प्रदर्शन अद्भुत रहा। उन्होंने 40 गेंदों में 12 चौके, 11 छक्कों की सहायता से नाबाद 122 रनों की शानदार पारी खेली।

समयक त्रिवेदी

इनको मिला पुरस्कार

▸▸ सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज - सम्राट तिवारी (एसएमआर क्रिकेट क्लब)

▸▸ सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज- अभय राज सिंह (कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन)

▸▸ प्लेयर ऑफ द मैच- समयक त्रिवेदी (कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन)

पहले ओलंपिक डे रन फिर सम्मानित होंगे खिलाड़ी

अमृत विचार, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर ओलंपिक डे रन का आयोजन सुबह 6:30 बजे केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया जाएगा।

लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी के बताया कि इस बार विभिन्न खेलों के उदीयमान खिलाड़ियों को विजय पथ सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक (चेयरमैन, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) होंगे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह करेंगे।

ताइक्वांडो में कैंट अकादमी को पहला स्थान

ओलंपिक गेम्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लखनऊ अकादमी को दूसरा और यश अकादमी को तीसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः कैंट ताइक्वांडो अकादमी ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत लखनऊ ओलंपिक गेम्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2024 में सर्वाधिक 86 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। लखनऊ ओलंपिक संघ और लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन की संयुक्त देखरेख में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में हुई चैंपियनशिप में लखनऊ ताइक्वांडो अकादमी की टीम 48 अंक के साथ दूसरे और यश ताइक्वांडो अकादमी की टीम 46 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही।

आज हुई स्पर्धाओं में मयांशु गौतम, शाहरुख खान, शिवम जोशी, अनंत वर्मा, वैभव कुमार बनौधा, हर्ष जोशी, आद्वविक तिवारी, आयुषी, गार्गी कृष्णा, लकी प्रजापति, भूमि, सिमरन पाण्डेय, अक्षत शाह, जैन अली, अक्षिता शाह, वघीशा सिंह आलम, शिवांश वर्मा, दिव्यांशी सिंह, यश भारद्वाज, अथर्व मिश्रा, मेहुल शुक्ला, झलक यादव, गौरी पाण्डेय ने अपने-अपने भार वर्गो में स्वर्ण पदक जीते। लखनऊ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष और प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि पदक विजेताओं को रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर आयोजित ओलंपिक डे समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जायेगा।

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीत के लिए जोर आजमाइश करते खिलाड़ी । अमृत विचार

परिणाम

बालक जूनियर

51 किलो भारवर्ग : शाहरुख खान ने स्वर्ण, शिवा यादव ने रजत एवं आयुष व देव ने कांस्य पदक जीते।

55 किलो भारवर्ग : अक्षत शाह ने स्वर्ण, शिवम जोशी ने रजत एवं शिवम जुगरान व रामेंद्र ने कांस्य पदक जीते।

68 किलो भारवर्ग : अनंत वर्मा ने स्वर्ण पदक जीता।

बालिका जूनियर

52 किलो भारवर्ग : प्रांजलि सिंह ने स्वर्ण, आयुषी ने रजत एवं अदिति व शिफा ने कांस्य पदक जीते।

68 किलो भारवर्ग : गार्गी कृष्णा ने स्वर्ण, उन्नति ने रजत पदक जीते।

महिला सीनियर

46 किलो भारवर्ग : भूमि ने स्वर्ण, आयुषी यादव ने रजत व आयुषी व मुस्कान ने कांस्य पदक जीते।

57 किलो भारवर्ग :अक्षिता ने स्वर्ण, मनिष्का ने रजत एवं सौम्या व महिका ने कांस्य पदक जीते।

17 प्रशिक्षकों को प्रमाणपत्र मिले, अब दे सकेंगे प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की देखरेख में आयोजित ट्रेनर डिप्लोमा कोर्स के दूसरे दिन 17 प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने प्रमाणपत्र और प्रशिक्षक लाइसेंस प्रदान कर सम्मानित किया। ये खिलाड़ी अब किक बॉक्सिंग का प्रशिक्षण देने को अधिकृत होंगे।

समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बताया कि इस कोर्स में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 50 से अधिक प्रशिक्षकों ने भाग लिया, जिसमें से 17 प्रशिक्षकों ने यह कोर्स सफलता पूर्वक पूरा किया। प्रशिक्षण सत्र में रिंग स्पोर्ट्स (रिंग के अंदर फाइट) और म्यूजिकल फार्म (शैडो फाइट) में अंक जुटाने के टिप्स अंतरराष्ट्रीय रेफरी अरविंद शेरवालिया (एसोसिएशन के महासचिव) व अमित कुमार सिंह (अंतरराष्ट्रीय रेफरी रिंग स्पोर्ट्स) और यूपी के रिंग स्पोर्ट्स के मुख्य कोच अब्दुल सलाम ने खिलाड़ियों को दिए। आदित्य मकोरवाल (ततामी इवेंट में अंतर्राष्ट्रीय मेडलिस्ट, वर्ल्ड 9 रैंकिंग) ने ततामी के बारे में कुछ अहम जानकारियां प्रतिभागियों को दीं। इस दौरान खेल प्रमोटर लखनऊ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष सुशीम वाजपेयी को किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश का उपाध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांकः– 203/EE-6/L.J.S/2024-25 दिनांक 22/06/2024

अल्प कालीन निविदा सूचना

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन–6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 29/6/24 तक जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 29/6/24 को जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद /एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन–6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनु0धन0	अर्नेस्टमनी	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP 10 nag at Ward Mallahi Tola IInd	रू 198258.00	रू 4000	रू 200	07 दिन

निविदा प्राप्त करने की शर्तः– 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता जोन–6
लखनऊ

राजकीय शिक्षकों का अभ्यर्थन निरस्त करने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय शिक्षक संघ पांडेय गुट के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद पांडेय ने महानिदेशक से कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले पदोन्नत शिक्षकों का अभ्यर्थन निरस्त करने की मांग की है।

राजकीय विद्यालयों में कार्यरत 108 सहायक अध्यापकों व 131 प्रवक्ताओं की 21 मई 2022 को पदोन्नति हुई थी। 29 एलटी एवं 65 प्रवक्ताओं का पदस्थापन 2022 में तथा शेष का पदस्थापन 2023 में हुआ था। जिन महिला अभ्यर्थियों ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया उनका अभ्यर्थन फरवरी 2024 में निरस्त कर दिया गया लेकिन पुरुषों का अभ्यर्थन निरस्त नहीं किया गया।

चमकता सितारा आशियाना निवासी श्रेयांश त्रिवेदी लगातार कर रहे हैं दमदार प्रदर्शन

पैरालंपिक में दम दिखाने को तैयार एथलीट श्रेयांश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः पेरिस पैरालंपिक में शहर के एथलीट श्रेयांश त्रिवेदी से काफी उम्मीदें हैं। 100 और 200 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी 18 साल के फर्राटा किंग श्रेयांश राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उन्होंने 100 मीटर में 12 सेकंड और 200 मीटर में 24.80 सेकंड का समय निकाला जो एक रिकार्ड है।

बीते वर्ष पेरिस विश्व चैंपियनशिप की 100 मीटर दौड़ के फाइनल में जगह बनाई। मौजूदा समय में श्रेयांश की विश्व रैंकिंग आठ है। दिल्ली में चल रही ट्रेनिंग में श्रेयांश 100 मीटर में 11.80 सेकंड और 200 मीटर में 24 सेकंड का समय निकाल रहे हैं। ऐसे में 16 और 17 जुलाई को होने वाले पैरालंपिक ट्रायल में उनको पेरिस का टिकट मिलना तय माना जा रहा है।

बीते वर्ष हांगझोऊ पैरा एशियाई खेलों की 100 और 200 मीटर में कांस्य पदक जीतने वाले एथलीट श्रेयांश के पैरालंपिक में खेलने का फैसला अगले माह 16 व 7 जुलाई को बंगलूरू में होने वाले दो दिवसीय ट्रायल में होगा। श्रेयांश वर्तमान में दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में पूर्व भारतीय एथलीट अमित खन्ना की देखरेख में अभ्यास कर रहे हैं। वह प्रशिक्षण ले रहे हैं। पिता शिवमंगल त्रिवेदी और मां श्यामा त्रिवेदी ने हमेशा उन्हें प्रोत्साहित किया।

एथलीट श्रेयांश त्रिवेदी

ओलंपिक में स्वर्ण जीतना ही लक्ष्य : श्रेयांश

मेरा लक्ष्य देश के लिए ओलंपिक में स्वर्ण जीतने का है। इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। पैरा एशियाई खेलों में मिले दो स्वर्ण के बाद मुझे यूपी सरकार से डेढ़ करोड़ और केंद्र सरकार से दस लाख रुपये का पुरस्कार मिला। इससे मुझे ट्रेनिंग में मदद मिली। कोच अमित का योगदान सबसे अहम रहा।

02 राष्ट्रीय रिकार्ड बना चुके हैं श्रेयांश त्रिवेदी

▸▸ दिल्ली में अमित खन्ना की देखरेख में कर रहें हैं अभ्यास

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांकः 581– ई0ई0–2/एल0जे0एस0 दिनांकः 22/06/2024

अल्प कालीन निविदा–सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 29/06/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 29/06/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–2 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Reparing of 06 Nos submersible pump at different places of Motilal Nehru-Chandrabhan Gupt Nagar Ward, Lko.	2600.00	Rs. 200	07 दिवस
2	Reboring of 1.50 HP submersible pump at near Shiv Mandir Sindhi Wali Gali, Birhana, Lko.	3300.00	Rs. 200	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त :– 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन–2
जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ

एक नजर

शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज सेक्टर-जे में पीयूष मिश्रा के मकान में शनिवार सुबह आग लग गई। लपटें और धुआं निकलता देख आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर आधे घंटे में काबू पा लिया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। अलीगंज सेक्टर-जे में पीयूष मिश्रा का दो मंजिला मकान है। शनिवार सुबह 10 बजे पहले माले पर डाइनिंग रूम में लगे एसी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। परिवार के लोग भागकर नीचे आ गए। सूचना पर एफएसओ इन्दिरानगर शत्रुघ्न ने टीम के साथ पहुंचकर आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग की चपेट में आकर फर्नीचर, पर्दे आदि जल गए।

25 लीटर अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : आबकारी टीम ने मय स्टाफ थाना इटौंजा अन्तर्गत ग्राम सूरजपुर गढ़ा और सहादतनगर में दबिश दी। दबिश के दौरान आबकारी अधिनियम की धाराओं में दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए कुल 25 लीटर अवैध शराब बरामद की। साथ ही 100 किलो लहन मौके पर ही नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि जहां कही भी अवैध कच्ची शराब बनाने की खबर मिलेगी, वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी।

घर से निकली नाबालिग लापता, गुमशुदगी दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाल थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह नाबालिक बिना बताए घर से लापता हो गई। परिजन ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने थाने में प्रार्थना-पत्र दिया। बताया सुबह 9 :00 बजे मोबाइल लेकर 14 वर्षीया बेटी घर से निकली थी। काफी देर तक नहीं दिखने पर तलाश की लेकिन पता नहीं चला। पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुये बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू की है।

दो वर्ष के बच्चे ने पिया तेजाब, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

▸▸ मड़ियांव के फैजुल्लागंज में शुक्रवार को हुआ हादसा

अमृत विचार : मड़ियांव के फैजुल्लागंज में दो वर्ष के मासूम ने खेल-खेल में बाथरूम में रखा तेजाब पी लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो वो उसे आनन-फानन अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दिया।

मूलतः सीतापुर के कमलापुर निवासी मजदूर संदीप फैजुल्लागंज में किराये पर रहते हैं। संदीप के मुताबिक, शुक्रवार सुबह वह काम पर गए थे। घर पर पत्नी गीता और तीनों बच्चे थे। शाम पांच बजे छोटे बेटे कार्तिक (2) ने बाथरूम में रखा तेजाब पी लिया। तेजाब पीने के बाद रोते हुए हाथ में बोतल लिए वह कमरे में मां के पास आया। कुछ देर में वहां बेहोश हो गया। आनन-फानन परिजन उसे लेकर ट्रामा सेंटर गए। जहां इलाज के दौरान कार्तिक की मौत हो गई। परिवार में एक भाई और एक बहन हैं।

शनिवार को कार्तिक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

▸▸ खेलते-खेलते बाथरूम में चला गया था कार्तिक

मां गीता ने बताया कि हादसे के पहले कार्तिक कमरे में बहन के साथ खेल रहा था। कब वह बाथरूम में चला गया। उसे पता भी नहीं चला। जब बाथरूम से बाहर आया तो हाथ में तेजाब की बोतल लिए था। उसके मुंह से शब्द नहीं निकल रहे थे। इशारे से उसने बताया कि वह बोतल में रखा तेजाब पी गया है। उन्होंने बताया कि वह दोनों बच्चों को कभी अकेले बाथरूम में नहीं जाने देती थी।

इलाके में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इलाके में वर्चस्व कायम रखने के लिए दो गुटों के बीच दो दिन तक खूनी संघर्ष चला। पहली घटना गुरुवार की रात को हुई। चिनहट में एक पक्ष ने इलेक्ट्रानिक व्यापारी की दुकान पर धावा बोल कर दुकानदार को पीटा।

बदला लेने के लिए व्यापारी के कर्मचारी ने दोस्तों के साथ मिल हमले में शामिल दूधिए पर धारदार हथियार से शुक्रवार की रात को हमला किया। इलाके में दहशत फैलाने के लिए दो राउंड फायरिंग भी की। दूधिए को घायल पड़ा देख पड़ोसी ने पुलिस और परिवार को सूचना दी। दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक एफआईआर चिनहट कोतवाली तो दूसरी इंदिरानगर कोतवाली में दर्ज की गई है।

▸▸ चिनहट और इंदिरानगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज

बदला लेने के लिए हुआ हमला : मॉर्डन स्कूल के पास हुआ खूनी संघर्ष वर्चस्व कायम रखने के लिए हुई थी। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील तिवारी ने बताया कि गुरुवार को चिनहट के कमता में इलेक्ट्रानिक व्यापारी रोशन सिंह की दुकान पर कार सवार युवकों ने मारपीट की थी। रोशन के साथ उसके कर्मचारी विनय भारती को पीटा गया था। जिसका मामला चिनहट कोतवाली में दर्ज है। हमले का बदला लेने के लिए विनय करीब एक दर्जन साथियों के साथ अलफहद को तलाशते हुए मॉर्डन स्कूल के पास पहुंचा था।

बाइक सवार युवकों की दबंगई से क्षेत्र में दहशत

हरिहरनगर निवासी मो. आमिर दूधिए का काम करता है। 21 जून की शाम आमिर का बेटा अलफहद दूध बांटने के लिए निकला था। इंदिरानगर मॉर्डन स्कूल के पास गली में पहुंचते ही आधा दर्जन बाइक सवार युवकों ने अलफहद को घेर लिया और पिटाई की। सिर पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ कई वार किए गए। खून से लथपथ होकर अलफहद गिर पड़ा। जिसे बचाने के लिए राहगीरों को आते देख हमलावर दो राउंड फायरिंग कर भाग निकले। घायल को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। शुक्रवार रात आमिर ने इंदिरानगर कोतवाली में डीके उर्फ विनय, डीएम, अंशू, मोनू और मेहबूब के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया है। बाइक सवार युवकों की दबंगई एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

आयकर कार्यालय से 16.58 करोड़ का चेक चोरी करने वाला मुंबई से गिरफ्तार

जालसाजी में आयकर विभाग के एक अधिकारी के संलिप्त होने का हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के अशोक मार्ग स्थित आयकर विभाग से 16.58 करोड़ रुपये की चेक चोरी होने के मामले में हजरतगंज पुलिस ने शुक्रवार को मुंबई से एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम गुजरात पहुंची गई है। पुलिस जांच में इस जालसाजी में आयकर विभाग के एक अधिकारी के जुड़े होने की बात सामने आ रही है।

हजरतगंज पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरेश गौरीशंकर जोशी निवासी मुंबई बोरीवली ईस्ट के पाटीदार भवन नियर दावड़ी गांव के रूप में हुई है। टीम ने उसे मुंबई से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लखनऊ से चेक लेना था। इसके बाद किसी भी राज्य की बैंक में कंपनी के नाम पर फर्जी खाता खुलवाना था। इस कार्य में अन्य साथियों का सहयोग लिया था।

▸▸ आयकर विभाग के उप निदेशक ने हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराया था मामला

गुजरात की एक बैंक में फर्जी कंपनी के नाम पर खाता खुलवा कर चेक भुगतान के लिए लगाया था। लेकिन बैंक मैनेजर ने रकम जारी करने से पहले संबंधित बैंक से पूछताछ कर ली, इससे जालसाजी का खुलासा हो गया। इसके बाद सभी आरोपी भाग निकले। पुलिस बैंक से मिली फोटो और चेक के पीछे लिखे नंबर के आधार पर आरोपी तक पहुंची।

मामले में संयुक्त पुलिस आयुक्त क्राइम आकाश कुलहरी का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में जालसाजी में विभाग के एक अधिकारी के शामिल होने की बात सामने आई है। तथ्य एकत्रित कर जल्द ही उक्त आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

क्या है मामला

आयकर विभाग के उप-निदेशक सुधाकर शुक्ला ने हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने दिए गए प्रार्थना-पत्र में बताया था कि चार मई की शाम कार्यालय के आहरण संवितरण अधिकारी (डीडीओ) को एसबीआई की शाखा से सूचना दी गई कि चेक नंबर 638000 से मारुति सोलर रिन्यूएबल एनर्जी के पक्ष में 16 .58 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा रहा है। चेक 18 अप्रैल को जारी किया गया है, जबकि विभाग की तरफ से ऐसा कोई चेक जारी नहीं किया गया। चेक देखने पर तत्काल भुगतान रोकने के लिए कहा गया। जांच में चेक पर हस्ताक्षर भी जाली पाए गए।

30 लाख के जेवरात लेकर व्यापारी फरार

अमृत विचार, लखनऊ : चौक इलाके निवासी आभूषण कारीगर ने व्यापारी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि व्यापारी जेवरात लेने के बाद वापस ना कर फरार हो गया है। पीड़ित ने चौक थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर व्यापारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुरानी सब्जी मंडी निवासी कुबुतद्दीन गाजी घर में ही जेवर बनाने का कारखाना चलाते हैं। बने हुए जेवरों को वह सआदतगंज निवासी शशांक वर्मा उर्फ टिंकू को देते हैं। जिसके बदले उन्हें नए जेवर बनाने के लिए सोना मिल जाता है। पीड़ित के मुताबिक, मई में शशांक वर्मा की दुकान पर जाकर उन्होंने करीब 463 ग्राम सोने के जेवर दिए। जिनकी कीमत करीब 30 लाख रुपये थी। कुबुतद्दीन के मुताबिक बने हुए जेवर के बदले उन्हें करीब 350 ग्राम सोना मिलना था जो नहीं दिया गया। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

फोन कर युवती को दी दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र निवासी युवती को फोन कर दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने एक महिला पर उसकी शादी तुड़वाने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक, क्षेत्र निवासी युवती ने प्रार्थना-पत्र दिया। पीड़िता ने बताया उसकी कुछ दिन पहले शादी तय हुई है। इसके बाद से उसके और परिजन के मोबाइल पर बदल-बदल कर अंजान नंबरों से फोन कर दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। यही नहीं ससुरालवालों के पास भी फोन कर उसकी शादी तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़िता ने घटना क्रम के पीछे सपना हुसैन नामक महिला की साजिश बताई है। इंस्पेक्टर ने बताया सपना के नाम आत्महत्या के लिये उकसाने का प्रयास करने व धमकी आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। बताया कि सर्विलांस के माध्यम से नंबरों को ट्रेस कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

युवती का अश्लील वीडियो बना मांगी रंगदारी

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट क्षेत्र में युवती के अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक, क्षेत्र निवासी पीड़िता ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि क्षेत्र के सतरिख रोड निवासी दुर्गेश से उसकी पहचान के बाद बातचीत हुई और दोस्ती हो गई। इसके बाद आरोपी के साथ कई बार घूमने गई। इस दौरान आरोपी ने उसके फोटो और वीडियो बना लिये। जिन्हें एडिट कर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर उससे 60 हजार रुपये वसूल लिए। अब और रुपयों की मांग कर रहा है। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दे रहा है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी के बारे में पता किया तो पता चला कि वह कई लड़कियों को इसी तरह से ब्लैकमेल कर रहा है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी के खिलाफ रंगदारी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बाइक खड़ी करने के विवाद में मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज के समनान गार्डेन में घर के बाहर बाइक खड़ी करने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। आरोप है कि दबंगई दिखाते हुए एक परिवार ने घर में घुसकर दंपति की पिटाई कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन पर एफआईआर दर्ज कर लिया है। ठाकुरगंज के समनान गार्डन निवासी जरीना खातून के मुताबिक मंगलवार को घर आए मेहमान ने पड़ोसी जियाउल हक के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी। इस पर जियाउल हक उन्हें गालियां देने लगे। पति छोटू ने विरोध जताया तो जियाउल हक बेटे नफीस और बेटी फरीन छोटू को मारने लगे। जान बचाकर छोटू घर में भाग आए तो तीनों घर में घुसकर उन्हें पीटने लगे। बीच-बचाव को जरीना भागकर आई तो उनपर भी लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में उनके हाथ-पीठ पर चोट आ गई। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक तहरीर पर शुक्रवार को तीनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना, नकदी व सामान चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : कैंट क्षेत्र में चोरों ने दिन दहाड़े बंद घर को निशाना बनाया। चोर दंपती का कैंटीन आईडी कार्ड, नकदी समेत अन्य सामान चुरा ले गये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। इंस्पेक्टर गुरुप्रीत कौर के मुताबिक, क्षेत्र के बेस अस्पताल परिसर में रहने वाली कप्तान ज्योति इगराल ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि वे और उनके पति कप्तान पलक राणा बेस अस्पताल में कार्यरत हैं। रोज की तरह ही गुरुवार सुबह दोनों कमरे में ताला बंद कर ड्यूटी पर अस्पताल चले गये थे। शाम करीब चार बजे वह ड्यूटी से लौटीं तो कमरे के मेन गेट और अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर पांच हजार रुपये, दोनों के आईडी कार्ड, कैंटीन कार्ड और परिसर में खड़ी साइकिल चुरा ले गये। इंस्पेक्टर ने बताया चोरी का मामला दर्ज किया है। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

रिटायर्ड रेलकर्मी के घर में चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर/काकोरी : सरोजनीनगर क्षेत्र में चोरों ने रिटायर्ड रेलवे कर्मी के घर से लाखों का सामान पार कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दरोगा खेड़ा स्थित नई कॉलोनी निवासी रिटायर्ड रेलकर्मी ओमप्रकाश पांडेय ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 17 जून को मकान में ताला बंद कर परिवार के साथ पैतृक घर प्रतापगढ़ गए थे। 19 जून को दोपहर करीब एक बजे लौटे तो घर के दरवाजों और अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर लाखों के गहने और 35 हजार रुपये की नगदी चुरा ले गये। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। उधर, पारा थाना क्षेत्र के कुन्दन विहार मायापुरम बुद्धेश्वर निवासी रामकुमार मिश्रा के घर से 20 जून की रात चोरों ने चेन, मंगलसूत्र, अंगूठी, पायल, पायजेब, बिछिया और 50 हजार की नगदी पार कर दी। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

जानवर बांधने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : कैंट के बाल्दा कालोनी में बकरीद पर कुर्बानी के लिए लाए गए जानवर को घर के बाहर बांध दिया। इसे लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद समेत 50 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कर लिया है। बाल्दा कॉलोनी निवासी विकास कुमार के मुताबिक बीते 15 जून को कसाईबाड़ा निवासी गुलाम वारिस अपने बेटे सिराज, मेराज और 50 अज्ञात लोगों के साथ उनके घर के बाहर आए। आते ही आरोपितों ने घर के बाहर खड़ी बाइकें लात मारकर गिरा दी। उस जगह कई जानवर लाकर बांध दिए। विरोध पर गालियां देते हुए परिवार के लागों की पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर कैंट गुरप्रीत कौर के मुताबिक तहरीर पर गुलाम वारिस, सिराज और मेराज समेत 50 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

किशोरी की अश्लील फोटो बना दो युवकों ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ रहीमाबाद थाना क्षेत्र का मामला, पिता ने थाने में दिया प्रार्थना-पत्र

अमृत विचार : रहीमाबाद क्षेत्र में अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दो युवकों ने किशोरी से दुष्कर्म किया। पीड़ित पिता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

इंस्पेक्टर अनुभव सिंह के मुताबिक, पीड़ित पिता ने प्रार्थना-पत्र दिया है। बताया कि एक माह पूर्व उसकी नाबालिक पुत्री नित्यक्रिया करने खेतों की तरफ गई थी। इसी दौरान आरोपी फारूक ने बेटी का अश्लील फोटो व वीडियो बना लिया। आरोपी ने बेटी को फोटो व वीडियो दिखाकर वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद फारूक ने दोस्त मोनिस को भी वीडियो व फोटो दे दिया। इस पर मोनिश ने भी बेटी को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। दोनों एक माह तक बेटी का शोषण करते रहे।

परेशान किशोरी ने परिजन को आपबीती बताई। तब पिता थाने पहुंचा। इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।

दुष्कर्म के बाद युवती को दिया शादी का झांसा, किया इनकार

अमृत विचार : मैट्रो कर्मी ने फेसबुक पर युवती से दोस्ती कर लखनऊ बुलाकर नशीला पदार्थ पिला युवती से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक, मूलत: सीतापुर निवासी युवती (22) ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। कुछ समय पहले फेसबुक पर उसके दोस्ती चन्दौली जनपद के चण्डाइल बबुरी निवासी अजीत कुमार सिंह से हुई थी। वह कृष्णानगर थाना क्षेत्र में किराए के कमरे में रहकर मैट्रो में नौकरी करता है। होली पर अजीत ने पीड़िता को फोन कर लखनऊ बुलाया। वह परिवार से मामा के घर जाने की बात कहकर छोटी बहन के साथ चारबाग स्टेशन पहुंची। जहां से अजीत उसे अपने कमरे पर ले गया। इसके बाद दोनों बहनों को नशीला पदार्थ पिला दिया। बेहोश होने पर आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। होश में आने पर दोनों बहनों ने पुलिस से शिकायत की बात कही। इस पर आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर चुप करा दिया। इसके बाद टाल मटोल करने लगा। दबाव बनाने पर जान से मारने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हजरतगंज चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चार पहिया वाहन के शीशे पर लगी ब्लैक फिल्म व हूटर निकालकर चालान करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

तमंचे से फायरिंग करने वाले किशोर को पुलिस ने दबोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चिनहट इलाके में चार किशोरों का वीडियो हुआ था वायरल

अमृत विचार : चिनहट इलाके में आयोजित एक पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें चार किशोर शराब पार्टी कर रहे हैं और सिगरेट के धुएं का छल्ला बनाते हुए तमंचे से फायर कर रहे हैं। वायरल वीडियो शुक्रवार देर रात का बताया जा रहा है। वीडियो की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई। आनन-फानन पुलिस ने किशोरों को दबोच लिया।

इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि वीडियो करीब 15 दिन पहले का है। इसमें तीन से चार लड़के नजर आ रहे हैं। सभी शराब पार्टी कर रहे है। इनके बीच एक किशोर सिगरेट के धुंए से छल्ला बनाते हुए नजर आ रहा है। वहीं दूसरा तमंचे से हवाई फायरिंग कर रहा है। इंस्पेक्टर के मुताबिक, फुटेज में फायरिंग करने वाले की पहचान चिनहट निवासी किशोर (17) के तौर पर हुई। उसके पास से इस्तेमाल हुआ तमंचा भी बरामद हुआ है।

झगड़े के बाद नशे में युवक ने घर में लगाई आग

अमृत विचार, लखनऊ : गुडंबा इलाके में शुक्रवार रात शराब के नशे में धुत्त युवक ने ससुर से जमकर झगड़ा करने के बाद अपने ही घर में आग लगा दी। जानकारी अनुसार, गुडंबा के बरखुरदारपुर में बढ़ई मुकेश परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार को मुकेश के मिश्रपुर निवासी ससुर घर आए थे। रात 10 बजे शराब पीने के बाद मुकेश का ससुर से झगड़ा हो गया। गुस्से में मुकेश ने कमरे में रखे बक्शे में आग लगा दी और भाग निकला। आग देख पत्नी चीख पुकार मचाते हुए भागकर बाहर आ गई। सूचना पर एफएसो इंदिरानगर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के साथ मिलकर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।

नाबालिग समेत दो चेन स्नेचर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डीसीपी पश्चिमी ने किया खुलासा, 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल आरोपियों की हुई पहचान

अमृत विचार : तालकटोरा पुलिस ने नाबालिग समेत दो चेन स्नेचर को गिरफ्तार किया है। जबकि तीसरा साथी भाग निकला। डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने शनिवार को वारदात का खुलासा किया। बताया करीब 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान की गई। कब्जे से लूट की चेन और बाइक बरामद की गई है।

डीसीपी के मुताबिक, 16 जून को तालकटोरा थाने में रामनगर एलडीए कॉलोनी निवासी अर्चना शुक्ला ने प्रार्थना-पत्र दिया था। बताया था कि बेटी के साथ जा रहीं थी। रास्ते में डी-ब्लॉक राजाजीपुरम से न्यू अरोड़ा बैंक्वेट हॉल के पास बाइक सवार दो बदमाश अर्चना के गले की चेन लूट कर भाग निकले थे। डीसीपी ने बताया कि लूट के खुलासे के लिए टीम गठित की थी।

शुक्रवार रात को पुलिस ने आलमनगर पुल के पास से दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मोड़ नरौना, थाना काकोरी निवासी शोभित यादव व दूसरा 17 साल के नाबालिग के रूप में हुई। तीसरे फरार आरोपी की पहचान नीरज रावत के रूप में हुई। पुलिस आरोपियों से अन्य मामलों में भी पूछताछ कर रही है। डीसीपी ने बताया नीरज के खिलाफ विभिन्न थानों में आठ मामले दर्ज हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी महंगे शौक पूरे करने के लिए लूट करते थे। डीसीपी ने बताया कि शोभित शटरिंग का काम करता है। नीरज रावत ने शोभित और नाबालिग के साथ मिलकर गिरोह बनाया था। यह लोग सुनसान इलाके में लूट करने लगे।

समस्या | सरोजनीनगर के रहीम नगर स्थित महेंद्र गांव का मामला

खड़ंजे पर जलभराव व दुर्गंध से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : सरोजनीनगर विकास खंड के रहीम नगर पड़ियाना ग्राम पंचायत स्थित महेंद्र गांव में जलभराव की समस्या के कारण ग्रामीण काफी महीनों से परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से शिकायत की गई। लेकिन किसी ने अब तक ध्यान नहीं दिया।

महेंद्र गांव के मनीष कुमार, श्रीकेशन, सुरज, विपिन कुमार, मोनू, रमेश यादव, श्रीकुमार यादव, अशोक कुमार, अरविंद रावत, सहित करीब तीन दर्जन ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी से लिखित शिकायत की है। उनका कहना है कि रामविलास लोधी के घर से अजय लोधी के घर तक लगा खड़ंजा काफी निचले स्तर पर लगा है और काफी पुराना भी हो चुका है। खड़ंजे के बगल में ही तालाब है, जिसकी वजह से तालाब का पानी अक्सर खड़ंजे पर भरा रहता है। सबसे ज्यादा दिक्कत तो बरसात के समय होती है, जब हल्की सी बारिश होने पर ही तालाब का सारा पानी खड़ंजे पर भर जाता है। ऐसे में गांव के लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें होती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस खड़ंजे की मरम्मत कर ऊंचाई पर लगाने के लिए ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन अब तक किसी ने ध्यान नहीं दिया।

महेंद्र गांव के मार्ग पर भरा गंदा पानी।

▸▸ ग्रामीणों का आरोप, ग्राम प्रधान से लेकर पंचायत सचिव तक शिकायत करने के बावजूद समस्या का नहीं हुआ समाधान

इस संबंध में सरोजनीनगर खंड विकास अधिकारी नरेंद्र बाबू का कहना है कि इस समस्या की उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली है, अगर समस्या सहीं मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

1.53 लाख की नकदी व गहने के साथ मिला मानसिक बीमार युवक

अमृत विचार, लखनऊ : सैरपुर पुलिस ने मानसिक बीमार युवक को ज्वैलरी और नकदी समेत परिजन के सुपुर्द किया। वह दो दिन से घर से लापता था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे।

इंस्पेक्टर के मुताबिक, शनिवार सुबह पुलिसकर्मी नवीन कुमार और अखिलेश क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान सीतापुर रोड पर सेवा ढाबा के पास एक संदिग्ध युवक दिखा। उसे टोका तो हाथ में पकड़े बैग से सामान पलट दिया। बैग से 1.53 लाख रुपये नकदी, गहने समेत अन्य सामान बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि युवक मानसिक बीमार है। युवक की पहचान कराने पर पता चला कि युवक का नाम अमित कुमार निवासी ग्रीनसिटी धावापुर फेज 2, थाना बंथरा है।

बस की टक्कर से एक की मौत, दूसरा गंभीर

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई क्षेत्र में शनिवार को रायबरेली रोड स्थित कालिंदी पार्क के पास परिवहन बस ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौके पर मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चंद्र त्रिपाठी के मुताबिक मृतक की पहचान हैवत मऊ मवैया निवासी दीपक (25) के रूप में हुई है। बताया कि वह टाइल्स मिस्त्री था। शनिवार को दीपक अपने साथी भोलाशंकर के साथ बाइक से जा रहा था। रास्ते में पीजीआई अस्पताल की तरफ से आई तेज रफ्तार बस ने कालिंदी पार्क के पास बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चला रहे दोनों युवक सिर के बल गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। बाइक चला रहे दीपक ने हेलमेट नहीं पहना था। इंस्पेक्टर ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता
जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांक :– 196/EE-6/L.J.S/2024-25 दिनांक 22/06/2024

अल्प कालीन निविदा सूचना

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन–6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदियें दिनांक 29/06/24 तक जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 29/6/24 जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय से अपरान्ह 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन साय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी / जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद /एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना करण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन 6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेगी एवं खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनु0धन0	अर्नेस्टमनी	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Work for Replacement of Ball bearing of 120 H.P. V.T. motor Set no 6 at Kashmiri Mohalla Zonal Pumping Station	रू 139803.00	रू 2800	रू 150	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्तः– 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता जोन–6
लखनऊ

पुरानी पेंशन के लिए शिक्षकों ने दिया महीने भर का अल्टीमेटम

डीआईओएस कार्यालय का 25 जुलाई से घेराव करेंगे शिक्षक, 9 अगस्त को बाइक रैली निकालेंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एक महीने के भीतर पुरानी पेंशन की बहाली और शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं के समाधान न होने पर शिक्षक 25 जुलाई को डीआईओएस कार्यालय में धरना देकर सीएम को संबोधित ज्ञापन देंगे। नौ अगस्त को जिले में बाइक रैली निकालकर डीएम के जरिये मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।

यह घोषणा उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ ने शनिवार को गांधी भवन में आयोजित ग्रीष्मकालीन सम्मेलन एवं राज्य परिषद की बैठक में कहीं। सम्मेलन में मौजूद माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने आश्वासन दिया कि शिक्षकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा।

संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ. आरपी मिश्र ने बताया कि सम्मेलन में 14 प्रस्ताव प्रारित हुए। इसमें पुरानी पेंशन की बहाली, वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, शिक्षकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, एक अप्रैल, 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों पर नौकरी पाये शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ आदि मांगें हैं।

माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी कहा कि यदि समस्याओं का एक माह के भीतर निराकरण नहीं होने पर चरण वार संघर्ष किया जाएगा।

वक्ताओं ने इस मौके पर शिक्षकों की अन्य समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया।उन्होंने शासन से जल्द से जल्द शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाने की मांग की। साथ ही आंदोलन की चेतावनी भी दी।

उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ की शैक्षिक विचार गोष्ठी को संबोधित करते पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी। अमृत विचार

▸▸ **गांधी भवन में आयोजित सम्मेलन के दौरान माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया ऐलान**

पर्वतीय महासभा ने उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, लखनऊ : नई पेंशन योजना के विरोध और पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर शनिवार को भारतीय पर्वतीय महासभा ने हजरतगंज पर गांधी प्रतिमा के पास शांतिपूर्ण सभा का आयोजन किया। इसके बाद पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अनुपम सिंह भंडारी ने कहा कि सेवानिवृत्त के उपरान्त कर्मचारियों की पुरानी पेंशन सहारा रहती है। सेवानिवृत्त के बाद पेंशन न होने पर कर्मचारी असहाय व असुरक्षित महसूस करता है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री नित्य प्रतिदिन देश को उच्च शिखर पर ले जा रहे हैं। इससे महासभा को आशा है कि कर्मचारी हित में इस ज्वलंत समस्या एनपीएस का समाधान कर सरकारी सेवकों को ओपीएस जरूर देंगे। सभा में मुख्य संरक्षक पान सिंह भण्डारी, संयोजक मोहन सिंह विष्ट, अध्यक्ष डॉ. अनुपम सिंह भण्डारी, महामंत्री ओम प्रकाश, विक्रम विष्ट, रजनीश डोबरियाल, पूरन सिंह, हेमा डोबरियाल व अन्य उपस्थित रहे।

पुलिस को ज्ञापन सौंपते पर्वतीय महासभा के सदस्य।

11 विभूतियों को मिला निशान-ए-उर्दू अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी का उर्दू पढ़ाओ-उर्दू बढ़ाओ विषय पर सेमिनार**

अमृत विचार : फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से उर्दू पढ़ाओ-उर्दू बढ़ाओ विषय पर शनिवार को हिन्दी संस्थान के प्रेमचन्द सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर 11 विभूतियों को निशान-ए-उर्दू सम्मान से अलंकृत किया गया। इरा मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेंहदी ने यह अवार्ड प्रदान किए।

फखरुद्दीन अली अहमद कमेटी के चेयरमैन तूरज जैदी ने इस मौके पर एलान किया कि इस वर्ष बीए में उर्दू, अरबी और फारसी में सबसे ज्यादा नम्बर लाने वाले विद्यार्थियों को कमेटी की ओर से 20 हजार रुपये की छात्रवृत्ति और स्वर्ण पदक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उर्दू को सोशल मीडिया के जरिए भी बढ़ावा मिलता है।

फखरुद्दीन अली अहमद कमेटी ने निशान-ए-उर्दू अवार्ड के लिए ऐसी 11 विभूतियों को चुना जिन्होंने न तो उर्दू भाषा व साहित्य की शिक्षा प्राप्त की और न ही इस भाषा से उनका जीवन यापन होता है, लेकिन इसके बावजूद वह उर्दू की तरक्की के लिए काम करते हैं। नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह को लखनऊ की पहचान के रूप में जाना जाता था। वह जितनी शानदार अंग्रेजी बोलते थे, उतनी ही शानदार उर्दू भी बोलते थे। पिछले वर्ष उनका निधन हो गया था। उन्हें मरणोपरांत यह अवार्ड दिया गया, जिसे उनके भाई नवाब मसूद अब्दुल्लाह ने हासिल किया। निशान-ए-उर्दू अवार्ड की सूची में प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम का नाम भी था, लेकिन वह आयोजन में नहीं पहुंचे। यह अवार्ड पाने वालों में प्रो. साबिरा हबीब, कुलसुम तलहा, डॉ. एस नसीम सुबूही, आईएएस अधिकारी और शायर मनीष शुक्ला, डॉ. फायज़ा अब्बासी, डॉ. सरवत तक़ी, परवेज़ मलिकज़ादा, तबस्सुम फात्मा व श्वेता श्रीवास्तव 'अज़ल' का नाम शामिल है।

उर्दू पढ़ाओ-उर्दू बढ़ाओ विषय पर आयोजित सेमिनार में डॉ. मसीउद्दीन ख़ान, डॉ. यासिर जमाल, डॉ. नुज़हत फात्मा व अतिया बी शामिल थे। इसी विषय पर कई विद्यालयों में लेख प्रतियोगिता भी करायी गयी। जिसमें 86 लेख मिले, प्रथम पुरस्कार बसीरत फात्मा को, द्वितीय पुरस्कार सैय्यद मुस्कान फात्मा को, तृतीय पुरस्कार मनतशा रिज़वी को मिला। सालेहा और नूर फात्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। अहमद इब्राहिम अल्वी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में संयोजक एसएन लाल रहे।

संगोष्ठी को संबोधित करते डा. मसीह उददीन खां।

रिनी के कथक नृत्य पर मुग्ध हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **नव प्रभात कार्यक्रम में नवोदित कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया**

अमृत विचार : राग प्रभात, कथक नृत्य भूमि और रचना प्रभात प्रोडक्शंस ने संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में शनिवार को आयोजित नव प्रभात कार्यक्रम में नवोदित कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

जस्टिस अशोक कुमार, जस्टिस एआर मसूदी, संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, रचना प्रभात और रिनी भारद्वाज ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। 1 जून से 21 जून तक चली कार्यशाला में दक्ष प्रतिभागियों ने वान्या भारद्वाज और रिनी भरद्वाज के निर्देशन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यशाला के विद्यार्थियों ने दिलरुबा, अलबेला साजन, सकल बन जैसे अर्द्ध शास्त्रीय गीतों पर नौ प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम के अंत में कार्यशाला में प्रतिभागियों को दक्ष करने वाली रिनी भारद्वाज ने मनभावन कथक नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कृष्ण वंदना से अपना कार्यक्रम शुरू किया। दरबारी तराना को उन्होंने अच्छे अंदाज में पेश किया जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।

संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नृत्य प्रतिभा प्रदर्शित करतीं नवोदित कलाकार। अमृत विचार

रूबरू ने किया 150 कलमकारों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रूबरू फाउण्डेशन ने शनिवार की शाम को हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में कवि सम्मेलन, मुशायरा व सम्मान समारोह का आयोजन किया। रूबरू द्वारा प्रकाशित तन्हा तन्हा के विमोचन से शुरुआत हुई। कार्यक्रम में नेपाल, नीदरलैंड सहित देश भर से आए 150 कलमकारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व डीजीपी एमसी द्विवेदी ने की। कवि, लेखक और गीतकार इरशाद राही ने कहा कि हर इंसान इस भरी दुनिया में तन्हा और अकेला है । इस तन्हाई को दूर करने के लिए रूबरू फाउण्डेशन ने देश भर से कलमकारों का महामंच तैयार किया।

जिन कवि एवं कवियत्रियों ने अपना पाठ किया उनमें मुख्य रूप से नेपाल के हरि प्रसाद तिमिल्सिना, केवल कुमार केवल (जम्मू कश्मीर), वन्दना द्विवेदी (भोपाल), रामा तक्षत (नीदरलैंड), गुरमीत सिंह (दिल्ली), जफ़र सिद्दीकी (लखनऊ), शिव ओम मिश्रा (पीलीभीत), डॉ. सरिता सिंह (गोरखपुर), अजय जैन (इंदौर), हंसराज साहू (जयपुर), दिनेश चंद्र प्रसाद (कोलकाता), काविश समर (मुंबई), माधुरी (कुशीनगर), नीलम रानी गुप्ता (आगरा), नितिन राघव (बुलंदशहर), गोविन्द कश्यप (नैनीताल), सोनिया सोनम अक्स (पानीपत हरियाणा), हरिन्द्र प्रसाद इलाहाबाद), नेपाल से राज कुमार थारू (वाइस चांसलर)मौजूद रहे।

रूबरू फाउण्डेशन की ओर से लखनऊ में सम्मानित होने वाले कमलकार। अमृत विचार

मेगा रिटेल एक्सपो का उद्घाटन करते महाप्रबंधक राजेश कुमार।

यूनियन बैंक ने आयोजित किया मेगा रिटेल एक्सपो

अमृत विचार,लखनऊः यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मेगा रिटेल एक्सपो का आयोजन यूनियन बैंक भवन विभूति खंड परिसर में किया गया। बैंक के महाप्रबन्धक राजेश कुमार के मार्गदर्शन में एक्स्पो के उदघाटन समारोह हुआ जिसमें लखनऊ क्षेत्र के उप महाप्रबंधक मार्कन्डेय यादव ने अगुवाई की।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांक :– 201/EE-6/L.J.S/2024-25 दिनांक 22/06/2024

अल्प कालीन निविदा सूचना

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन–6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 29/06/24 तक जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 29/06/24 को जलकल विभाग जोन–6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद /एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन–6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनु0धन0	अर्नेस्टमनी	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Reboring of Sumer Sible Pump 1.5 HP 1 nag at Ward Maulana Kalwe Avid IInd	रू 163860.00	रू 3300	रू 200	07 दिन

निविदा प्राप्त करने की शर्तः– 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता जोन–6
लखनऊ

गुरुद्वारा नाका हिंडोला में मनी कबीर जयंती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः गुरुद्वारा नाका हिंडोला में शनिवार को संत कबीर का जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह दीवान में सुखमनी साहिब के पाठ के बाद रागी जत्था राजिन्दर सिंह ने पवित्र आसा की वार और गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज कबीर की वाणी सुनाकर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कबीर के जीवन पर प्रकाश डाला। सतपाल सिंह मीत ने बताया कि कबीर के 534 मूल शबद एवं श्लोक गुरु ग्रंथ साहिब में अंकित हैं। गुरु अर्जुन देव ने कबीर की वाणी को गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज कर उन्हें धर्म गुरुओं के बराबर दर्जा दिया। उन्होंने कहा कि कबीर ने हर वर्ग के लिए प्रेरणादायी बात कही। दीवान की समाप्ति के बाद लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने संगत को बधाई दी।

गुरुद्वारा नाका हिंडोला में कबीर वाणी सुनाता रागी जत्था। अमृत विचार

कार्यालय नगर पंचायत बेनीगंज, हरदोई

पत्रांकः 402/ न0पं0बे0/2024–25 दिनांकः–22/04/2024

प्रेस विज्ञप्ति

समस्त प्रकार के प्रतिष्ठानों/दुकानों/संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि जिन प्रतिष्ठानों / दुकानों / संस्थाओं के द्वारा लगभग 100 किलोग्राम कचरा प्रतिदिन उत्सर्जित किया जाता है वह थोक अपशिष्ट प्रबन्धन अधिनियम 2016 के तहत थोक बल्क वेस्ट जेनेरेटर की श्रेणी में आता है। थोक अपशिष्ट जेनरेटर स्वयं अपने स्तर पर ही गीले कचरे का निपटान करेंगे तथा सूखे कचरे को नगर पंचायत बेनीगंज, हरदोई को प्रदान करेंगे।

अतः उपरोक्तानुसार ऐसे समस्त प्रतिष्ठानों/दुकानों/ संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि स्वयं को बल्क वेस्ट जेनरेटर घोषित करते हुए नगर पंचायत बेनीगंज, हरदोई को अपने पत्र के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करेंगे अन्यथा नगर पंचायत द्वारा चिन्हित किये जाने पर ठोस प्रबन्धन अधिनियम 2016 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूल किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं प्रतिष्ठान का होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बेनीगंज, हरदोई।

गुरुद्वारा नाका हिंडोला में शबद कीर्तन करता रागी जत्था। अमृत विचार

श्रद्धा व सत्कार से मना गुरु हरिगोविन्द का प्रकाश पर्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गुरुद्वारा नाका हिंडोला में शनिवार को सिखों के छठे गुरु हरि गोविन्द साहिब का प्रकाश पर्व श्रद्धा व सत्कार के साथ मनाया गया। शाम के दीवान में रहिरास साहिब के पाठ के बाद रागी जत्था राजिन्दर सिंह ने शबद कीर्तन व नाम सिमरन के जरिये समूह संगत को मुग्ध कर दिया।

मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी सुखदेव सिंह ने गुरु हरिगोविन्द के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव ने अमृतसर में हरिमन्दिर साहिब की सर्जना की जो भक्ति का प्रतीक है तो गुरु हरिगोविन्द साहिब ने हरिमन्दिर साहिब के ठीक सामने अकाल तख्त की सर्जना की जो शक्ति का प्रतीक है। उनकी दिन प्रतिदिन बढ़ती ताकत को देखकर ईर्ष्यालु सहन नहीं कर पाए और उन्हें ग्वालियर के किले में बन्द कर दिया। जहां जहांगीर के सताए हुए 52 हिन्दू राजा भी कैद थे, जिनका राजपाट जहांगीर ने अपने कब्जे में कर लिया था। कुछ समय बाद जहांगीर ने गुरु हरिगोविन्द साहिब को मुक्त करने का आदेश दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि हम अकेले किले से बाहर नहीं जाएंगे। हमें रिहा करना है तो इन 52 हिन्दू राजाओं को भी रिहा करना होगा। जहांगीर ने सभी को रिहा कर दिया।

कार्यालय जिलाधिकारी, सीतापुर

पत्रांकः 508/तेरह–सी.एफ–20/2024 – 25/दै.आ./क्रय/बर.रा.सा./रा.लि दिनांक – 22 जून 2024

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण की सूचना

अपर मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन, राजस्व अनुभाग–11, लखनऊ के पत्र संख्या– 610/एक–11–2024–06 (जी) / 2019 दिनांक 10.06.2024 एवं राहत आयुक्त महोदय द्वारा दिनाँक 18. 06.2024 को आहूत वी.सी. में दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में वर्ष 2024 की सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत प्रभावित परिवारों में जीवनोपयोगी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति दिए जाने हेतु वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत फर्मों से सामग्रियों की आपूर्ति किए जाने के सम्बन्ध में ई–टेण्डर के माध्यम से दिनॉक 22.06.2024 से 01.07.2024 तक अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

	प्रथम पैकेट	द्वितीय पैकेट
1	लाई–05 किग्रा. (2.5 किग्रा. के 02 पैकेट)	आटा–10 किग्रा.
2	भूना चना–02 किग्रा.	चावल–10 किग्रा.
3	गुड़–01 किग्रा. (प्लास्टिक पैक में)	अरहर दाल 02 किग्रा.
4	बिस्कुट–10 पैकेट	आलू–10 किग्रा.
5	माचिस–01 पैकेट	हल्दी–200 ग्राम
6	मोमबत्ती–01 पैकेट	मिर्च–100 ग्राम
7	नहाने का साबुन–02	सब्जी मसाला–200 ग्राम
8	जरीकेन–01 (20 लीटर)	सरसों का तेल 01 लीटर
9	तिरपाल 01 12x10 वर्ग फिट मोटाई 110 GSM से कम न हो	नमक–01 किग्रा.

उल्लेखनीय है कि उपरोक्तानुसार खाद्य सामग्री हेतु 02 अलग–अलग पैकेट बनाए जाएंगे। द्वितीय पैकेट में अंकित 10 किग्रा. आलू जालीदार पैकेट में देना होगा तथा नमक के पैकेट पर आयोडीन की मात्रा 15 पी.पी.एम. से कम नहीं होना चाहिए।

1	निविदा प्रारम्भ की तिथि	22.06.2024 (सायं 6–30 बजे से)	
2	निविदा आवेदन की अन्तिम तिथि	01.07.2024	अप 12–00 बजे तक
3	सैम्पल किट, निविदा प्रपत्र, समस्त अभिलेख, तथा मूल ड्राफ्ट जिलाधिकारी कार्यालय, राहत अनुभाग में जमा करने की तिथि एवं समय	22.06.2024 से 01.07.2024 तक	अप 12–00 बजे तक
4	निविदा खोलने की तिथि व स्थान	01.07.2024	अपरान्ह 03–00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय सीतापुर

समस्त ई–टेण्डर की कार्यवाही ई–टेण्डर पोर्टल http://e-tender.up.nic.in के माध्यम से की जाएगी। उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–टेण्डर वेबसाइट http://e- tender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती हैं।

नीतीश कुमार सिंह
अपर जिलाधिकारी (वि.एव0रा.)
सीतापुर

वरूण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल
(डिप्टी रजिस्ट्रार)
मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह
(डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट)
मो. 7521001987

एक नजर

दो लुटेरे गिरफ्तार, कार बरामद

अमृत विचार, काकोरी : पारा पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर कार बरामद की है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया 5 जून को मोहान रोड से मारुति इको कार चोरी होने का पीड़ित ने मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपियों अमन यादव निवासी ग्राम भगमतखेड़ा काकोरी और सूरज पाल उर्फ सूरज रावत निवासी ग्राम कठिंगरा को शनिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की कार बरामद की आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पेड़ की डाल गिरने से बच्चे की मौत

अमृत विचार, हरदोई : शनिवार की दोपहर थानाक्षेत्र अतरौली के ग्राम बंगालपुर में पेड़ की डाल गिरने से बच्चे की मौत हो गई। शनिवार को दोपहर ग्यारह बजे बंगालपुर निवासी सुनैना अपने चार वर्षीय पोते सक्षम के साथ गांव के बाहर मंदिर गई थी। जहां पीपल के पेड़ की दो डाले फट गई, जिसमें से एक डाल का हिस्सा सीधा सक्षम के सिर पर गिर गया। मासूम की मौत हो गई, वहीं डाल के झंखाड़ में फंसी दादी घायल हो गई।

एक महीने पहले लिखी गई थी हेराफेरी की स्क्रिप्ट

एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ उड़ाने का मामला, कुछ हवाला कारोबारियों की पाई गई संलिप्तता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के खाते से 120 करोड़ की हेराफेरी करने वाले गिरोह ने एक महीने पहले इसकी स्क्रिप्ट लिख दी थी। इसके लिए मई के पहले सप्ताह से काम शुरू हो गया था। कागज जुटाने और बैंक में खाता खोलने में जालसाजों को 21 दिन का समय लगा। वहीं, रकम आने से खाता खाली करने में महज छह दिन का खेल हुआ। यह जानकारी अब तक पुलिस जांच में सामने आई है। इस मामले में हवाला से जुड़े कुछ कारोबारियों के बारे में भी पुलिस को जानकारी मिली है। उनकी कुंडली खंगाली जा रही है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव के मुताबिक, अब तक पड़ताल में सामने आया कि इतनी बड़ी जालसाजी के लिए ठगों ने एक महीने पहले ही तानाबाना बुन लिया था। मई के पहले सप्ताह से ही जालसाज इस काम में जुटे थे। इसके लिए लगातार राजेश और कपिल के बीच बातचीत हो रही थी। राजेश के माध्यम से शैलेश रघुवंशी, केके त्रिपाठी, दस्तगीर आलम, गिरीश चंद्र को कागज जुटाने का काम दिया गया था। इन चारों ने बैंक व एकेटीयू में जाकर जरूरी कागजात जुटाए। इसमें करीब 21 दिन का समय लगा।

▸▸ कागज जुटाने और खाता खोलने में लगे 21 दिन, छह दिन में कर दिया खाली

कागज राजेश को उपलब्ध कराया गया। इसके बाद मई माह के अंत में राजेश के निर्देश पर बस्ती के हरैया निवासी अनुराग श्रीवास्तव और जय कुमार उर्फ एनके सिंह यूनियन बैंक की बापू भवन शाखा में एकेटीयू के वित्त विभाग के अधिकारी बनकर मिले। वहीं अनुराग एकेटीयू में जाकर खुद को बैंक मुख्य प्रबंधक अनुज सक्सेना बताया। फर्जी मेल के जरिये बैंक में खाता खुलवाने के बाद रकम ट्रांसफर कराई। खाता खोलने से लेकर खाली करने की प्रक्रिया में जालसाजों में कुल छह दिन का समय लिया।

43 दिन के चैटिंग की हुई जानकारी : पुलिस के मुताबिक इस हेराफेरी में दो प्रमुख किरदार थे। एक गुजरात के सूरत का कपिल और यूपी के उन्नाव का राजेश बाबू। इन दोनों के बीच 43 दिनों तक हुई चैटिंग की डिटेल पुलिस के हाथ लगी है। इसमें कई लोगों के नाम भी मिले हैं। चैटिंग में खाता कौन खोलने जाएगा, कौन कहां से रकम निकालेगा। किसको कितना हिस्सा मिलेगा, रकम किस खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। इसके अलावा दोनों के बीच कई बार बातचीत की पुष्टि हुई।

राजेश और कपित आपस में सामान्य कॉल पर कम बात करते थे। सामान्य कॉल पर सिर्फ एक दूसरे का हालचाल लेते थे। इसके कुछ देर बाद दोनों के बीच वाट्सएप कॉल पर बात करते थे। इस दौरान कई कान्फ्रेंस कॉल भी हुई है। जिसमें पकड़े गए कुछ आरोपियों को भी शामिल किया गया था।

हवाला कारोबारियों की खंगाल रहे कुंडली

पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि वारदात के पहले और बाद में इस गिरोह ने हवाला कारोबारियों से भी संपर्क किया। इसमें कुछ रकम पहले हवाला के जरिये खाता खुलवाने वालो मोहरों को भी दी गई थी। यह रकम राजेश के जरिये होते हुए इन तक पहुंची थी। जब रकम सूरत के ट्रस्ट में ट्रांसफर होने के बाद एक करोड़ रुपये महाराष्ट्रा के बैंक से नकदी निकाली गई। इसमें कुछ रकम हिमाचल प्रदेश में छुट्टियां मनाने गए बैंक के मुख्य प्रबंधक के ऊपर खर्च किए गए। वहीं, कुछ रकम अनुराग पर भी खर्च किया गया। इसमें महाराष्ट्रा, दिल्ली और हिमाचल के कुछ हवाला कारोबारी शामिल हैं। इन सभी की डिटेज साइबर क्राइम टीम जुटा रही है। जल्द ही इन हवाला कारोबारियों से पूछताछ की जाएगी।

स्टंट करने में पलटा ट्रैक्टर दबकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ भीड़ बनाती रही वीडियो, वायरल होने पर डीसीपी ने लिया संज्ञान, जांच के आदेश

अमृत विचार : इटौंजा थाना क्षेत्र के अटेसुवा में शनिवार को शाहपुर मैदान में शर्त लगाकर स्टंट करते वक्त ट्रैक्टर पलटने से दबकर युवक की मौत हो गई। स्टंटबाजी की पुलिस को भनक तक नहीं लगी। युवक का शव निकालकर साथी सीतापुर के अटरिया हिम्मतनगर लेकर चले गए। स्टंट से जुड़ा वीडियो सामने आने पर डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने जांच के आदेश दिए हैं।

बताया जा रहा है कि अटरिया हिम्मतनगर निवासी नीरज (30) शनिवार को ट्रैक्टर लेकर इटौंजा के अटेसुवा आया था। यहां अजरैलपुर निवासी जोगेंद्र के साथ ट्रैक्टर पर स्टंट करने की शर्त लगी। 15 हजार रुपये का दांव जीतने के लिए दोनों ट्रैक्टरों के बीच चेन बांधी गई। नीरज और जोगेंद्र ने ट्रैक्टर को उल्टी दिशा में भगाना शुरू किया। नीरज का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर हवा में उठ गया, लेकिन जोगेंद्र ने रफ्तार कम नहीं की। इससे पलटने से नीरज अपने ट्रैक्टर के नीचे दब गया। किसी तरह से ट्रैक्टर हटाकर जब तक नीरज को निकाला गया। उसकी मौत हो चुकी थी। साथी पुलिस को सूचना दिये बिना नीरज का शव लेकर सीतापुर चले गए। ग्रामीणों का कहना था कि नीरज को ट्रैक्टर से स्टंट करने का शौक था। दो बार उसने शर्त लगा कर इनाम भी जीता था। मामले में इंस्पेक्टर इटौंजा मार्कण्डेय यादव ने घटना की जानकारी नहीं होने की बात कही है। उनका कहना है कि प्रार्थना-पत्र मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

चालक-परिचालक को पीटकर 12 हजार लूटे

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रोडवेज बस को ओवरटेक करने के चक्कर में कार की बस से टक्कर हो गयी। कार सवारों ने चालक परिचालक को पीटकर 12 हजार रुपये लूट लिये। जांच के नाम पर पुलिस मामला दर्ज करने में टाल मटोल करने लगी। इससे नाराज यात्रियों ने चालक- परिचालक के साथ हंगामा शुरू कर दिया। तब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। फिलहाल पुलिस की हीलाहवाली से यात्री करीब तीन घंटे परेशान रहे।

इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, किदवई नगर डिपो के परिचालक आदित्य कुमार मिश्र ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया शनिवार को चालक चालक भोला प्रसाद गिरी के साथ बस (यूपी-78एफएन-3422) में 45 सवारियां लेकर रूपेडिहा जा रहे थे। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में स्कूटर्स इण्डिया चौराहा के पास कार (यूपी-42बीएच-4578) ओवरटेक करने के दौरान बस से भिड़ गई। इससे आक्रोशित कार सवार चार लोगों ने बस रुकवा कर चालक भोला को नीचे खींच कर मारपीट की। इसमें भोला का सिर फट गया। आदित्य का कहना है कि उसने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपी उस पर हमला कर टिकट कलेक्शन के 12 हजार रुपये लूट कर जानमाल की धमकी देते हुये भाग गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रार्थना-पत्र के आधार पर यात्रियों के बयान दर्ज किये। यात्रियों ने घटना सही बताई। परिचालक का आरोप है कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में हीला हवाली करती रही। इससे करीब तीन घंटे यात्री परेशान रहे। फिलहाल इंस्पेक्टर का कहना है कि बयान दर्ज करने में समय लगा। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इंस्पेक्टर का कहना है कि फिलहाल लूट की पुष्टि नहीं हुई है।

सरोजनीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराते चालक-परिचालक। अमृत विचार

▸▸ यात्री, चालक-परिचालक बैठे धरने पर, रिपोर्ट

घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में टाल मटोल कर रही थी। इसके चलते यात्री परेशान हो रहे थे। इससे नाराज चालक-परिचालक और यात्रियों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। इसके बाद यात्री, चालक व परिचालक कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।

▸▸ देर रात तक नहीं हुई सुनवाई, किया हंगामा

घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस घायल चालक को इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। इधर, पुलिस मामले में लगातार हीलाहवाली करती रही। इसके चलते रात करीब 12 बजे तक यात्री और चालक परिचालक हंगामा करते रहे।

एटीएम मशीन में फंसा कार्ड, निकले 68 हजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कार्ड छोड़ घर पहुंचे बुजुर्ग के खाते से 68 हजार पार

अमृत विचार : आशियाना क्षेत्र निवासी बुजुर्ग को एटीएम मशीन में कार्ड फंसने पर हेल्पलाइन नंबर की मदद लेना महंगा पड़ा। बुजुर्ग के खाते से 68 हजार रुपये पार हो गये। पीड़ित ने बैंक शाखा में एटीएम कार्ड बंद कराने का आवेदन देकर स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक, न्यू गड़ौरा निवासी सेवानिवृत्त ओमप्रकाश सहाय पेंशन धारक हैं। उनका पेंशन खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है। जिसके कार्ड से 1 जून को पत्नी शोभा के साथ सेक्टर जी चौराहा के पास स्थित एचडीएफसी के एटीएम से पैसे निकालने गए थे। मशीन में कार्ड फंसने पर अपने पुत्र ज्ञानेन्द्र सहाय को बताया। मौके पर पहुंचे बेटे ने हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि कॉलर ने 20 मिनट रुकने को कहा, लेकिन कोई भी बैंक कर्मचारी नहीं पहुंचा।

काफी देर इंतजार के बाद वह कार्ड मशीन में लगा छोड़ घर चले गये। इसी बीच मोबाइल पर 68 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज आया। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर उन्होंने एसीपी कैंट से गुहार लगाई। एसीपी के आदेश पर पुलिस ने 20 दिन बाद आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) | श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) | योगेन्द्र सिंह (9760578366)

आशियाना और औरंगाबाद जागीर में दो कॉम्प्लेक्स सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को औरंगाबाद जागीर और आशियाना में बिना मानचित्र पास कराए दो व्यावसायिक निर्माण सील कर दिए।

जोनल अधिकारी जोन 2 देवांश त्रिवेदी ने बताया कि आशियाना थाना क्षेत्र में शहीद पथ के किनारे औरंगाबाद जागीर में लगभग 1,500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। अखिलेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह व अन्य द्वारा आशियाना स्थित सेक्टर-के में भूखण्ड संख्या-के-836 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इनके विरुद्ध न्यायालय ने सीलिंग का आदेश दिया था। सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता ऋतुपाल, विपिन बिहारी राय व एसके सिंह ने प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स सील कर दिए।

समाचार पत्र वितरक प्रेम जोशी का निधन

अमृत विचार, लखनऊ : कल्याणपुर के कंचन नगर निवासी समाचार पत्र वितरक प्रेम जोशी (34) का शनिवार को निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी के अलावा दो और पांच वर्ष की दो बेटियां छोड़ गए हैं। निधन पर लखनऊ समाचार पत्र वितरक विकास मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, पदाधिकारियों और वितरक बन्धुओं ने शोक व्यक्त किया है। महानगर गोल मार्केट सेंटर प्रभारी मनीष सिंह रावत ने बताया कि अंतिम संस्कार रविवार सुबह 9:00 बजे भैसा कुंड पर होगा।

लखनऊ की शीतल, सांची ने जीते स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सिद्धार्थ नगर में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में लखनऊ के तैराकों ने तीसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर और सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में शनिवार को लखनऊ टीम से पहली स्वर्णिम सफलता लखनऊ खेल छात्रावास की शीतल निषाद को मिली। उन्होंने ग्रुप- 1 की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक हासिल किया।

लखनऊ मंडल की वंशिका राय ने ग्रुप-2 की 400 मीटर फ्रीस्टाइल का स्वर्ण जीता। लखनऊ मंडल की सांची तिवारी ने ग्रुप-3 की 400 मीटर फ्रीस्टाइल और लखनऊ स्पोर्ट्स हॉस्टल की कलावती निषाद ने ग्रुप-1 की 50 मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

लखनऊ मंडल की सृष्टि तिवारी ने ग्रुप- 2 की 100 मीटर फ्रीस्टाइल, लखनऊ स्पोर्ट्स की दिव्या चौहान ने ग्रुप-3 की 50 मीटर बैक स्ट्रोक, लखनऊ मंडल की परी यादव ने ग्रुप 3 की 100 मीटर फ्रीस्टाइल और लखनऊ मंडल की दक्षिता सिंह ने ग्रुप 2 की बटरफ्लाई स्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीता। रिले में भी लखनऊ मंडल की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। रिले टीम ने चार गुणे 100 मीटर (ग्रुप 2) और बालिका टीम चार गुणे 50 मीटर (ग्रुप 3) में स्वर्ण जीतने में सफल रही। अन्य पदक विजेताओं में स्पोर्ट्स हॉस्टल के अखिलेश यादव ने दो रजत, स्पोर्ट्स हॉस्टल के राज यादव ने एक रजत, लखनऊ मंडल के अमन यादव ने एक रजत पदक जीता। लखनऊ खेल छात्रावास की वंदना साहनी, लखनऊ मंडल की इंदिरा मिश्रा, लखनऊ खेल की छात्रावास के कृष्णा यादव ने एक-एक कांस्य पदक जीते।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) | श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) | डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

बलरामपुर अस्पताल के सामने आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते राहगीर।

जानकीपुरम में भंडारे के दौरान लोगों को शरबत बांटती महिला। अमृत विचार

तकरोही में भंडारे के दौरान जयकारा लगाते लोग। अमृत विचार

संगीतमय सुंदरकांड के बाद गूंजे भजन, देर रात तक चला भंडारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह पूर्णिमा के अंतिम शनिवार को मानव आदर्श सेवा समिति ने राजधानी के चारबाग रेलवे स्टेशन स्थित दाक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया। मोनू और साथी कलाकारों ने सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया। शंकर सिंह और साथियों ने मनोहारी भजन प्रस्तुत किए। ढोलक पर संजीव और आक्टोपैड पर अतुल शानदार संगत कर रहे थे।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुरलीधर आहूजा, रोहित अग्रवाल, अनुराधा पटेल, एसी श्रीवास्तव, मनीष कुमार त्रिपाठी, जेबी घोष और संस्था के सचिव पल्लव कुमार घोष ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को विधिवत शुरू कराया।इस मौके पर हनुमान भक्तों को नीम और पीपल के पौधे इस अनुरोध के साथ वितरित किए गए कि वह न सिर्फ उनका रोपण करेंगे बल्कि उसकी देखभाल भी करेंगे। सुंदरकांड और भजन के बाद पौधा वितरण कार्यक्रम हुआ। इसके बाद भंडारा शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा।

बालागंज इलाके में लगे एक हजार लोगों के लिए भंडारे में पूड़ी, सब्जी, बूंदी, आम का ठंडा पना और जल की व्यवस्था की गई। सीतापुर रोड स्थित बंधा रोड पर त्रिकोरेश्वर महादेव मंदिर पर भंडारा सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चला। मुख्य रूप से कढ़ी, चावल और बूंदी वितरित की गई। आयोजक पारिका फाइनेंशियल कंपनी के चंदन सिंह, पिंटू वर्मा, हिंदू रक्षा वाहिनी, कुलदीप सिंह, कुन्दन सिंह मौजूद रहे। माल क्षेत्र में भी जगह-जगह भंडारे लगे। ऐशबाग में भाजपा युवा मोर्चा मंडल ने भंडारे का आयोजन महामंत्री शुभम रावत एवं रवि प्रकाश जायसवाल मंडल मंत्री भाजपा द्वारा किया गया। नगर निगम के उप सभापति गिरीश गुप्ता, भाजयुमो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सकेत शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज रस्तोगी, श्रीराम जानकी परिवार संस्था के महासचिव अनुराग कश्यप, उपाध्यक्ष रजत अग्रवाल एवं पांडेयगंज व्यापार मंडल के नेता अमित गुप्ता एवं युवा नेता अभिषेक वर्मा मौजूद रहे। बलरामपुर चिकित्सालय में चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उत्तर प्रदेश ने भंडारा लगाया। डॉ. अमित सिंह अध्यक्ष चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ, अशोक कुमार प्रधान महासचिव, डायरेक्टर बलरामपुर डॉ. पवन कुमार अरुण मौजूद रहे।

चारबाग उत्तर रेलवे स्टेशन के समक्ष सुंदरकांड का पाठ करते भक्त। अमृत विचार

▸▸ चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की ओर से लगाया गया भंडारा

बलरामपुर चिकित्सालय में चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की ओर से आयोजित भंडारे में संघ के अध्यक्ष डॉ.अमित सिंह, प्रधान महासचिव अशोक कुमार, बलरामपुर अस्पताल निदेशक डॉ.पवन कुमार अरुण, सीएमएस डॉ.एनबी सिंह, अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी सहित डॉ.संजीव गुप्ता, कपिल वर्मा, सुनील कुमार, रजत, सर्वेश पाटिल, केके सचान मौजूद रहे।

▸▸ महिलाओं के लिए बैठने का भी इंतजाम

आशियाना इलाके के सेक्टर आई में आयोजित भंडारे में महिलाओं के लिए बैठने के भी इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर हलवा, पूड़ी, छोला, चावल और आलू कद्दू की सब्जी वितरित की गई। इस भंडारे का आयोजन डॉ. विकास शुक्ला, अनुपम शुक्ला और डॉ. सुभाष शुक्ला द्वारा किया गया।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांक :- 198/EE-6/L.J.S/2024-25 दिनांक 22/06/2024

अल्प कालीन निविदा सूचना

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 29/6/24 तक जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 29/6/24 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद /एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनु0धन0	अर्नेस्टमनी	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Reboring of Sumer Sible Pump 1.5 HP 1 nag at Ward Kashmeeri Mohalla	रू 163860.00	रू 3300	रू 200	07 दिन

निविदा प्राप्त करने की शर्तः- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता जोन-6
लखनऊ

एक नजर

नेट में धांधली की जांच को कुशीनगर पहुंची सीबीआई

कुशीनगर, अमृत विचार : यूजीसी नेट परीक्षा में गड़बड़ी का तार कुशीनगर से भी जुड़ा है। इसी मामले में शुक्रवार की रात सीबीआई की टीम कुशीनगर पहुंची और एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पडरौना कोतवाली में पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि सीबीआई टीम की इस पूरी कार्रवाई से पडरौना कोतवाली पुलिस को दूर रखा गया है, सिर्फ थाने के कक्ष का इस्तेमाल पूछताछ के लिए किया जा रहा है। कहना न होगा कि कुशीनगर पड़ोसी राज्य बिहार की सीमा से जुड़ा है। नतीजतन इस मामले मे कुशीनगर से कुछ अन्य लोगों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।

मुठभेड़ में तीन लुटेरों को लगी गोली

इटावा, अमृत विचार : चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत राहिन पुल के पास शुक्रवार की रात को पुलिस की लुटेरों के साथ मुठभेड़ हो गई। तीनों लुटेरे पैर में गोली लग गई। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि स्टेट बैंक में फील्ड अफसर के पद पर तैनात भानू प्रकाश पुत्र सोबरन लाल निवासी बनारसी दास, बाइक से जनपद औरैया जा रहे थे। रास्ते में तीन मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने तमंचा के बल पर उनके पास से 10 हजार रुपये व दो मोबाइल लूट लिए थे। इसके अलावा मैनपुरी जिले के कुर्रा थाना क्षेत्र के गांव नगला दोले निवासी रजनेश सिंह पुत्र बलवीर सिंह अपनी पत्नी के साथ कहीं जा रहे थे तभी लुटेरों ने उनके पास से अंगूठी, नकदी व मोबाइल लूट लिया था।

सीमेंट की बोरियों से लदा लूटा गया ट्रक बरामद

चित्रकूट कार्यालय, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने सीमेंट की बोरियों से लदे 22 चका ट्रक (ट्रेलर) की लूट की घटना का खुलासा कर दिया। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनसे घटना में प्रयुक्त कार, मोबाइल और तमंचा-कारतूस बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों को यह जानकारी दी।

बीयूएमएस डॉक्टर ने गर्भवती का किया ऑपरेशन, नवजात की मौत

कुमारगंज के एक निजी अस्पताल का मामला, परिजनों का हंगामा

कुमारगंज, अयोध्या

अमृत विचार : मिल्कीपुर तहसील के कुमारगंज कस्बे में संचालित एक निजी अस्पताल की शनिवार को बड़ी करतूत सामने आई है। यहां अस्पताल के संचालक बीयूएमएस (यूनानी) चिकित्सक ने एक प्रसव पीड़िता की सर्जरी कर दी। इस दौरान बरती गई लापरवाही से प्रसूता के नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा किया तो मौके पर पहुंची पुलिस चिकित्सक को थाने ले आई। खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट नहीं लिखी गई है।

जानकारी के अनुसार सुधा दुबे पत्नी सोनू दुबे निवासी तिंदौली को प्रसव पीड़ा होने के उपरांत परिजनों ने कुमारगंज बाजार स्थित अली हॉस्पिटल में पहुंचाया था। परिवारीजनों ने बताया कि संचालक बीयूएमएस चिकित्सक डॉ. भारत कुमार ने कहा कि सुधा का ऑपरेशन करना पड़ेगा। ऑपरेशन के लिए पहले 13 हजार रुपये नकद भुगतान करा लिया और ऑपरेशन होने के बाद 40 हजार रुपये की और मांग की, लेकिन जब बच्चे की हालत बिगड़ने लगी तब अस्पताल संचालक ने कहा इसे जिला अस्पताल ले जाइए। इतने में नवजात की मृत्यु हो गई।

> परिजनों की शिकायत पर संचालक को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। शिकायत अभी तक नहीं मिली है। **-रतन कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष, कुमारगंज**

> अली हॉस्पिटल कुमारगंज में हुए घटनाक्रम की जानकारी मिली है। बीयूएमएस(यूनानी) चिकित्सक को ऑपरेशन का अधिकार नहीं है। जांच में जैसे भी तथ्य सामने आएंगे कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल की भी जांच होगी। **– डॉ. संजय जैन, सीएमओ**

धौंस जमा उगाही कर रहा था फर्जी दरोगा, गिरफ्तार

रुदौली, अयोध्या। कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक फर्जी उपनिरीक्षक को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि एक उपनिरीक्षक की ओर से पीड़ितों को धमका कर वसूली की जा रही है। चौकी प्रभारी किला उपनिरीक्षक मुनिमन रंजन दुबे को जांच के लिए कहा गया था। फर्जी दरोगा इसी कोतवाली के मोहल्ला मखदूमजादा निवासी नदीम के रूप में पहचान हुई। कोतवाली पुलिस ने रसूलाबाद के निकट से नदीम को बावर्दी गिरफ्तार किया है। उसके पास से उपनिरीक्षक की वर्दी, चार स्टार, लाल जूता, उत्तर प्रदेश पुलिस का कूटरचित परिचय पत्र, नेम प्लेट, लाल रंग की बेल्ट और पी कैप बरामद की है।

आरोपी उपनिरीक्षक।

राजूदास ने सीएम को बताए अयोध्या में हार के कारण

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **दो मंत्रियों के सामने हुई तीखी बहस का मामला मुख्यमंत्री के दरबार तक पहुंच गया**

अमृत विचार : जिलाधिकारी नितीश कुमार और हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास के बीच गुरुवार की रात दो मंत्रियों के सामने हुई तीखी बहस का मामला मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को लखनऊ में मुलाकात कर लौटे पुजारी राजू दास ने बताया कि उन्होंने करीब एक घंटे तक मुख्यमंत्री से वार्ता कर अपनी बात रखी।

इस दौरान अयोध्या में भाजपा के हार के कारणों को भी उनके सामने रखा। योगी आदित्यनाथ ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और गुनहगारों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राजूदास ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अयोध्या में जगह-जगह तोड़फोड़ हुई। डंडा मारकर काम कराया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं की एक भी बात नहीं सुनी गई। माना कि अफसरों को अधिकार था, लेकिन इस तरह की कार्रवाई सही नहीं थी। यही कारण रहा लोग इस बार घरों से वोट डालने के लिए नहीं निकले। जिलाधिकारी मुझे आपराधिक रिकॉर्ड वाला मानते हैं। क्या पुतला फूंकना भी आपराधिक दायरे में आता है? इन सब मुद्दों पर सार्थक वार्ता हुई है। उन्होंने कार्रवाई का भी आश्वासन दिया है।

पटककर बालिका की ले ली जान

नवाबगंज(गोंडा), अमृत विचार: करीब पांच वर्षीय बच्ची की लाश शनिवार की सुबह कटरा रेलवे स्टेशन के समीप पाई गई। आसपास लगे पेड़ों की जड़ों पर खून के धब्बे मिले जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि उक्त बालिका की पेड़ों की जड़ों पर पटक कर हत्या की गई है। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस व रेलवे पुलिस जांच में जुटी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा रेलवे स्टेशन के बगल में स्थित बाग में शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने एक पांच साल बच्ची की लाश देखी। बाग में लाश की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर जीआरपी इंस्पेक्टर राकेश राय तथा प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मनोज कुमार राय पुलिस टीम के साथ पहुंच कर जांच की।

मुंबई में सरोवर में डूबने से प्रतापगढ़ के 4 लोगों की मौत

संवाददाता, रानीगंज प्रतापगढ़

अमृत विचार : ट्रैकिंग कर वापस लौटते समय सरोवर में नहाने के दौरान प्रतापगढ़ के एकलव्य समेत चार एनसीसी कैडेट्स की डूबने से मुंबई में मौत हो गई। मौत की खबर पर युवक के पैतृक घर आमापुर बेर्रा में मातम छा गया।

रानीगंज थाना क्षेत्र के आमापुरबेर्रा निवासी 20 वर्षीय एकलव्य सिंह पुत्र उमेश सिंह अपने माता पिता के साथ मुम्बई के नाला सुपारा में रहते थे। वह स्नातक कला संकाय में पढ़ाई के साथ एनसीसी कैडेट भी थे। दो बड़ी बहनों में एकलव्य दूसरे नंबर पर था और अपनी माता-पिता का इकलौता पुत्र था। शुक्रवार को मुंबई में एनसीसी कैंप द्वारा कालेज के एनसीसी से जुड़े छात्र छात्राओं को ट्रैकिंग के लिए मुम्बई में करजत ले जाया गया था। ट्रैकिंग करने के कारण कैडेट्स धूल मिट्टी से गंदे हो गए थे। इस कारण से रायगढ़ के खालापुर में मोरबे बांध के सरोवर में स्नान करने लगे। अचानक एकलव्य गहरे पानी में डूबने लगा। मदद के लिए वह जोर - जोर से चीखने लगा। उसे बचाने के लिए 18 वर्षीय रानाथ बांदा, 20 वर्षीय इशांत यादव और 24 वर्षीय आकाश माने पानी में कूद पड़े।

जानकारी होने पर एनसीसी के अधिकारी पहुंचे।सभी को डूबता देख अधिकारियों ने पानी में छलांग लगा दी। पानी से निकालकर एकलव्य और उसके तीन साथियों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया।

राममंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में 23 और 24 जून को चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा होगी। उसके पूर्व शनिवार को मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, सीडीओ ऋषिराज, एलएंडटी और अन्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ राम मंदिर और परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्रशासनिक भवन में लगभग एक घंटे से अधिक समय तक मंदिर परिसर की सुरक्षा और निर्माण कार्य को लेकर मंथन किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र शनिवार को अयोध्या पहुंचे थे। यहां सबसे पहले हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन किया। इसके बाद अधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार, बिड़ला धर्मशाला के सामने यात्री सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जानकारी ली है।

बहराइच में ट्रक-कार में हुई टक्कर पिता-पुत्र समेत तीन की गई जान

संवाददाता, नानपारा, बहराइच

अमृत विचार। जनपद के नानपारा बहराइच मार्ग पर शनिवार सुबह सवा तीन बजे ट्रक और कार में आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार भाई-बहन समेत चार घायल हो गए। सभी को पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। मृतकों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नानपारा बहराइच मार्ग पर कोतवाली नानपारा अंतर्गत खुदादभारी गांव के पास शनिवार सुबह 3.15 बजे ट्रक और कार की भीषण टक्कर हो गई। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि नानपारा से बहराइच की ओर से जा रही ट्रक संख्या यूपी 21 डीटी और बहराइच से नानपारा की ओर जा रही हुंडई कार में हादसा हुआ। हादसे में मौके पर ही रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम सुजौली बाबा कुट्टी निवासी नौसाद (25) पुत्र ग्वाल उर्फ मोहम्मद हामिद, ग्वाल उर्फ मोहम्मद हामिद (55) पुत्र मोहम्मद फकीरे और मोहम्मद आरिफ (70) पुत्र फकीरे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हाशिम पुत्र (45) फकीरे, अर्श (10) पुत्र नौशाद, अरसा बानो (5) पुत्री नौशाद और खादिम (12) घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी एक ही परिवार के मृतक और घायल हैं।

नानपारा-बहराइच मार्ग पर हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार। अमृत विचार

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन

लखनऊ, अमृत विचार : ज्येष्ठ महीने के अंतिम दिन शनिवार को सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन तिलक नगर ऐशबाग में किया गया। आयोजन भाजपा युवा मोर्चा मंडल के महामंत्री शुभम रावत द्वारा किया गया। भंडारे में रवि प्रकाश जायसवाल मंडल मंत्री भाजपा लखनऊ महानगर, नगर निगम के उपसभापति गिरीश गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष वपार्षद ऐशबाग संकेत शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज रस्तोगी सहित कई लोग मौजूद रहे।

मसलक के अंदर मसलक क्या करेगा मुशावरत

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

अमृत विचार। आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत के 60 साल बाद एक बार फिर से सक्रिय होने की खबर अमृत विचार ने शनिवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसे लेकर आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल ने मुशावरत की कवायद पर कई सवाल खड़े किए हैं। काउंसिल के महामंत्री हाजी मोहम्मद सलीस ने बयान जारी किया है कि वर्तमान में मुसलमानों का न तो कोई रहनुमा है और न ही कोई सियासी कायद मुसलमानों का एक भी संगठन ऐसा नहीं है जो उनकी आवाज उठा सके। इसकी वजह यह है कि मुसलमानों में मसलक के अंदर मसलक बने हुए हैं, हर मसलक के कई-कई शहरकाजी हैं।

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की तर्ज पर मजबूत बनाकर सक्रिय करने के संबंध में आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल के महामंत्री का कहना है कि मुसलमान मसलक में बंटे हुए हैं। शिया, सुन्नी, देवबंदी, अहले हदीस समेत कई फिरकों में मुसलमान बंटा है। पहले मुशावरत को इन सभी को एकजुट करने का काम करना होगा। मुस्लिम संगठनों से मुशावरत के लोग पहले संपर्क स्थापित करें। उन्हें हर मीटिंग में आने की दावत दें। सभी मसलक के लोगों को एक करें फिर मुसलमानों के बीच जाएं। मुशावरत को अपना संगठन राज्य, जिला और वार्ड स्तर पर मजबूत करना होगा।

सीएम का सचिव बन सस्पेंड शिक्षिका से मांगे रुपये

औरैया, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष सचिव बताकर व्यक्ति ने निलंबित शिक्षिका का निलंबन निरस्त कराने के एवज में गोरखनाथ मंदिर में प्रसाद के लिए हजारों रुपये मांगे। आरोपी ने शिक्षिका को कान्फ्रेंस पर सुनवाया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) औरैया बात कर रहे हैं। पीड़िता ने जिलाधिकारी से कार्रवाई की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री की फोटो लगे वाट्स एप नंबर से निलंबित शिक्षिका को मैसेज दिया गया कि आपका निलंबन निरस्त करा दिया जा रहा है। बस आपको गोरखनाथ मंदिर के लिए प्रसाद हेतु 31 हजार रुपये डालने होंगे।

वर्ग पहेली-109

बाएं से दाएं

1.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

4. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।

5.1. सफ़ेद गाय 2. सफ़ेद गोल मिर्च।

8.1. अन्न के ढेर के चारों ओर गोबर आदि से घेरा बनाना 2. निशान लगाना।

9. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य; मायके के लोग।

ऊपर से नीचे

2.1. जिसके लिए कोई बंधन न हो, बंधन-रहित 2. स्वतंत्र।

3.1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।

6.1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।

7.1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छंटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।



वर्ग पहेली -108 का हल

गोला में पेड़ के सहारे इंसुलेटर फंसा दौड़ा दी बिजली

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

लापरवाही- 1

▸▸ **मितौली में बुजुर्ग की मौत और सख्त कार्रवाई का भी असर नहीं**

अमृत विचार: मितौली के रामनगर फीडर के अंतर्गत पेड़ में इंसुलेटर फंसाकर बिछाई गई हाईटेंशन लाइन के लटक जाने से 15 दिन पहले हुई बहोरीपुरवा गांव के 60 वर्षीय रामपाल की मौत और अवर अभियंता के निलंबन व संविदा कर्मचारी की संविदा समाप्ति के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हैं। इसका प्रमाण है गोला नगर में भूतनाथ मार्ग पर पेड़ में इंसुलेटर फंसाकर खींची गई हाईटेंशन लाइन। यहां से गुजरते लोगों को भले ही इन इंसुलेटर के सहारे दौड़ रही बिजली से डर लगता हो, लेकिन महकमे के जिम्मेदार बेपरवाह हैं। बता दें कि सात जून को मितौली बिजली सब स्टेशन अंतर्गत गांव डहर आंधी के कारण इंसुलेटर बंधी लाइन नीचे आ गई थी। मजरा बहोरी पुरवा निवासी 60 वर्षीय रामपाल भार्गव खेत में घास काटने जाते समय चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले में बिजली विभाग स्थानीय जिम्मेदारों की लापरवाही मिली थी और अवर अभियंता देवतादीन को निलंबित कर संविदा लाइनमैन पुष्पेंद्र कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई थी। साथ ही अधिशासी अभियंता और उप खंड अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके बाद भी नगर की लखीमपुर रोड पर बंसल राइस मिल के निकट भूतनाथ मार्ग पर बिजली आपूर्ति के लिए अधिकारियों ने जुगाड़ की नीति अपनाते हुए बिजली लाइन को पेड़ों में इंसुलेटर फंसा कर आपूर्ति कर रहा है। यहां एक पास लगे दो पेड़ों में इंसुलेटर बांधे गए हैं। ऐसे में यदि आंधी के दौरान पेड़ गिर जाए तो लाइन टूटने से करंट का खतरा रहेगा, वहीं बारिश से समय करंट उतर सकता है। बरसात में कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का खतरा है।

पेड़ में इंसुलेटर लगाकर खींचे तार।

लापरवाही -2

मुन्नूगंज में गली के बीच रखा ट्रांसफार्मर।

सुडोकू -22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

							9	3
		4			6			
	5			2		8		
			7			4		
3							1	6
		8			1			
	9	1						
	2		8			5		
6			4			7		

सुडोकू - 21 का हल

6	2	7	4	5	8	3	9	1
9	1	3	2	6	7	4	8	5
5	8	4	9	3	1	2	6	7
8	6	1	5	2	9	7	4	3
7	3	5	1	8	4	6	2	9
2	4	9	6	7	3	5	1	8
4	5	8	3	9	2	1	7	6
1	7	6	8	4	5	9	3	2
3	9	2	7	1	6	8	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 24 जून 03.25 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 17.03 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज आप सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल रहेंगे तथा लोगों के सामने आप एक परिपक्व व्यक्ति के रूप में सामने आएंगे। रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष — आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से आप थोड़े नाराज हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी।

मिथुन — आज व्यापार में भी अपेक्षित प्रगति देखने को मिलेगी। मन में कई दिनों से जो शंका थी, उसका समाधान हो सकता है। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करेंगे।

कर्क — आज सेहत को लेकर लापरवाही न करें। अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है।

सिंह — आज प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शांत रहेगा। उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता मिल सकती है। नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलने का अवसर मिलेगा।

कन्या — आज घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। व्यापार में सफलता मिलेगी। चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

तुला — आज वरिष्ठ अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे।

वृश्चिक — आज विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। लोगों से बहुत अपेक्षाएं न रखें। आपकी कार्यशैली में सुधार देखने को मिलेगा। महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए दिन उत्तम नहीं है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा।

धनु — आज व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपको मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। किसी नई पॉलिसी में निवेश करने की योजना पर काम कर सकते हैं। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मकर — आज दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। शाम के समय किसी प्रियजन से चर्चा कर मन शांत होगा। अधीनस्थ लोगों पर ज्यादा निर्भरता न रखें। दांपत्य जीवन में तनाव हो सकता है। सेहत काफी नरम रहने वाली है।

कुंभ — आज दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार कर सकते हैं। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं।

मीन — आज भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करें। कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की अपेक्षा रखेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
हैसियत — दोपहर : 12.00
दरार — रात : 07.16

&pictures
सिम्बा — सुबह : 11.00
शादी में जरूर आना — रात : 08.00

SONY PIX
65 — सुबह : 11.15
स्पाइडर मैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
रमैया वस्तावैया — दोपहर : 12.00
भोला — रात : 08.30

colors CINEPLEX
कर्ज — सुबह : 11.10
गंगूबाई काठियावाड़ी — रात : 07.55

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 07.55 बजे

जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं।
पति- (कमेंटरी के अंदाज़ में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

योग आत्मबोध का दर्शन



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मन: शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है।

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षड्दर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय है। दो दिन पहले 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस था। योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया है। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, "शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।" मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, "जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।" मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, "आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, "आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।" सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, "आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।" मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, "यथाभिमतध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, "क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, "समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।" योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि "जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।" पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना सन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

विज्ञान और दार्शनिक पक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दारा शिकोह ने शाहजहां के दरबारी संस्कृत कवि पंडितराज जगन्नाथ के मार्गदर्शन में और बनारस के कई अन्य पंडितों की सहायता से 50 उपनिषदों का फारसी में 'सिर्र-ए-अकबर' (सबसे बड़ा रहस्य) के नाम से स्वयं अनुवाद किया था।

एक फ्रांसीसी विद्वान एक्वेटिक डु पेरां द्वारा फारसी से लैटिन में किए गए इसके अनुवाद से यूरोप उपनिषदों के ज्ञान से परिचित हुआ और शापेनहावर जैसे जर्मन दार्शनिक इस ज्ञान की अप्रतिम सूक्ष्मता और निरपेक्ष सत्य के प्रति इसके उत्कट आग्रह से प्रभावित हुए। संस्कृत से सीधे यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद बहुत बाद में हुआ।

आर्थर शापेनहावर ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'द वर्ल्ड एज विल एंड रेप्रज़ेंटैशन' (जर्मन से अंग्रेजी में अनूदित नाम) में स्वीकार किया है कि भारत के ऋषियों ने शायद सत्य को पहचान लिया था। दारा शिकोह की दुर्लभ फारसी पुस्तक सिर्र-ए-अकबर इलाहाबाद विवि के इतिहास विभाग के प्रोफेसर ताराचंद (1888-1973) द्वारा अंग्रेजी में लिखित 49 पृष्ठों की भूमिका के साथ प्रकाशित हुई थी जिसे प्रोफेसर ताराचंद ने अपनी ईरान यात्रा के दौरान ईरान के तत्कालीन शाह-मोहम्मद रजा शाह पहलवी को भेंट किया था।

शापेनहावर के माध्यम से ही भौतिकी में नोबल पुरस्कार से सम्मानित आइरिश ऑस्ट्रियाई भौतिकशास्त्री एरविन श्रोडिन्गर (अर्विन श्रोडिन्गर, 1887-1961) उपनिषदों और भारतीय वेदांत दर्शन से परिचित हुए थे।

अद्वैत वेदांत के अनुसार परम या विश्व चेतना ही सृष्टि का आदि कारण है और कार्य कारण संबंध से समस्त सृष्टि में व्याप्त है। नानारूप वस्तुजगत उसी विश्व चेतना का अध्यास है। वही विश्व चेतना हर मनुष्य की चेतना में प्रतिबिंबित है। अर्विन श्रोडिन्गर क्वांटम भौतिकी के पाश्चात्य वैज्ञानिकों के उस समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने क्वांटम भौतिकी की बोधगम्यता के लिए मानव चेतना की समांतर वास्तविकता को अकाट्य पाया और भारतीय उपनिषदों के ज्ञान का उल्लेख करते हुए उसमें निहित चेतना और पदार्थ के अद्वैत के प्रति आदर व्यक्त किया।

श्रोन्दिगर ने 1922 में लिखे अपने एक शोधपत्र में वर्णक्रमीय रेखाओं के संदर्भ में सापेक्षी डॉप्लर प्रभाव (जब इलेक्ट्रॉन-तरंग का निरीक्षक उसके स्रोत की ओर बढ़ता है तो उसी के सापेक्ष तरंग की आवृत्ति भी बढ़ती जाती है) पर एक समीकरण विकसित किया। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'जीवन क्या है?' में श्रोन्दिगर ने आनुवंशिकी और जैवीय परिघटना को भौतिकशास्त्र की दृष्टि से परखा और विज्ञान के दार्शनिक पक्ष पर विचार करते हुए, पौर्वात्य दार्शनिक एवं नैतिक अवधारणाओं को स्वीकार्य पाया।

श्रोडिन्गर ने मस्तिष्क और पदार्थ विषय पर दिए गए अपने एक व्याख्यान में कहा, "स्थान और समय के आरपार फैला संसार हमारी ही अनुकृति है (यथा पिंडे तथा ब्रह्माण्डे?) यदि संसार वस्तुतः हमारे निरीक्षण कर्म पर आधारित है तो अरबों संसार होने चाहिए हम सब का एक-एक संसार, लेकिन ऐसा कैसे हुआ कि हमारा और आपका संसार वही है, एक ही है, वह क्या है जो इन सभी संसारों को एक-दूसरे के समतुल्य बनाता है?" इसी के साथ श्रोडिन्गर ने औपनिषद महावाक्य 'तत्वमसि' के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। श्रोडिन्गर का निष्कर्ष था-"चेतना की व्याख्या भौतिक शब्दावली में नहीं हो सकती, क्योंकि चेतना निरपेक्ष रूप से मूलभूत सत्ता है। किसी भी इतर संदर्भ से इसकी व्याख्या नहीं हो सकती।"

पता नहीं, भारत को विश्वगुरु सिद्ध करने को बेताब हमारे वर्तमान पुरोधाओं को आर्थर शापेनहावर के माध्यम से अर्विन श्रोडिन्गर को प्राप्त उपनिषद ज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों में उसकी प्रासंगिकता का कुछ इल्म है या नहीं!

नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान के मायने

प्रो. महेश चंद गुप्ता
दिल्ली

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है, बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनजीर्वित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके जरिए समूची दुनिया में ज्ञान की अलख जगाने के साथ-साथ एक नया इतिहास रचा जाना तय हो गया है।

सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। नालंदा में प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास नई इमारत की तामीर हमें गौरवान्वित कर रही है। वैसे तो इमारतें रोज बनती हैं, मगर नालंदा में यह नव निर्माण अनूठा है, देश के लिए गर्व का विषय है। नालंदा में मोदी ने कहा भी है कि ''मैं नालंदा को भारत की विकास यात्रा के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, नालंदा मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है।'' नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था, क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5 वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनिया भर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे।

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था, जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। आसुरी शक्तियों ने समय-समय पर हमारे वैभव को मिटा कर हमें निराश, हताश और आहत करने के लिए प्रयास किए। अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए।

हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं, मगर वह ज्ञान को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस ज्ञान को कैसे मिटाते, जो हमारे सहज स्वभाव में है। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश होकर चले गए, लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और उत्कृष्टता के रूप में नामित नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है। मैं चार दशक से ज्यादा समय दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहा हूं। एक शिक्षक के रूप में लंबे अनुभव की बदौलत मेरी यह मान्यता है कि शिक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा की सीढ़ी पर चढ़कर ही विकास की प्रत्येक मंजिल पर पहुंचा जा सकता है।

यदि हम आजादी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं तो यह शिक्षा की बदौलत ही संभव है, लेकिन यह इतना सरल और सहज नहीं है। इसके लिए देश के विश्वविद्यालयों के लिए जमकर काम करना होगा। सरकारी विश्वविद्यालयों को ऊर्जावान बनाना होगा। सभी राज्यों को अपने-अपने विश्वविद्यालयों का ढांचा मजबूत करने के लिए होड़ लगानी पड़ेगी। अभी देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक शिक्षा और सरकारी विश्वविद्यालयों की जो हालत है, वह बेहद चिंताजनक हैं। आजादी के बाद सत्तर सालों में शिक्षा को नजरअंदाज ही किया गया है। बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। इसी कारण हमारे सरकारी विश्वविद्यालय और अन्य उच्चतर संस्थान पिछड़ गए। हमारे देश में निजी विश्वविद्यालय निरंतर विस्तार कर रहे हैं, पैसा कमा रहे हैं, लेकिन इसके विपरीत यूजीसी की फंडिंग वाले विश्वविद्यालय पिछड़ रहे हैं।

हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालयों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं है। उनमें विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम का अभाव है। अच्छे ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, एकेडमिक ब्लॉक्स और बेहतरीन लैब की कमी खलती है, जो भारत प्राचीन काल में समूचे विश्व में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था, जिस भारत में उच्च शिक्षा के दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में शामिल सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, उस भारत में विश्वविद्यालयों की मौजूदा स्थिति विचारणीय है। इस वजह से देश में उच्च शिक्षा गुणवत्ता के लिहाज से पिछड़ रही है। धनवान लोगों के बच्चे तो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले जाते हैं और वहीं करियर बनाकर बस भी जाते हैं। आम लोगों के बच्चे निजी विश्वविद्यालयों में शोषण झेल रहे हैं। यूजीसी फंडिंग वाले विश्वविद्यालयों की स्थिति सुधारी जाए तो हालात बदले जा सकते हैं। ऐसा तभी संभव है, जब हम हमारे विश्वविद्यालयों को विश्व रैंकिंग में लाएंगे। उन्हें बड़ा ब्रांड बनाने की दिशा में काम करेंगे।

जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंको ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंकों को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है? 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की शुरुआत हुई थी, लेकिन विगत वर्षों में कुछ बैंको के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा।

सरकार को अपनी सोच बदलकर न केवल इनका वर्तमान स्वरूप बनाए रखने की जरूरत है, बल्कि वर्तमान निजी बैंकों को भी राष्ट्रीयकृत घोषित करने की जरूरत है। आखिर जनता की जमा राशियों को सुरक्षित हाथों में रखने की भी जरूरत है।

सरकार को चाहिए कि वो इस बात को समझे कि जनता की निधि जनता के हितों और सामाजिक लाभ के लिए ही हो, न कि प्राइवेट लूट के लिए, आने वाले बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर यह मांग बैंक कर्मचारियों की ओर से उठने जा भी रही है। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आशा से अधिक लाभ कमा कर दिया है तो जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमाराशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है। क्या हमारी यह सरकार इस पर विचार करेगी?

सनातन सहिष्णुता

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ओटीटी नेटफ्लिक्स पर आई महाराज फिल्म देखी। एक सत्य ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बावजूद यह प्रभावित नहीं करती। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जितनी स्वतंत्रता फिल्मकार हिन्दू धर्म की विकृतियों को उघाड़ने में लेते हैं, दूसरे धर्मों की नुक्ताचीनी में उनकी घिघ्घी क्यों बंधी रहती है?

क्या यह हिन्दू धर्म की सनातन सहिष्णुता का नाजायज फायदा उठाना नहीं है? इस लिहाज से महाराज ओटीटी फिल्म को यदि वल्लभाचार्य संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा अदालत में दी गई चुनौती कि उनकी भावनाओं को फिल्म द्वारा आहत किया गया है, उचित है अथवा अनुचित अदालत को फैसला करना है। महाराज से जुड़े अदालती मामले की विस्तृत जानकारी गूगल पर उपलब्ध है।

फिल्म 1862 की एक सच्ची घटना से संबंधित है जिसमें एक वैष्णवपंथी दुराचारी मठाधीश हवेली में चरणसेवा के नाम पर नारियों का दैहिक मानसिक शोषण करता रहता है और धर्म तथा परंपरा के नाम उसको उचित ठहराता है। नायक जब धर्म के नाम पर दुराचार का विरोध करता है और अपने पक्ष में जन जागरण करता है तो महाराज द्वारा अदालत में उसके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर किया जाता है। अंग्रेजी कोर्ट का फैसला महाराज के विरुद्ध आता है। फिल्म में महाराज के अभिनय के अलावा सभी दूसरे पात्र बहुत फीके हैं। संवाद प्रभावशाली हैं, पर उनकी अदायगी बेदम है। न भी देखेंगे तो चलेगा।

इसके साथ ही अन्नू कपूर की "हम दो हमारे बारह" भी अदालती प्रक्रिया से गुजरकर तनिक कतर ब्योत के साथ रिलीज हो गई है जिस पर मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग आहत है। फिल्म अभी मैंने देखी नहीं इसलिए उस पर टिप्पणी करना मुनासिब नहीं है।

उत्तराखंड में हादसों की सड़कें

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों की हालातों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो।

पिछले कुछ महीनों से पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और खूनी सड़कें लगातार लोगों की जिंदगियां ले रही हैं। गत 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाईवे पर दिल्ली से आए एक टेंपो ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिर जाने से पंद्रह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण टेंपो ट्रैवलर के ड्राइवर को नींद आना बताया जा रहा है। झपकी आने के कारण ड्राइवर स्टेरिंग से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो ट्रैवलर सीधे नदी में जा गिरा। लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा पर कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है।

इस दुर्घटना के कुछ दिन बाद पौड़ी गढ़वाल जनपद में भी दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं। खिरसू के पास एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही सतपुली में एक टाटा सुमो के खाई में गिरने से 10 लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसके अतिरिक्त आए दिन पहाड़ में सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

इस समय उत्तराखंड में पर्यटन सीजन चल रहा है। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार है। पर्यटन स्थलों और चार धामों जाती सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है। ज्यादातर सड़क हादसे चालकों की लापरवाही से होते हैं। मैदानी सड़कों पर चलने वाले ड्राइवरों को पहाड़ की घुमावदार सड़कों पर वाहन चलाने का अनुभव नहीं होता। उन्हें सड़कों की स्थिति का पता नहीं होता कि कहां सड़कें संकरी हैं, कहां घुमावदार मोड़ है और कहां सीधी चढ़ाई या तीव्र ढलान। जरा सी लापरवाही हुई नहीं कि वाहन दुर्घटना का सबक बन जाता है।

नशे में गाड़ी चलाना भी सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण है। रात के समय अधिकांश ड्राइवर नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए हैं। नशा और ऊपर से तेज गाड़ी चलाने के कारण भी दुर्घटनाएं होती हैं। पहले पहाड़ में रात के समय गाड़ी चलाना मना था, लेकिन अब नियमों में थोड़ी डील मिलने से ड्राइवर रात को भी धड़ल्ले से गाड़ी चला रहे हैं। नतीजन कई बार चालकों को झपकी आने से भी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। रुद्रप्रयाग जनपद में हुई घटना के बाद प्रशासन ने रुद्रप्रयाग जिले में रात में वाहन चलाने पर रोक लगा दी है।

दूसरे कारणों में सड़कों की स्थिति और बनावट है। पहाड़ी इलाकों में खासकर संपर्क मार्गों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं हैं। लगातार होते भूस्खलनों के कारण भी सड़कों की स्थिति खराब है। कई जगहों पर सड़कें बहुत संकरी और टूटी हैं तो कहीं सड़कों में गड्ढे हैं। कहीं सड़क किनारे सुरक्षा के लिए लगाए गए पैराफिट ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त कई सड़कों में वर्षों से डामरीकरण नहीं हुआ है। दुर्घटना के लिए चाहे वाहन चालक की लापरवाही हो या सड़क की बदतर स्थिति, दोनों ही सूरत में जिम्मेदारी सरकारी विभागों की ही होती है, क्योंकि सड़क बनाना, वाहन की फिटनेस, सड़क नियमों का पालन कराना, वाहन चालकों को लाइसेंस देना, इन सब में सरकारी विभागों की ही भागीदारी और जिम्मेदारी है।

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो। वाहन चालकों को जागरूक और प्रशिक्षित किए जाने की भी आवश्यकता है।

परीक्षा में धांधली रोकने को कड़ाई जरूरी

ऐसे में उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन-जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

केंद्र तथा राज्य सरकारों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने से चतुर्दिक अफरातफरी की स्थिति हो जाती है। इस वक्त तो केंद्र की नीट एवं यूजीसी नेट का मामला सामने है, लेकिन इसके पहले यूपी में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए तथा पैसे के बल पर बेचे गए। इसका जबर्दस्त विरोध भी हुआ। हिंसक झड़पें हुईं। इसके अलावा विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में अनेक अभ्यर्थियों ने आत्महत्याएं भी कर ली। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं। जिन अभिभावकों के पास पर्याप्त धन है तो उनके ऊपर इस तरह का आर्थिक बोझ भले न पड़ता हो, लेकिन बच्चों पर विपरीत मानसिक दवाब पड़ता है। इसी में पैसे से सब कुछ हासिल करने वाले बच्चे और उनके अभिभावक लाखों रुपए तक खर्च कर एडवांस में पेपर प्राप्त कर लेते हैं। उनकी सेहत पर लीक से कोई असर नहीं पड़ता। अभी लोकसभा चुनाव के पूर्व यूपी में पुलिस परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ। लीक पेपरों की प्रारंभिक जांच में इस तरह की बातें सामने आ रही हैं कि लीक करने वाले सामान्य स्तर के नहीं होते। मध्य प्रदेश के व्यापम मामले की याद ताजा होती रहती है।

पेपर सुचारु और पवित्र हो, इस दायित्व में फिलहाल सरकारी मशीनरी फेल दिखती है। स्मरणीय है कि लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में भी बड़ी अव्यवस्था होती थी, लेकिन जब से अर्धसैनिक बलों की देखरेख में चुनाव की जिम्मेदारी आई तब से चुनावों में हिंसा, मारकाट एवं हानि बहुत कम हुई है। ऐसी स्थिति में यदि सरकारी तंत्र परीक्षा संपन्न कराने में असफल हो रहा है तो हर तरह की प्रतियोगी परीक्षा में भी अर्धसैनिक बलों का इस्तेमाल किया जाए। पेपर बनाने, परीक्षा कराने से लेकर रिजल्ट आउट होने तक सारा इंतजाम अर्धसैनिक बलों की निगरानी में किया जाए। केवल कुछ सख्त कानून से काम नहीं चलेगा, इसके लिए कड़ाई बरतने की भी जरूरत है।

एक नजर

ताजमहल देखने आई आंध्र प्रदेश की महिला की मौत

आगरा : ताजमहल देखने आई आंध्र प्रदेश की एक महिला की शनिवार को मौत हो गई है। महिला की पहचान आंध्र प्रदेश की निवासी लिंगाला पुनयावथी (59) के रूप में हुई है जो अचानक तबीयत खराब होने से यहां शिल्पग्राम परिसर में बेहोश हो गई थीं। पुलिस के अनुसार यह महिला जिस पर्यटक समूह का हिस्सा थीं वह उन्हें ऑटो से अस्पताल ले जा रहा था। इसी बीच किसी ने थाना पर्यटन पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के मुताबिक उन्हें ऑक्सीजन दिया गया और एंबुलेंस से एसएन मेडिकल कॉलेज में भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना पर्यटन पुलिस एसआई मनोज कुमार ने बताया कि उनके द्वारा पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि गर्मी से वह बेहोश हुई थीं।

गोहत्या मामले में दो पर रासुका, कलेक्टर और एसपी का तबादला

सिवनी (मप्र) : मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने शनिवार को गोहत्या में शामिल होने के आरोपी दो लोगों पर कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगा दिया और जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक का तबादला कर दिया। मुख्यमंत्री ने देर रात सोशल मीडिया पर बताया कि सिवनी के कलेक्टर क्षितिज सिंघल और पुलिस अधीक्षक (एसपी) राकेश कुमार सिंह का तबादला कर दिया गया है। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि संस्कृति जैन को नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। जिले में दो दिन पहले एक नदी और जंगली इलाके में 40 से अधिक गायों के शव मिले थे, जिसके बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मुख्यमंत्री यादव ने 'एक्स' पर लिखा कि गोमाता के खिलाफ कोई भी अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गोवंश हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच की जाएगी।

दो बच्चों समेत मां ने जहर खाकर दी जान

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- भाई से विवाद के बाद दादा के घर में रह रही थी महिला
- नोएडा में करती थी मजदूरी पिछले हफ्ते आई थी गांव

अमृत विचार : घरेलू कलह से ऊबकर महिला ने अपने दो बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। इसमें महिला और बड़े बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटे बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम बंडवा निवासी राजकुमारी (50) पत्नी रामकुमार ने बताया कि उसकी पुत्री 26 वर्षीय मोहिनी ने 10 वर्ष पूर्व ग्राम कछुवा राठ निवासी हेमंत से प्रेम विवाह किया था। पिछले दो वर्षों से दोनों अलग रह रहे थे। मोहिनी अपने दो बच्चों गौतम और हर्ष के साथ नोएडा में रहकर मजदूरी कर अपना जीवन चला रही थी। पिछले हफ्ते ही नोएडा से वह अपने ग्राम बंडवा आई थी। घर आने के बाद मोहिनी के भाई गोलू से विवाद हुआ तो उसने घर से निकल जाने की बात कह दी थी। इसके बाद मोहिनी अपने दादा धन्नु के घर में रह रही थी। शनिवार को वह दोपहर अपने दोनों बच्चों को लेकर नोएडा जाने की बात कहकर घर से मुस्करा आ गई। दिन में तीन बजे नोएडा में मोहिनी के पास रहने वाली उसकी सहेली दीपा का फोन आया कि मोहिनी ने उसे फोन किया है कि मैंने दोनों बच्चों सहित जहर की गोली खा ली है और मरने जा रही हूं। मां को सूचना कर दो। इसके बाद वह तुरंत ही मुस्करा आई और घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि बेटी मोहिनी और 5 वर्षीय नाती गौतम की मौत हो चुकी थी। जबकि 3 वर्षीय नाती हर्ष गंभीर हालत में था। उसे सीएचसी ले जाया गया वहां पर इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉ. शिवजी गुप्ता ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में छोटे बच्चे हर्ष की भी मौत हो गई। गोलू ने बताया कि मोहिनी उसकी बात नहीं मानती थी। वह उसके दादा के लड़के भूपेंद्र का कहना मानती थी। जिसके चलते भाई-बहन में विवाद हुआ था। दादा का लड़का भूपेंद्र बहन को लेकर मुस्करा आया था और छोड़कर कहीं भाग गया। थाना प्रभारी शशि पांडे ने बताया कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बच्चियों पर कुत्तों ने किया हमला, एक की मौत

रुकय्या
(फाइल फोटो)

किरतपुर (बिजनौर), अमृत विचार : किरतपुर कस्बा के मोहल्ला इस्लामनगर में घर के बाहर सड़क पर खेल रहीं दो बहनों समेत तीन बच्चियों पर खूंखार कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्ते खींचकर एक बच्ची को आम के बाग में ले गए। वहां कुत्तों ने नोकर उसे मार डाला। दो बच्चियां मामूली घायल हुई हैं। नगर में छितावर रोड स्थित मोहल्ला इस्लाम नगर में फहीम का परिवार रहता है। शनिवार सुबह आठ बजे उनकी दोनों बेटियां रुकय्या (5 वर्ष), आसिफा (7 वर्ष) और पड़ोसी की पुत्री जवेरिया (5 वर्ष) सड़क पर खेल रही थीं। तभी पास में ही बाग से निकलकर कुत्तों ने बच्चियों पर हमला कर दिया। कुत्ते रुकय्या को खींचकर बाग में ले गए। वहां उसे नोचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाग की रखवाली कर रहे लोगों ने कुत्तों को भगाकर बच्ची को बचाया और घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। इस बीच बच्ची के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुमार ने गंभीर रूप से घायल बच्ची को प्राथमिक उपचार देकर बिजनौर के लिए रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

वाईएसआरसीपी के कार्यालय पर चला बुलडोजर

अमरावती, एजेंसी

- जगनमोहन ने कहा-प्रतिशोध की राजनीति कर रहे चंद्रबाबू नायडू

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को राज्य सरकार ने बुलडोजर से गिरवा दिया है। शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए) ने की। गुंटूर के तडेपल्ली में यह कार्यालय करीब दो एकड़ जमीन में बनाया जा रहा था।

कार्रवाई के लिए तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता की शिकायत को आधार बनाया गया। तेदेपा नेता ने सीआरडीए और मंगलगिरी ताडेपल्ली नगर निगम (एमटीएमसी) के आयुक्तों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि वाईएसआर कांग्रेस का कार्यालय सिंचाई विभाग की दो एकड़ जमीन पर अवैध रूप से बनाया जा रहा है। सत्तारूढ़ तेदेपा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ताडेपल्ली में सर्वेक्षण संख्या 202/ए1 के तहत कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि का यह टुकड़ा आवंटित किया था। जगनमोहन रेड्डी ने इस दो एकड़ जमीन पर पार्टी का कार्यालय बनाकर पड़ोस की 15 एकड़ जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी।

उत्तराखंड उपचुनाव से आकाश आनंद की वापसी

बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलौर के लिए बनाया स्टार कैंपेनर

ब्यूरो, देहरादून

- बसपा हरिद्वार जिले में रहा है बसपा का खासा प्रभाव

अमृत विचार : बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में फिर से वापसी हो गई है। बसपा ने आकाश आनंद को राज्य में दो सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में स्टार कैंपेनर बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर की ओर से जारी की गई 13 स्टार प्रचारकों की सूची में बसपा सुप्रीमो मायावती के बाद दूसरा नाम उनके भतीजे आकाश आनंद का है।

राज्य में चमोली जिले की बदरीनाथ और हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा में उपचुनाव हो रहा है। 10 जुलाई को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव से पहले बदरीनाथ विस से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। वहीं मंगलौर विस सीट से बसपा के सरवत करीम अंसारी विधायक थे। लेकिन उनका निधन होने के बाद अब मंगलौर सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है। बसपा ने मंगलौर सीट पर पूर्व विधायक सरवत करीम अंसारी के बेटे उदेबुर्रहमान को प्रत्याशी बनाया है।

हरिद्वार जिले में बसपा का खासा प्रभाव रहा है। हालांकि वर्ष 2022 के चुनाव में बसपा को हरिद्वार जिले की 11 में से सिर्फ दो सीटों पर ही सफलता मिली थी। लेकिन पूर्व में यहां बसपा का कई सीटों पर कब्जा रहा है। बसपा अपने वोट बैंक को फिर से समेटने में जुट गई है। यही वजह है कि मंगलौर विस उपचुनाव को पार्टी बेहद गंभीरता से ले रही है। इस सीट पर बसपा सुप्रीमो मायावती भी आएंगी। पार्टी की ओर से 13 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई है। सूची में मायावती के बाद दूसरा बड़ा नाम उनके भतीजे आकाश आनंद का है। राजनैतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि यह आकाश आनंद की पार्टी में दोबारा वापसी है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान एकाएक मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी में सभी पदों से मुक्त कर दिया था। जबकि कुछ महीने पहले ही उन्होंने आकाश को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उस समय आकाश पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर थे। तब आकाश ने महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे पर तेवर दिखाए थे।

बांग्लादेशी मूल के अल्पसंख्यकों ने कांग्रेस को खूब दिया वोट : हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी

- असम के मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक समुदाय बोला तीखा हमला

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि बांग्लादेशी मूल के अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों ने केंद्र और राज्य में भाजपा नीत सरकारों द्वारा उनके लिए किए गए विकास कार्यों पर विचार किए बिना इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बढ़-चढ़कर वोट दिया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि यह असम का एकमात्र समुदाय है जो सांप्रदायिकता में लिप्त है।

यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा और सहयोगी दलों के विजयी उम्मीदवारों के अभिनंदन समारोह में उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन को लगभग 47 प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने 39 प्रतिशत वोट हासिल किए। भाजपा-अगप-यूपीपीएल गठबंधन ने राज्य की 14 में से 11 लोकसभा सीट पर जीत हासिल की, जबकि शेष तीन सीट कांग्रेस ने जीतीं। उन्होंने दावा किया कि अगर हम कांग्रेस के 39 प्रतिशत मतों का विश्लेषण करें तो यह पूरे राज्य से नहीं मिला है। इसका 50 प्रतिशत हिस्सा 21 विधानसभा क्षेत्रों में से मिला है, जो अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र हैं। इन अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में भाजपा को तीन प्रतिशत वोट मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे साबित होता है कि हिंदू सांप्रदायिकता में लिप्त नहीं हैं। अगर असम में कोई सांप्रदायिकता में लिप्त है तो वह केवल एक समुदाय, एक धर्म है। कोई अन्य धर्म ऐसा नहीं करता।

दो पक्षों में चली गोलियां, पिता-पुत्र की मौत

गाजियाबाद, एजेंसी

- खेत में सिंचाई को लेकर दोनों पक्षों में शुरू हुआ था विवाद

जिले के निवाड़ी थाना क्षेत्र में विवाद के चलते एक व्यक्ति और उसके पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि हमले में उसका दूसरा पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार निवाड़ी क्षेत्र के खिंदौड़ा-धौलड़ी रजवहा संपर्क मार्ग पर रात कुछ लोगों ने आम के बाग के ठेकेदार धौलड़ी निवासी पप्पू (55), उनके पुत्र राजा (26) और चांद (22) पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। इस हमले में पप्पू और राजा की मौके पर मौत हो गई, जबकि कंधे और हाथ में कई गोलियां लगने के बावजूद चांद किसी तरह वहां से भाग निकला। चांद की हालत गंभीर है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया कि गाजियाबाद के निवाड़ी थाना क्षेत्र में खिंदौड़ा के पास एक जलस्रोत से सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति लेने के मुद्दे पर दो पक्षों में विवाद हुआ। यादव ने बताया कि पप्पू और उनके बेटे मोटरसाइकिल से आम के एक बगीचे से दूसरे बगीचे जा रहे थे, जिसे उन्होंने वेद प्रकाश त्यागी से ठेके पर लिया था। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इन तीनों की शुक्रवार शाम को बगल के बगीचे के मालिक के साथ तीखी नोकझोंक हुई थी।

बीती रात बाग में पहले से ही मौजूद हमलावरों के एक समूह ने उन पर गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि मौके से पुलिस को पांच खाली कारतूस मिले हैं। पुलिस ने शनिवार सुबह पप्पू और राजा के शवों को नहर से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चांद के गुस्साए परिजनों ने शनिवार को निवाड़ी रोड पर यातायात जाम कर दिया। वे दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। दोनों पक्ष अलग-अलग धर्मों के होने के कारण खिंदौड़ा गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। पप्पू के परिजनों की शिकायत के आधार पर सात नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि तीन मुख्य आरोपियों बिट्टू त्यागी, दीपक त्यागी और पिता सुधीर त्यागी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा में जुटे हजारों श्रद्धालु

पुरी (ओडिशा) : पुरी शहर में शनिवार को 12वीं सदी के मंदिर में हजारों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा के लिए एकत्रित हुए। चक्रराज सुदर्शन के साथ भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की मूर्तियों को मंदिर परिसर में स्थित स्नान मंडप में लाया गया, जहां उन पर 108 घड़ों का पवित्र जल डाला गया। भगवान जगन्नाथ को 35 घड़ों के जल से स्नान कराया गया, जबकि भगवान बलभद्र को 33 घड़ों, देवी सुभद्रा को 22 घड़ों और चक्रराज सुदर्शन को 18 घड़ों के जल से स्नान कराया गया। जल मंदिर स्थित सुना कुआं या स्वर्ण कुएं से लाया गया। पानी में जड़ी-बूटी और सुगंधित तत्व मिलाए गए और उसके बाद उस जल से स्नान बेदी में देवताओं का स्नान कराया गया। यह अनुष्ठान वार्षिक रथयात्रा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है।

बीआरएस ने सिंगरेनी कोलियरीज को लूटा : रेड्डी

हैदराबाद : केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में सरकार संचालित खनन इकाई सिंगरेनी कोलियरीज को पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार के दौरान लूटा गया और आर्थिक रूप से बर्बाद किया गया।

कोयला एवं खान मंत्री रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा कि 2014 में जब तेलंगाना के गठन के साथ बीआरएस सत्ता में आई थी, तब कंपनी के पास 3,500 करोड़ रुपये बैंक जमा थे, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के अहंकारी, अनियमित और अव्यवस्थित प्रशासन और अत्याधिक हस्तक्षेप के कारण अब यह कर्ज में डूबी हुई है।

उत्तराखंड

पहाड़ों पर हुई बारिश शहर के लिए बनी संजीवनी

47 से बढ़कर 130 क्यूसेक हुआ बैराज का जलस्तर

संवाददाता, हल्द्वानी

पहाड़ों में बारिश के बाद गौला बैराज में पानी का रंग हुआ मटमैला। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पहाड़ों पर हुई बारिश हल्द्वानी के लिए संजीवनी साबित हुई है। गौला नदी के लगातार गिरते जल स्तर में सुधार हुआ है। इससे हल्द्वानी में गौला नदी से होने वाली पानी आपूर्ति की समस्या दूर होगी।

भीषण गर्मी से गौला नदी के जल स्तर में लगातार गिरावट हो रही थी। पिछले सप्ताह गौला नदी का जल स्तर न्यूनतम 47 क्यूसेक दर्ज हुआ जो कि रिकॉर्ड गिरावट थी जबकि हल्द्वानी के शहरी क्षेत्र व शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में गौला नदी से आपूर्ति होती है। इस वजह से इन क्षेत्रों में भी पानी का हाहाकार मच गया था। सिंचाई के लिए भी रोस्टर बनाकर पानी आपूर्ति की जा रही थी। सप्ताह में पांचवें दिन सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा था। भीषण गर्मी में इसमें गिरावट हो रही थी। आशंका थी जल्द बारिश नहीं हुई तो स्थिति भयावह हो सकती है। इधर, पहाड़ों पर हुई झमाझम बारिश से गौला नदी के 130 क्यूसेक तक उछाल आया है। शनिवार को गौला बैराज का जलस्तर 130 क्यूसेक रिकार्ड किया गया। इसमें 30 क्यूसेक पानी शीश महल स्थित फिल्टर प्लांट को दिया गया बाकी का 100 क्यूसेक स्टोर किया गया है। गौला बैराज के इंजार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि बारिश से नदी में पानी रिचार्ज होने लगा है, मानसून सत्र शुरू होने से अब लगातार नदी में पानी की मात्रा बढ़ती रहेगी।

बिनसर महादेव में पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का हुआ समापन

संवाददाता रानीखेत

स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार: विकासखंड ताड़ीखेत के सौनी स्थित विगत 10 दिनों से चल रहे स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर में होमात्मक यज्ञ एवं श्रीमदिशवपुराण ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान, वस्ण व व्यास पूजन तथा पुराण व पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

विगत 11 जून से प्रारंभ होमात्मक यज्ञ एवं शिव पुराण प्रारंभ हुआ था। जिसका पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर विशाल भंडारे में दूरदराज से आए हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। इसमें उत्तराखंड एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण विधेयक-2024 समेत 12 महत्वपूर्ण प्रस्ताव चर्चा के बाद स्वीकृत किए गए। बैठक में वित्त, शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, कृषि एवं कृषक कल्याण, शहरी विकास, राजस्व, महिला सशक्तिकरण समेत कई विभागों के प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने सबसे महत्वपूर्ण उत्तराखंड एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण विधेयक-2024 को मंजूरी दी। इसके तहत उत्तराखंड के सभी शहरी क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- आवास विभाग के विभिन्न प्राधिकरण में मिनिस्टीरियल कार्मिक की नियमावली को मंजूरी।
- कर्मियों की ट्रेनिंग अलग-अलग चरणों में होगी। प्रमोशन के बाद भी ट्रेनिंग दी जाएगी। सचिवालय सेवा व पीसीएस अफसरों की ट्रेनिंग अकादमी में होगी
- कर्मियों के वेतन खाते किसी न किसी बैंक में होते हैं। बैंक सुविधा देते हैं, लेकिन कर्मियों को लाभ नहीं मिल रहा था। स्टेट बैंक, बड़ोदा, यूनियन और केनरा बैंक में जिनके भी खाते होंगे, उनके कर्मचारियों को एक्सीडेंटल बीमा 30 लाख से 1 करोड़ तक मिलेगा। अपंगता में भी इसका लाभ मिलेगा। बच्चों को शिक्षा आदि भी मिलेगी। अलग से कोई प्रीमियम नहीं देना होगा। राज्य सरकार ने इन चार बैंकों से एमओयू के लिए डायरेक्टर ट्रेजरी को अधिकृत किया गया है।
- पर्यटन नीति 2018 में आई थी, जिसमें जिलों के हिसाब से सब्सिडी मिलती थी। यह तय कर दिया है कि इसके तहत एसजीएसटी रिम्बर्समेंट के तौर पर अगले पांच साल तक और मिलेगा। अब यह अवधि कुल 10 साल हो गई है।
- महासू देवता मंदिर के मास्टर प्लान को मंजूरी। प्रभावितों के लिए विस्थापन की नीति लाई गई है। जिनके पास जमीन है, उन्हें मकान बनाने को 10 लाख मिलेंगे। जिनके पास जमीन नहीं है ऐसे 26 परिवारों को सरकारी जमीन पर बसाया जाएगा।
- सहकारी समितियों में 33% पद महिलाओं के लिए सभापति और सदस्यों के लिए आरक्षित करने को मंजूरी

लोन दिलाने के नाम पर ठगी

बाजपुर, अमृत विचार : पांच लाख रुपये का लोन दिलवाने के नाम पर ऑनलाइन करीब 11 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुगर फैक्ट्री निवासी अनीता पत्नी भरत सिंह ने पुलिस को बताया कि शनिवार को अनजान व्यक्ति का फोन आया और 5 लाख रुपये का लोन करवाने की बात कहते हुए दस्तावेज मांगे। इसके बाद उसने 11 हजार रुपये भेज दिए। और पैसे मांगने पर असमर्थता जताने पर आरोपी ने लोन नहीं होने की बात कही। पैसे वापस करने को कहा तो उसने साफ मना कर दिया जिसके चलते उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

पत्नी की गला रेतकर हत्या, गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

- शक के चलते पत्नी को उतारा मौत के घाट, चार दिनों से बहन के घर रह रहे थे दोनों पति-पत्नी

मृतका पूनम एवं हत्यारोपी पति अशोक।

अमृत विचार : अवैध संबंध के शक के चलते पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। आरोपी पति चार दिनों से अपनी बहन के यहां पत्नी के साथ रह रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आजादनगर, वार्ड नंबर 2, किच्छा निवासी अशोक कुमार का विवाह महतोष मोड़, थाना गदरपुर निवासी पूनम के साथ करीब 8 वर्ष पहले हुआ था। अशोक अपनी पत्नी पर किसी गैर व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर शक करता था। इसके चलते दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। लगातार क्लेश के चलते पूनम करीब एक माह पहले के चलते मायके चली गई थी। पत्नी के मायके जाने के बाद अशोक उसे वापस लाने को रिश्तेदारों से संपर्क कर रहा था। इस पर अशोक की बहन धनवती व बहनोई तेजपाल अशोक व पूनम के बीच सुलह कराने के मकसद से दोनों को चार दिनों पहले हल्द्वानी मार्ग स्थित मंड फॉर्म, किच्छा स्थित अपने घर ले आए। तब से अशोक व उसकी पत्नी पूनम वहीं रह रहे थे।

घटनाक्रम के मुताबिक शनिवार की सुबह धनवती और तेजपाल काम पर चले गए। इसी बीच अशोक का पत्नी पूनम में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में अशोक ने पूनम (30) की हसिये से गला रेत कर हत्या कर दी। काम से लौटने पर धनवती और तेजपाल को घटना की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। घर के आंगन में लहूलुहान अवस्था में पूनम का शव पड़ा हुआ था। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उधर, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। अशोक व पूनम के आठ वर्ष की पुत्री व ढाई वर्षीय पुत्र है। मां की मौत व पिता के जेल जाने के बाद दोनों बेसहारा हो गए हैं।

गोशाला में आग लगने से सात मवेशियों की मौत

काशीपुर, अमृत विचार : काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र स्थित ग्राम शिवलालपुर डल्लू में एक गौशाला में अचानक आग लग गई। आग से सात मवेशियों की मौत हो गई।

शनिवार को ग्राम शिवलालपुर डल्लू स्थित एक गौशाला में आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। अग्निशमन के काशीपुर प्रभारी गोविंद राम ने बताया कि दो घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि आग की घटना में सात मवेशियों की मौत हो गई। इसमें पांच गाय जबकि दो बछड़े शामिल हैं। साथ ही एक मोटरसाइकिल समेत अन्य घरेलू सामान भी जल गया।

नीट मामले में लीपापोती कर रही राजग: खरगे

पेपर लीक विवाद : कांग्रेस अध्यक्ष बोले- किसी स्तर पर जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है राजग सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि नकल विरोधी कानून को अधिसूचित करके भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधंन (राजग) सरकार का मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट धांधली मामले में लीपापोती का प्रयास है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए इस मामले की जिम्मेदारी से वह किसी स्तर पर बच नहीं सकती है।

खरगे ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री इस मामले में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। नया कानून अधिसूचित हो गया है जबकि कानून कल ही अधिश्चित हुआ है और इसे फरवरी में है ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा कि घोटाले मे भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले-धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफ़िया को

● खरगे ने कहा- शिक्षा मंत्री मामले में कर रहे हैं गलत बयानबाजी

बढ़ावा देने की अपनी ज़िम्मेदारी से नहीं बच सकती। तीन तथ्य और तीन सवाल हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को देना ही पड़ेगा। तथ्य - पेपर लीक के विरुद्ध क़ानून अधिसूचित नहीं हुआ था, जब शिक्षा मंत्री से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि क़ानून अधिसूचित हो गया। 13 फ़रवरी 2024 में इस क़ानून को राष्ट्रपति का एसेंट मिल गया था पर कानून बीती रात को अधिसूचित हुआ है। सवाल है शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला कि क़ानून अधिसूचित हो गया है और विधि एवं न्याय मंत्रालय को उसके नियम बनाने हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा मंत्री पहले पेपर लीक को नकारते रहे फ़िर गुजरात, बिहार, हरियाणा में गिरफ्तारियां हुईं तब कह रहें हैं कि कुछ जगहों पर पेपर लीक हुए हैं इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं करा पाएंगे।

बर्बाद शिक्षा व्यवस्था का नमूना नीट परीक्षा रद होना

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट स्थगित करने पर मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मोदी राज में शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है इसलिए ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। गांधी ने कहा कि अब नीट पीजी भी स्थगित। यह मोदी राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। भाजपा राज में छात्र पढ़ाई नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से लड़ाई को मजबूर है। अब यह स्पष्ट है-हर बार चुप-चाप तमाशा देखने वाले मोदी पेपर लीक रैकेट और शिक्षा माफिया के आगे बेबस हैं। मोदी की अक्षम सरकार स्टूडेंट्स के भविष्य के लिए खतरा है- हमें देश के भविष्य को उससे बचाना ही होगा। कांग्रेस ने भी अपने आधिकारिक ट्वीट हैंडल पर कहा, अब नीट-पीजी की परीक्षा भी रद हो गई। इससे पहले पेपर लीक की वजह से यूजीसी-नेट की परीक्षा भी रद हुई थी।

छात्र संगठनों का केंद्रीय मंत्री के आवास पर प्रदर्शन

हैदराबाद। कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई और वाम समर्थित छात्र संगठनों ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के आवास पर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट फिर से आयोजित करने की मांग की। छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी की लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया।

परीक्षा कानून डैमेज कंट्रोल की कोशिश

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नीट-स्नातक, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया जाना डैमेज कंट्रोल की कोशिश है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस कानून की जरूरत थी, लेकिन यह पेपर लीक के बाद की स्थिति से निपटता है जबकि यह सुनिश्चित करने के लिए कानून और प्रक्रियाओं की आवश्यकता है कि पेपर लीक ही न हो। केंद्र सरकार ने लोक परीक्षा अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है।

करंट की चपेट में आने से एक मादा पैंथर, दो शावकों की मौत

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के नाका डेहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में बिजली का तार टूट कर गिरने के बाद करंट लगने से एक मादा पैंथर और उसके दो शावकों की मौत हो गई। मंडल वन अधिकारी राजेंद्र हुड्डा ने बताया कि 21 जून को रात 10 बजे पर अलवर वन मण्डल में रेंज के नाका डहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में एक बघेरा और दो शावकों के शव मिलने की सूचना मिली। शव दो-तीन दिन पुराने हैं। उन्होंने बताया कि बिजली के तार टूटने से बघेरा एवं उसके दो शावको की मौत होने की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा दी गयी। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो घटनास्थल पर जहां बघेरों के शव पड़े हुये थे, वहाँ बिजली के तार टूटे हुये थे। मृत बघेरों के शवों पर बिजली का कंरट लगने से उनके शरीर पर जलने के निशान भी स्पष्ट नजर आ रहे थे।

गुरुग्राम में फायर एग्जीक्यूटर फैक्ट्री में विस्फोट, 8 की मौत

गुरुग्राम, एजेंसी

हरियाणा में गुरुग्राम स्थित दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में फायर एग्जीक्यूटर बनाने वाली कंपनी में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत होने का सूचना है। विस्फोट से आसपास के क्षेत्र में काफी संख्या में मकान और उद्योगों को नुकसान हुआ है।

सहायक दमकल अधिकारी सैनी ने बताया कि शनिवार को तड़के 2:45 बजे सिपाही संजय ने भीम नगर दमकल विभाग को फोन कर बताया कि दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में विस्फोट हुआ है और भयंकर आग लग गई है। सूचना मिलते ही भीमनगर और गुरुग्राम के सेक्टर 29 से दमकल विभाग के कार्यालय से एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मसकत के बाद आग को काबू में किया। घटनास्थल से पांच लोगों को जख्मी हालत में निकाल

● विस्फोट से आसपास के काफी संख्या में मकान और उद्योगों को हुआ भारी नुकसान

कर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि दो व्यक्ति मृत मिले और एक लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के कई मकानों और उद्योगों में भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री मालिक तथा प्रबंधकों खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है और जांच की जा रही है। अभी तक प्रशासन की ओर से इस घटना में आठ लोगों की मौत होने की पुष्टि नहीं हुयी है।

एक नजर

असम में 5 करोड़ मूल्य की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में शर्मा ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने चलचपरा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर एक विशेष अभियान चलाया और एक वाहन को रोका। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर वाहन से 5 करोड़ रुपये मूल्य की 974 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसे पड़ोसी राज्य से लाया जाया जा रहा था। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

तमिलनाडु में शराब से मरने वालों की संख्या हुई 53

कल्लाकुरिचि। तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या शनिवार को बढ़कर 53 हो गई। प्रशासन ने बताया कि अवैध देशी शराब पीने से बीमार हुए 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। कल्लाकुरिचि के जिलाधिकारी एम.एस प्रशांत ने बताया कि जिले में मंगलवार रात अवैध देशी शराब पीने से 193 लोग बीमार पड़ गए और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, हालांकि उनमें से 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। उन्होंने कहा कि शराब पीने से 53 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इस घटना के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

झारखंड में ईडी का छापा, 1 करोड़ नकद, 100 कारतूस बरामद

रांची, एजेंसी

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस जब्त किए।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कांके रोड स्थित परिसर में छापेमारी कर ये जब्ती हुईं। परिसर का मालिक कमलेश सिंह है। छापेमारी की यह कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में की जा रही है, लेकिन यह एक अलग भूखंड से जुड़ा मामला है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने कारसूत बरामद किए जाने के संबंध में शस्त्र अधिनियम के तहत पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया है। मामले की जांच के तहत ईडी सोरेन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी एवं रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

जमीन हड़पने का मामला

● पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ मामले की जांच के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

● आईएएस एवं रांची के पूर्व उपायुक्त सहित 25 से अधिक लोगों हुए हैं गिरफ्तार

एजेंसी, सोरेन की ओर से रांची के बार्गेन इलाके में कथित तौर पर अवैध तरीके से हासिल किए गए कई भूखंड सहित 266 करोड़ रुपये कीमत के भूखंड जब्त कर चुकी है और एजेंसी अब तक चार आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। भूमि हड़पने के आरोपों को खारिज करते हुए सोरेन का कहना है कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज कराया है। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही मिनटों बाद ईडी ने 31 जनवरी को उन्हें रांची स्थित राजभवन से गिरफ्तार कर लिया था।

बीटीसी की रेसिंग और सट्टेबाजी पर हाईकोर्ट की रोक

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में बेंगलुरु टर्फ क्लब (बीटीसी) को ऑन-कोर्स और ऑफ-कोर्स घुड़दौड़ तथा सट्टेबाजी गतिविधियों को जारी रखने की अनुमति देने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने पहले के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका के बाद शनिवार को स्थगन आदेश जारी किया। कोर्ट ने घुड़दौड़ और सट्टेबाजी के लिए लाइसेंस देने के खिलाफ राज्य सरकार के मजबूत प्रथम दृष्टया मामले को नोट किया, जिसमें राज्य के गृह विभाग तथा वित्त विभाग की ओर से छह जून को अपने संबंधित इनकारों में उठाई गई चिंताओं पर जोर दिया गया। बीटीसी, कर्नाटक रेस हॉर्स ओनर्स एसोसिएशन, कर्नाटक ट्रेनर्स एसोसिएशन, पंटर्स और जॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि घुड़दौड़ लोगों को आजीविका पाने का समर्थन करती है और पर्याप्त कर राजस्व भी देती है।

4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे अभिनेता दर्शन

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में बेंगलुरु की अदालत ने कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप को रेणुकास्वामी हत्या मामले में शनिवार को 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दर्शन के कथित साथियों विनय, प्रदोष और धनराज को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अभिनेता 11 जून से हिरासत में है।

रेणुकास्वामी हत्या मामला

दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा सहित 13 अन्य आरोपियों को दो दिन पहले 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। रेणुकास्वामी की हत्या में अब तक 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे। रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उन पर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था।

जोधपुर में सांप्रदायिक हिंसा भड़की, दो पुलिसकर्मी घायल

जोधपुर, एजेंसी

राजस्थान में जोधपुर के एक इलाके में सांप्रदायिक हिंसा भड़कने पर पथराव में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए, एक दुकान में आग लगा दी गई और दो वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया।

जोधपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार यादव ने शनिवार को बताया कि सूर सागर इलाके में राजाराम सर्किल के पास ईदगाह के पीछे की तरफ द्वार के निर्माण को लेकर शुक्रवार रात झड़प हुई। इलाके के लोग द्वार के निर्माण का विरोध कर रहे हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बीती रात तनाव बढ़ गया और कुछ लोगों ने पथराव किया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''एक दुकान और एक ट्रैक्टर को आग लगा दी गई और एक जीप में तोड़फोड़ की।'' अधिकारी ने कहा, ''पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को वहां से खदेड़ दिया और आंसू गैस के चार-पांच गोले भी छोड़े।'' शुक्रवार देर रात तक स्थिति पर काबू पा लिया गया, लेकिन इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार सुबह भी काफी संख्या में पुलिसकर्मी और 'राजस्थान आर्म्ड कांस्टेबुलरी' बल को इलाके में तैनात रखा गया। पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर दो प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस संदिग्धों को पकड़ने के लिए इलाके में छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, ईदगाह के पीछे की तरफ द्वार बनाने के लिए शुक्रवार शाम दीवार का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया। इसके बाद विरोध ने हिंसक रूप ले लिया और पथराव, आगजनी व तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया।

अनशन में बाधा डालने की कोशिश करा रही है भाजपा : आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

जल मंत्री आतिशी के अनशन स्थल पर प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को जल संकट को लेकर नारे लगाए और तख्तियां लहराईं। आप ने भाजपा पर अनशन में बाधा डालने का आरोप लगाया। भाजपा ने आतिशी की भूख हड़ताल को नाटक बताते हुए पलटवार किया और दावा किया कि प्रदर्शनकारी नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक तथा बस मार्शल थे, जिन्हें आप सरकार ने नौकरी से हटाया था।

दक्षिणी दिल्ली के भोगल में शुक्रवार को अनशन शुरू करने वाली आतिशी ने कहा कि कुछ लोग हंगामा करने और उन पर हमला करने के लिए अनशन स्थल पर आए। लेकिन मैं भाजपा को बताना चाहती हूं कि

● अनशन स्थल पर प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए, लहराईं तख्तियां

मैं सत्याग्रह के रास्ते पर हूं। मैं डरने वाली नहीं हूं। मैं ऐसे कार्यों से भूख हड़ताल को बंद नहीं करने वाली हूं। 28 लाख दिल्लीवासियों को उनके हिस्से का पानी मिलने तक यह भूख हड़ताल जारी रहेगी। आप ने कहा कि आतिशी के उपवास के दूसरे दिन स्थिति तब बिगड़ी जब भाजपा के भेजे गए लोगों ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में बाधा डालने का प्रयास किया।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग-1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100
चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग-1045 बोल्ड- 1190 डीएमओ- 800

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूँगफली का दाना	11000-12000
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300

केंद्र ने राज्यों का समर्थन करते हुए समय पर कर हस्तांतरण, जीएसटी का मुआवजा दिया: वित मंत्री

राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट से पहले बैठक में सीतारमण ने केंद्रीय योजना का लाभ लेने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए समय पर कर हस्तांतरण और जीएसटी मुआवजा बकाया चुकाया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह बात कही। राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक में सीतारमण ने उनसे उस योजना का लाभ उठाने के लिए भी कहा, जिसके तहत केंद्र राज्यों को तयशुदा सुधार करने के लिए 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण देता है।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग अनुदान और जीएसटी मुआवजे के बकाया के जरिए राज्यों को केंद्र

सरकार के समर्थन को रेखांकित किया। सीतारमण ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना का उल्लेख किया। ज्यादातर राज्यों ने केंद्र की पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना की सराहना की और आगे सुधार के लिए सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को 2024-25 के आम बजट के लिए कई सुझाव भी दिए। राजस्थान की वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी), जल जीवन मिशन (जेजेएम), कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और रेलवे लाइनों के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की मांग की। कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने ऊपरी भद्रा जल परियोजना के लिए पहले से घोषित सहायता में से 5,300 करोड़ जारी करने और इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की।

उद्यमियों को कर-राहत, जीएसटी दरें कम होने की उम्मीद

पुणे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने 2024-25 के पूर्ण बजट में कर से राहत और जीएसटी की दरों में कमी किए जाने की उम्मीद जताई है। यहां मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एजुकेशन (एएमसीसीआईई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि आगामी बजट के मद्देनजर उद्योगपतियों ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखनी शुरू कर दी हैं। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी को सरल बनाने और कई क्षेत्रों में दरें कम करने पर चर्चा संभव है। उन्होंने कहा कि महंगाई को देखते हुए आगामी पूर्ण बजट में आयकर के सबसे निचले स्तर में आने वाले लोगों को राहत देने पर विचार करने की जरूरत है। साथ ही कर प्रणाली सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। नयी सरकार का पहला आम बजट जुलाई में पेश किया जा सकता है। हमारी 43बी(एच) अधिनियम की समीक्षा कराने की मांग हैं, जो सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों के पंजीकृत व्यापारियों पर लगाया गया है।

अरामको चेयरमैन की नियुक्ति के विरोध में रिलायंस के 16% शेयरधारक

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों ने सऊदी अरामको के चेयरमैन यासिर ओथमान एच अल-रुमय्यान की कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में पांच साल के लिए पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। हालांकि, 16 प्रतिशत से अधिक शेयरधारकों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि शेयरधारकों ने डाक मतपत्र से अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के साथ ही हैग्रीव खेतान को निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी। लंबे समय से कंपनी के कार्यकारी पीएमएस प्रसाद को अगले पांच साल के लिए निदेशक के रूप में फिर से नियुक्त करने को भी शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई। सूचना में कहा गया कि अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव के पक्ष में 83.97 प्रतिशत और खिलाफ 16.02 प्रतिशत मत पड़े। अल-रुमय्यन दुनिया के

● अल रुमय्यान के पक्ष में 83.97 और खिलाफ 16.02% मत पड़े

सबसे बड़े सॉवरेन वेल्थ फंड में से एक सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष के प्रमुख भी हैं। अल-रुमय्यन को पहली बार 2021 में तीन साल के कार्यकाल के लिए रिलायंस के निदेशक मंडल में नियुक्त किया गया था। उनका पहला कार्यकाल 18 जुलाई, 2024 को समाप्त हो रहा है। ...और अब उन्हें 18 जुलाई 2029 तक फिर से नियुक्त किया गया है। खेतान एंड कंपनी में साझेदार खेतान को एक अप्रैल 2024 से पांच साल के लिए स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया था। लेकिन उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ भी लगभग 13 प्रतिशत शेयरधारकों ने मतदान किया। उनकी नियुक्ति के पक्ष में 87.15% शेयरधारकों ने मतदान किया।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	90850
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73600
गिन्नी (प्रति नग)	54800-55000
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,450
सोना रवा	72,300
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71400
सिल्वर (पक्की)	888 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,600
चांदी आभूषण	89,800

मांग कमजोर होने से ज्यादातर तेल-तिलहनों में आई गिरावट

नई दिल्ली। शनिवार को मांग कमजोर होने से तेल-तिलहनों की कीमतों में गिरावट आई है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी तेल-तिलहन पिराई मिलों का हाल खराब हो गया है। थोक भाव टूट गए हैं लेकिन खुदरा बाजार में उपभोक्ता को ज्यादा फायदा नहीं मिलता है। हर साल समर्थन मूल्य बढ़ाने से तेल के दाम में कोई वृद्धि नहीं होती है जबकि तिलहनों के दाम बढ़ जाते हैं, जिससे किसानों को लागत नहीं मिलती है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी मिलों में बिक्री नहीं हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि तिलहनों की खरीफ की बिजाई चल रही है।

दूरसंचार अधिनियम 2023 से शुरू होगा कनेक्टिविटी का नया युग

नई दिल्ली। सरकार ने ब्रिटिश काल के भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफ अधिनियम, 1933 जैसे कानूनों के स्थान पर दूरसंचार अधिनियम 2023 की धाराएं एक, दो, 10 से 30, 42 से 44, 46, 47, 50 से 58, 61 और 62 को अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में कल गजट अधिसूचना जारी किया गया। जिन धाराओं को अधिसूचित किया गया है उससे कनेक्टिविटी को लेकर नये युग का सूत्रपात होगा। इसका उद्देश्य दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क के विकास, विस्तार और संचालन से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करना के साथ स्पेक्ट्रम का आवंटन और उससे जुड़े मामलों में तेजी लाना है। दूरसंचार क्षेत्र और प्रौद्योगिकियों में तकनीकी प्रगति से ब्रिटिश काल के पुराने कानूनों के स्थान पर लाया गया है।



एलएनजी प्लांट के लिए ओएनजीसी और इंडियन ऑयल में साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने विंध्य बेसिन क्षेत्र में मध्य प्रदेश के हट्टा गैस फील्ड के नज़दीक छोटे पैमाने का लिक्विफाईड नैचुरल गैस (एलएनजी) प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता किया है।

ओएनजीसी शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार हट्टा एलएनजी प्लांट की स्थापना विंध्य बेसिन को श्रेणी दो से श्रेणी एक के बेसिन का दर्जा दिलाएगी। राजधानी में दीनदयाल उर्जा भवन में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में आईओसीएल के निदेशक (प्लानिंग एण्ड बिज़नेस डेवलपमेन्ट), सुजय चौधरी और ओएनजसी की निदेशक (अन्वेषण) सुषमा रावत मौजूद थीं। प्रस्तावित संयंत्र में पारम्परिक जीवाश्म ईंधन के स्वच्छ विकल्प- एलएनजी के उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। यह प्लांट कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और भारत के जलवायु परिवर्तन उन्मूलन लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देगा।

● दीनदयाल उर्जा भवन में हस्ताक्षर समारोह हुआ आयोजित

जर्मनी की शिपिंग कंपनी के लिए चार मालवाहक जहाज बनाएगी जीआरएसई

कोलकाता। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उद्यम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने शनिवार को जर्मनी की शिपिंग कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

एक अधिकारी ने बताया कि यह समझौता 4 बहुउद्देश्यीय मालवाहक जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए है। जीआरएसई ने एनएसई और बीएसई को बताया कि यह ठेका 5.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और इसे 33 महीनों में पूरा करना है। जीआरएसई के अधिकारी ने कहा कि जीआरएसई ने जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए जर्मनी की शिपिंग कंपनी कार्स्टन रेहडर शिफ्समैकलर अंड रीडरेई जीएमबीएच एंड कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते में निकट भविष्य में चार और जहाज बनाने का विकल्प भी है।

भारत की जीत में हार्दिक और कुलदीप चमके

भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 50 रन से दी शिकस्त

नॉर्थ साउंड (एंटीगा),एजेंसी

हार्दिक पंड्या के तेजतर्रार अर्धशतक के बाद कुलदीप यादव के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश को 50 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। इस जीत से भारत के ग्रुप एक में दो मैच में दो जीत से चार अंक के साथ टीम शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया एक मैच में दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। लगातार दूसरी हार झेलने वाले बांग्लादेश और अफगानिस्तान का अभी खाता भी नहीं खुला है।

भारत के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम कुलदीप (19 रन पर तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (13 रन पर दो विकेट) और अर्शदीप (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 29 और रिशाद हुसैन ने 24 रन की पारी खेली। इससे पहले पंड्या (नाबाद 50 रन, 27 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक के अलावा विराट कोहली (37), ऋषभ पंत (36) और शिवम दुबे (34) की उपयोगी पारियों से भारत ने पांच विकेट पर 196 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम हसन साकिब ने 32 जबकि रिशाद हुसैन ने 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश ने सतर्क शुरुआत करते हुए पावर प्ले में लिटन दास (13) का विकेट गंवाकर 42 रन बनाए। तंजीद ने अर्शदीप पर चौके से खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भी दो चौके मारे।

लिटन ने पंड्या का स्वागत छक्के के साथ किया लेकिन अगली गेंद पर इस शॉट को दोहराने की कोशिश में डीप स्क्वायर लेग पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। तंजीद अगले ओवर में भाग्यशाली रहे जब बुमराह की गेंद पर विकेटकीपर पंत ने उनका कैच टपका दिया। कप्तान शंटो ने पंड्या पर दो छक्कों के साथ नौवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। कुलदीप ने तंजीद को पगबाधा करके कप्तान के साथ उनकी 31 रन की साझेदारी का अंत किया।

कुलदीप यादव

50 रन की नाबाद तूफानी पारी खेली पंड्या ने

03 विकेट लेकर 19 रन दिए कुलदीप यादव ने

हमने एकजुट प्रदर्शन किया : पंड्या

नॉर्थ साउंड। तेजतर्रार अर्धशतक जड़कर भारत को आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश पर 50 रन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने जीत का श्रेय टीम प्रयास को दिया। भारत के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम कुलदीप (19 रन पर तीन विकेट), बुमराह (13 रन पर दो विकेट) और अर्शदीप (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। इससे पहले पंड्या (नाबाद 50 रन, 27 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक के अलावा कोहली (37), ऋषभ पंत (36) और शिवम (34) की उपयोगी पारियों से भारत ने पांच विकेट पर 196 रन बनाए। पंड्या ने एक विकेट भी हासिल किया।

खेल डायरी

गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स गोल्फ खिताब जीता

सेलांगोर (मलेशिया)। भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी शनिवार को यहां अंतिम दिन तीन ओवर 73 के कार्ड में छह बोगी के बावजूद डेयेन लॉसन (69) को एक शॉट से पछाड़कर पीकेएनएस सेलांगोर मास्टर्स खिताब जीता। इस 45 साल के अनुभवी गोल्फर ने पांच शॉट की बढ़त से शुरुआत की और आठ अंडर पर रहे। यह गंगजी की एडीटी में दूसरी जीत है। उन्होंने 2018 में भारत में लुई फिलिप कप में खिताब जीता था। गंगजी एशियाई टूर पर दो जीत दर्ज कर चुके हैं, जिसमें पहली 2004 में बीजिंग में फॉक्सवैगन मास्टर्स में और फिर जापान में पैनासोनिक ओपन में मिली थी।

अदिति ने महिला पीजीए गोल्फ में हासिल किया कट

समामीश (सिएटल)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बावजूद यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रहीं। महिला गोल्फ में 30वें मेजर टूर्नामेंट में खेल रही अदिति ने दूसरे दौर मे पांच बोगी से 77 का स्कोर बनाया। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर पांच ओवर 149 है। अदिति संयुक्त रूप से 64वें स्थान पर चल रही हैं। वह अगस्त में पेरिस में अपने तीसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। सारा श्मेलजेल (67) और एमी यंग (68) दोनों छह अंडर 138 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

तलवारबाज ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

जम्मू। भारतीय टीम में शामिल जम्मू-कश्मीर के तलवारबाज अजय कुमार ने रूस के कज़ान में चल रहे ब्रिक्स खेलों में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के शीर्ष तलवारबाज अजय ने ब्रिक्स खेलों में एपी टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। अजय ने सीनियर और जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के पिछले दोनों संस्करणों में भी पदक जीते हैं। इसके अलावा, उन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप, सीनियर और जूनियर विश्व कप जैसे कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

चेन्नई। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने शनिवार को पुष्टि की कि उन्होंने आगामी पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है। नागल के लिए यह दूसरा ओलंपिक होगा। उन्होंने इससे पहले 2020 तोक्यो खेलों के लिए भी क्वालीफाई किया। वह तोक्यो में दूसरे दौर में पहुंचे थे। नागल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है।

पंत की वापसी काबिले तारीफ

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

इयान स्मिथ बोले

- गिलक्रिस्ट के स्तर तक पहुंचने के लिए ऋषभ को तय करना होगा लंबा रास्ता

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर भारत का विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है।

स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और पंत ने कार दुर्घटना से उबरने के बाद जिस तरह से वापसी की है उससे काफी प्रभावित हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी वह विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान समय में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं। टी20 विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे स्मिथ ने कहा कि ऋषभ पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वह बेहतरीन फॉर्म में दिख रहा है।

क्विंटन की पारी ने पैदा किया अंतर : बटलर

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनके बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक की तरह आक्रामकता नहीं दिखा पाए जिनकी पारी ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।

डिकॉक ने 38 गेंद पर 65 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका छह विकेट पर 163 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना पाई। बटलर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह से डिकॉक ने बल्लेबाजी की उससे वास्तव में हम पर दबाव आ गया था। उसने कुछ शानदार शॉट खेले और हम उसकी बराबरी नहीं कर पाए। मेरा मानना है कि उसकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया।

शाई होप ने जिंदा रखी विंडीज की उम्मीद

ब्रिजटाउन,एजेंसी

टी-20 विश्व कप

- अमेरिका को नौ विकेट से दी करारी शिकस्त
- अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है वेस्टइंडीज

रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी की मदद से वेस्टइंडीज अपने सह मेजबान अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाले वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक रहा।

उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज ने इसके बाद होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की परी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया। होप ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए।

विंडीज को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अफ्रीका को हराना होगा। इंग्लैंड अगर अपने अगले मैच में अमेरिका को हरा देता है तब भी विंडीज आगे बढ़ सकता है क्योंकि अभी उसका नेट रन रेट अफ्रीका और इंग्लैंड से बेहतर है। जॉनसन 15 रन पे आउट हो गए, लेकिन होप और निकोलस पूरन ने 23 गेंद पर 63 रन जोड़कर टीम को बड़ी जीत दिलाई।

अफगान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती

किंग्सटाउन, एजेंसी

भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी-20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा।

अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता आस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है।

टीमें : आस्ट्रेलिया : मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

पर्वतारोही बलजीत एक बार फिर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचीं

शिमला, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने गर्व के साथ की है कि इसकी सस्टेनेबिलिटी चौंपियन और शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर ने कंपनी केस स्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचाते हुए माउंट एवरेस्ट पर सफलता पूर्वक फतह हासिल की।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अप्रैल में इस अभियान की शुरुआत मुंबई में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर की थी। इसके बाद बलजीत ने लद्दाख जंस्कर हिमालय पर्वतमाला में कठिन प्रशिक्षण लिया जहां उन्होंने माउंट यूटी लद्दाख कांगड़ी (6070 मीटर) पर चढ़ाई की।

तीरंदाजी टीम की स्वर्ण की हैट्रिक

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण 3 में यहां स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी। खेलो इंडिया योजना की एथलीट ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की तिकड़ी ने इस 2024 में लगातार तीसरा विश्व कप जीता। शंघाई में विश्व कप चरण 1 में तिकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि येचिओन, कोरिया गणराज्य में विश्व कप चरण 2 में स्वर्ण पदक जीता और अंताल्या, तुर्की में विश्व कप स्टेज-3 में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की।

उन्होने कड़े मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया को 232-229 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई।

उन्होने फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार 13वीं जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में शंघाई में पहले चरण और येचेओन में दूसरे चरण में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद टीम ने स्वर्ण पदकों की क्लीन स्वीप भी पूरी की। शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 में स्वर्ण पदक जीता।

बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा इंग्लैंड

ब्रिजटाउन, एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड कप

- अमेरिका से मुकाबला आज लाज बचाने उतरेगी टीम
- अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं ले रहे इंग्लैंड के खिलाड़ी

गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर' की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और इस मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया। विंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है।

ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। वहीं, इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि अमेरिका की टीम को हल्के में लेना हमारे लिए गलत होगा।

यूरो कप | ग्रुप डी में दोनों टीम चार अंकों के साथ शीर्ष पर

नीदरलैंड-फ्रांस ने गोलरहित ड्रॉ पर बांटे अंक

लीपज़िग, एजेंसी

यूरो 2024 के ग्रुप डी के एक करीबी मुकाबले में नीदरलैंड और फ्रांस ने शनिवार को यहां गोल रहित ड्रॉ खेला और अंक बांट लिये। ग्रुप डी में दोनों टीमें अब चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं और शीर्ष पर बने रहने की यह जंग ग्रुप के अंतिम मैच तक जारी रहेगी।

दोनों टीमों ने मैच के दौरान लचीली और रक्षात्मक शैली अपनायी। नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वान डिज्क ने प्रभावित किया और फ्रांस के शक्तिशाली आक्रमण को बेअसर कर दिया।

चेक गणराज्य और जॉर्जिया ने खेला ड्रॉ

हैम्बर्ग। जॉर्जिया ने शनिवार को यहां यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रुप एफ मैच में चेक गणराज्य को 1-1 से बराबरी पर रोककर किसी बड़े टूर्नामेंट में पहली बार अंक हासिल किया। मैच में वीडियो रिव्यु पर चेक गणराज्य के एडम हलोजेक के गेल को हैंडबॉल के कारण नकार दिया गया। यूरो 2024 में पदार्पण कर रही एकमात्र टीम जॉर्जिया ने इसके बाद जॉर्जेस मिकाउताद्ज़े के गोल से बढ़त बनाई। जॉर्जेस ने पेनल्टी पर गोल किया जो चेक गणराज्य के डिफेंडर रोबिन हरानेक के हैंडबॉल के कारण मिली थी।

भारतीय महिला टीम की निगाहें क्लीन स्वीप पर

बेंगलुरु, एजेंसी

तीन मैचों की श्रृंखला

- भारतीय टीम ने 2-0 से हासिल कर रखी है अजेय बढ़त
- फॉर्म में चल रहीं स्मृति मंधाना पर रहेगी अफ्रीकी टीम की नजर

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा। पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजान कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

स्विटजरलैंड की अदालत के सजा सुनाने पर हिंदुजा परिवार स्तब्ध, अपील दायर की

लंदन, एजेंसी

- हिंदुजा परिवार के चार सदस्य घरेलू सहायकों का शोषण करने के दोषी पाए गए

ब्रिटेन के सबसे धनी परिवार हिंदुजा ने कहा है कि वह अपने कुछ सदस्यों को स्विटजरलैंड की अदालत द्वारा जेल की सजा सुनाये जाने के फैसले से स्तब्ध है और उन्होंने इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर कर इस निर्णय को चुनौती दी है। स्विस अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जिनेवा स्थित अपने विला में घरेलू सहायकों का शोषण करने का दोषी पाया था।

शुक्रवार को परिवार की ओर से जारी एक बयान में स्विट्जरलैंड के वकीलों ने अपने मुवक्किलों का बचाव करते हुए कहा कि प्रकाश और कमल हिंदुजा (दोनों की आयु 70 वर्ष) तथा उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने जिनेवा स्थित अदालत के आदेश के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिए जाने के मीडिया रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया। वकील येल हयात, रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है, हमारे मुवक्किलों को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। प्रथम दृष्टया, इस अदालत में लिये गये बाकी निर्णय से हम स्तब्ध व निराश हैं और हमने निश्चित रूप से उपरी अदालत में अपील दायर की है, जिससे फैसले का यह हिस्सा प्रभावी नहीं होगा। स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही, मानव तस्करी के आरोपों को खारिज कर दिया।

भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जो जिनेवा में उनके आलीशान विला में काम करते थे। चारों आरोपी जिनेवा की अदालत में मौजूद नहीं थे, हालांकि परिवार का व्यवसाय प्रबंधक और पांचवां आरोपी नजीब जियाजी अदालत में मौजूद था।

रूसी राजनयिकों के कर छूट का विशेषाधिकार छीना

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूसी राजनयिकों से उनके कर छूट विशेषाधिकार छीन लिए हैं। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी है। यह कर छूट विशेषाधिकार कार्ड विदेशी राजनयिकों को अमेरिका में दुकानों, रेस्तरां और अन्य इस तरह के प्रतिष्ठानों में किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद उसका भुगतान करते समय उन्हें बिक्री कर भुगतान नहीं करने की अनुमति देता हैं। एंटोनोव ने कहा, आज अमेरिका ने रूसी राजनयिकों, द्विपक्षीय संस्थानों के राजनयिकों पर चौंकाने वाला हमला किया। उन्होंने हमारे कर छूट विशेषाधिकार कार्ड छीन लिये।

अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता

श्रीनगर, एजेंसी

- प्रथम पूजा में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा
- देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन 29 जून से शुरू



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बाबा अमरनाथ की पूजा करते उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

एक सप्ताह में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुविधाओं में भी सुधार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और तीर्थयात्रा को बाधित करने के आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उच्च स्तर की सतर्कता की जरूरत पर जोर दिया।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को श्रीनगर के राजभवन से ही अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने कहा, देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन 29 जून से शुरू होंगे। श्राइन बोर्ड (श्री अमरनाथ) और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। पिछले दो वर्षों में यात्रियों के लिए सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है।

सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पवित्र गुफा मंदिर तक जाने वाली सड़कों को बेहतर बनाया है और कुछ हिस्सों को चौड़ा किया है। पूजा के बाद राजभवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा, मेरा मानना है इस बार तीर्थयात्रियों की यात्रा ज्यादा सुगम होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि सभी धर्म के लोगों ने हमेशा यात्रा का समर्थन किया है।

यात्रा शुरू होने से पहले अमरनाथ गुफा का दृश्य।

एक नजर

ईशनिंदा में हत्या के मामले में दो केस दर्ज

मद्यन (पाकिस्तान)। पाकिस्तान में स्वात पुलिस ने मद्यन में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या के मामले में दो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं। पिछली रात एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को प्राथमिकियां दर्ज की गईं। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पवित्र कुरान के कथित अपमान के आरोप में हिरासत में लिये गये एक व्यक्ति की मद्यन पुलिस स्टेशन के अंदर भीड़ ने गुरुवार शाम बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इसके बाद भीड़ ने संदिग्ध के शव, पुलिस स्टेशन और एक पुलिस वाहन में आग लगा दी।

चीन ने नया खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया

ज़िचांग। चीन ने शनिवार को ब्रह्मांड के सबसे दूर तक आतिशबाजी की तरह टिमटिमाती गामा-किरणों को पकड़ने के लिए एक खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया। यह उपग्रह चीन और फ्रांस के वैज्ञानिकों के बीच 20 वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर को दक्षिण पश्चिम सिचुआन प्रांत में ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च -2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया था।

रूस के साथ लड़ाई में 370 सैनिक खोए

मॉस्को। रूस के जैपाद (पश्चिम) ग्रुप ऑफ फोर्सेज ने यूक्रेन के साथ चल रहे संघर्ष में पिछले 24 घंटों में दो हमलों को विफल कर दिया और गोला-बारूद के भंडार को नष्ट कर दिया है जबकि यूक्रेन के कम से कम 370 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 370 सैनिकों, दो वाहनों, एक 122 मिमी डी-30 होवित्जर को खो दिया है।

इजराइल के हवाई हमलों में 39 लोगों की मौत

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। उत्तरी में गाजा में शनिवार को इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम से 39 लोगों की मौत हो गई। फलस्तीन और अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा शहर के अल-अहली अस्पताल के निदेशक फदेल नाईम ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि अस्पताल में तीन दर्जन से अधिक शव पहुंचे हैं। गाजा में मौजूद आपातकालीन समूह फलस्तीनी सिविल डिफेंस ने कहा कि उसने गाजा शहर के पूर्वी इलाके में इजराइली हमले से प्रभावित एक इमारत से लगभग

भविष्य की योजना पर जताई सहमति

भारत-बांग्लादेश में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को नये क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र समेत कई अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच व्यापक वार्ता के दौरान समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने और हरित साझेदारी पर भी एक समझौता शामिल है। दोनों पक्षों ने रेलवे संपर्क पर भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अन्य समझौते समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन के क्षेत्रों में किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा, आज हमने नये क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है। हरित साझेदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्री अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। अपनी टिप्पणी में हसीना ने भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और एक विश्वसनीय मित्र बताया। उन्होंने कहा, भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, विश्वसनीय मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश, भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करते प्रधानमंत्री मोदी।

सहयोग दोनों देशों के संबंधों की दिशा तय करेगा: मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि इससे भारत-बांग्लादेश संबंधों की भविष्य की दिशा होगी। भारत की दो दिन की यात्रा पर आयीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

कोलकाता-चटगांव के बीच नई बस सेवा की घोषणा

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को कोलकाता और राजशाही के बीच नयी ट्रेन सेवा तथा कोलकाता एवं चटगांव के बीच नयी बस सेवा की घोषणा की। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच यहां द्विपक्षीय बैठक के बाद की गई। बांग्लादेश के सिराजगंज में अंतर्देशीय कंटेनर डिपो बनाने के लिए भारत अनुदान देगा।

भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रण

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारतीय कंपनियों को देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला है। हसीना ने शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश, दोनों को कारोबार क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए। हसीना ने कहा, भारत बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

धनखड़ से मुलाकात की

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती हसीना और धनखड़ की यह बैठक उप राष्ट्रपति एन्क्लेव पर हुई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के ऐतिहासिक और गहरे संबंधों का उल्लेख किया और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में आर्थिक एवं विकास भागीदारी, क्षेत्रीय संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रसार और अंतरिक्ष समेत कई मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया।

अमेरिका में गोलीबारी में तीन की मौत

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के अर्कांसस के फोर्डिस प्रांत में एक किराने की दुकान के बाहर गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को अपराह्न में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलों में दो कानून प्रवर्तन अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घायलों में से कुछ लोगों को हल्की चोटें आयी हैं, जबकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि पुलिस द्वारा गोली मारे जाने के बाद शूटर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

ओलंपिक में हमले की योजना बनाने का आरोप

पेरिस, एजेंसी

- इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले किशोर को हिरासत में लिया

फ्रांस में एक किशोर पर आगामी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान हमलों की साजिश रचने का आरोप लगाया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने शनिवार को एक न्यायिक स्रोत का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले 19 वर्षीय किशोर पर आपराधिक आतंकवादी साजिश के साथ-साथ आतंकवादी उद्देश्यों के लिए हथियार खरीदने और रखने का आरोप लगाया गया है।

समाचार प्रसारक ने कहा कि कानून प्रवर्तन को किशोर और 13 जून को हिरासत में लिए गए नाबालिग के बीच संबंधों पर संदेह है। समाचार आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों किशोरों पर विशेष रूप से यहूदियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने के लिए सोशल मीडिया पर संपर्क बनाने का संदेह है। पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

भारतीय चालक दल के आठ सदस्य रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी

- 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर मालवाहक पोत हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत में 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुए मालवाहक पोत डाली के भारतीय चालक दल के आठ सदस्य तीन महीने बाद शुक्रवार को स्वदेश रवाना हुए। बाल्टीमोर मैरीटाइम एक्सचेंज के अनुसार 21 सदस्यीय चालक दल में से चार अब भी मालवाहक पोत एमवी डाली पर ही हैं जो कि शुक्रवार शाम वर्जीनिया के नॉरफॉक के लिए रवाना होगा।

चालक दल को शेष सदस्यों को बाल्टीमोर के एक सरकारी आवास में ले जाया गया है और जांच पूरी होने तक वे सभी वहीं रहेंगे। पोत सवार चालक दल के 20 सदस्य भारतीय नागरिक थे। इस दुर्घटना में छह श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस मालवाहक पोत की मरम्मत नॉरफॉक में की जाएगी। न्यायाधीश की मंजूरी के बाद एक रसोइए, एक फिटर और नाविक सहित भारतीय चालक दल के आठ सदस्यों को स्वदेश रवाना कर दिया गया है। इनमें से कोई भी अधिकारी स्तर का नहीं है। अन्य 13 लोग जांच पूरी होने तक अमेरिका में ही रहेंगे।

बाल्टीमोर इंटरनेशनल सीफेयरर्स सेंटर के निदेशक जोशुआ मेसिक ने सीएनएन को बताया, वे (चालक दल) इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं और तनाव में हैं कि आगे क्या होगा।

अमेरिकी विमानवाहक पोत दक्षिण कोरिया पहुंचा

सियोल, एजेंसी

- परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास में होगा शामिल

परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास के लिए शनिवार को दक्षिण कोरिया पहुंचा। रूस और उत्तर कोरिया की गुटबंदी के बाद उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए दोनों देशों के सैन्य प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने के तहत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट स्ट्राइक ग्रुप दक्षिण कोरिया के बुसान शहर पहुंचा।

इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया ने रूस के राजदूत को तलब किया था और इस हफ्ते के शुरू में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच एक समझौते के लिए बनी सहमति को लेकर विरोध दर्ज कराया था। यह समझौते में किसी एक देश पर युद्ध की स्थिति में पारस्परिक रक्षा सहायता का संकल्प जताया गया है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए खतरा है और उसने चेतावनी दी है कि वह रूसी आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन को हथियार भेजने पर विचार कर सकता है।

जून की शुरुआत में सिंगापुर में अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के रक्षा प्रमुखों की बैठक हुई थी जिसके बाद इन देशों ने फ्रीडम एज की घोषणा की।

25 लाख के इनामी नक्सली का पत्नी के साथ आत्मसमर्पण

गढ़चिरौली, एजेंसी। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में 25 लाख के इनामी नक्सली नांगसू तुमरेती उर्फ गिरिधर ने अपनी पत्नी के साथ शनिवार को आत्मसमर्पण कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। गिरिधर के खिलाफ 170 से अधिक मामले दर्ज हैं और उसके सिर पर 25 लाख रुपये का इनाम है। अधिकारी ने बताया कि उसकी पत्नी संगीता उसेंडी उर्फ ललिता के खिलाफ 17 मामले दर्ज हैं और उस पर 16 लाख रुपये का इनाम है। अधिकारी ने बताया कि गिरिधर 1996 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) में शामिल हुआ था।

अधिकारी ने कहा, उसके खिलाफ 179 मामले दर्ज हैं जिनमें 86 मुठभेड़ के मामले और 15 आगजनी के मामले शामिल हैं। उसकी पत्नी संगीता उसेंडी उर्फ ललिता के खिलाफ 17 मामले दर्ज हैं और उस पर 16 लाख रुपये का इनाम है। आत्मसमर्पण और पुनर्वास योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकारों से गिरिधर को 15 लाख रुपये और ललिता को 8.50 लाख रुपये मिलेंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान फडणवीस ने कहा कि गिरिधर के आत्मसमर्पण से गढ़चिरौली में माओवादी आंदोलन की रीढ़ टूट गई है।

कनिष्क कांड की जांच अब भी जारी : कनाडा पुलिस

ओटावा, एजेंसी

- पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया

कनाडा की पुलिस ने कहा है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या-182 को बम से उड़ाने की जांच अब भी जारी है। पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया है। पुलिस ने यह टिप्पणी विमान को बम से उड़ाने के 39 साल पूरे होने से तीन दिन पहले की है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एयर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। यह बम सिख आतंकवादियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के जवाब में रखा था। यह अभियान अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए 1984 में चलाया गया था। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त डेविड टेबौल ने एक बयान में कहा कि बम विस्फोट की यह वारदात देश के इतिहास में कनाडाइयों की जान लेने वाली और उन्हें प्रभावित करने वाली आतंकवाद संबंधी सबसे भयावह घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

दो अलगाववादियों को नो-फ्लाई सूची में रखने का फैसला बरकरार

ओटावा, एजेंसी। कनाडा की संघीय अपील अदालत ने दो सिख अलगाववादियों को देश की नो-फ्लाई सूची में रखने के फैसले को बरकरार रखा है। न्यायाधीश ने कहा कि यह मानने के लिए उचित आधार हैं कि ये दोनों व्यक्ति परिवहन सुरक्षा को ख़तरे में डालना या आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए हवाई यात्रा का उपयोग करने लिए नो-फ्लाई सूची में शामिल रहेंगे।

ग्लोब एंड मेल की रिपोर्ट के मुताबिक अदालत ने भगत सिंह बरार और पर्वकर सिंह दुलाई की अपील खारिज कर दी। गौरतलब है कि पिछले साल मारे गए सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर भी इसी नो-फ्लाई सूची में थे। रिपोर्ट के अनुसार 2018 में दोनों अलगाववादियों को वैंकूवर में विमानों में चढ़ने से रोक दिया गया था। अदालत के अनुसार यदि संदेह करने के उचित आधार हैं कि ये लोग खतरा हैं तो क़ानून सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री को ऐसे व्यक्तियों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने का अधिकार देता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक दुलाई प्रतिबंधित बब्बर खालसा का सदस्य है। उन्हें विपक्षी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह का करीबी सहयोगी भी बताया जाता है।

बॉलीवुड हलचल

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है ।ट्रेलर में फिल्म के कलाकारों को उनके शानदार अवतारों में दिखाया गया है। अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रूप में साहसी स्टंट करते हैं, उलगनायगन कमल हासन यास्किन के रूप में एक अपरिचित लेकिन घातक अवतार में दिखाई देते हैं, और प्रभास उनके साथ भैरव के रूप में स्क्रीन पर कमान संभालते हैं। दीपिका पादुकोण ने सुमति का किरदार निभाया है, जो गर्भवती होने के दौरान अपनी भूमिका में तीव्र चुनौतियों का सामना करती है, और दिशा पटानी रॉक्सी के रूप में एक शक्तिशाली उपस्थिति देती हैं। बुज्जी के अवतार को भी दिखाया गया है। ट्रेलर में कल्कि 2898 एडी की तीन अलग दुनियाओं का परिचय दिया गया है।

स्काईफोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे अक्षय कुमार

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे। अक्षय कुमार फिल्मकार दिनेश विजन के बैनर की फिल्म स्काई फोर्स में काम कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई जंग के बैकग्राउंड पर आधारित है ।इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर,वीर पहाड़िया और सारा अली खान हैं। अक्षय कुमार इस फिल्म में एयरफोर्स पायलट के किरदार में नजर आयेंगे। इस फिल्म के लिये आर्ट डायरेक्शन और सिनेमैटोग्राफी पर खासा ध्यान दिया गया है ।इस फिल्म के डीओपी सामंथा कृष्णन रविचंद्रन हैं। स्काई फोर्स का निर्देशन और लेखन संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, अमर कौशिक और ज्योति देशपांडे ने किया है।

कुलदीप-पूजा स्टारर प्रोडक्शन न. 1 की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। रिलफील एंटरटेनर फिल्म्स के बैनर तले बन रही कुलदीप कुमार और पूजा गांगुली स्टारर फ़िल्म प्रोडक्शन न.1 की शूटिंग शुरू हो गयी है। फ़िल्म प्रोडक्शन न. 1 के निर्माता ललित कुमार शर्मा है, जबकि सह निर्माता राजेश पटेल है। निर्देशक सुमित सागर है। यह एक पारिवारिक फ़िल्म है। फ़िल्म को लेकर निर्माता-निर्देशक ने बताया कि फ़िल्म पूरी तरह सामाजिक अनूठी कहानी पर केंद्रित है, जिसमे दर्शकों को पूरी तरह नायपन दिखेगा। फ़िल्म समाज का आइना होता है और यह फ़िल्म पूरी तरह से अपने टाइटल के अनुसार फिलमाया जा रहा है। अभिनेता कुलदीप ने कहा, मैं इस फ़िल्म के हिस्सा बनाकर बहुत ख़ुश हूं और उम्मीद करता हूं की यह फ़िल्म दर्शकों के दिलो पर राज करेंगी।

खगोल विज्ञान

सुपर मैसिव ब्लैक होल जे1120 0641 नामक आकाशगंगा के केंद्र में है मौजूद

ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास में महत्वपूर्ण ब्लैक होल की खोज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ब्लैक होल की खोज की है, जिसका उदय ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद हुआ था। यह सुपर मैसिव ब्लैक होल एक परिपक्व क्वासर है, जो जे1120 0641 नामक आकाशगंगा में मौजूद है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह सुपर मैसिव ब्लैक होल है, जो आकाशगंगा के केंद्र में मौजूद है। यह गैस और धूल की एक चमकदार घेरे में घिरा हुआ है। नासा की अंतरिक्ष दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अब इस ब्लैक होल की आगे का अध्ययन करेगी। इसी टेलीस्कोप से जे1120 0641 आकाशगंगा को देखा गया। तब इस ब्लैक होल की मौजूदगी की जानकारी मिल पाई। इस आकाशगंगा से प्रकाश को पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग उतना ही समय लगता है, जितना कि ब्रह्मांड को आज तक विकसित होने में लगा है। इस ब्लैक होल का वजन एक अरब सौर द्रव्यमान से अधिक हो सकता है। यह खोज नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित हुई है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह हैरान कर देने वाली खोज है। इस ब्लैक होल के नजदीक सामग्री के अवलोकन से विशेष रूप से कुछ और पता चलने वाला था, लेकिन उन्हें कुछ खास नहीं मिला। मगर यह परिणाम और भी अधिक असाधारण है। इसका मतलब यह हो सकता है कि खगोल भौतिकीविद् आकाशगंगाओं के विकास के बारे में जितना सोचते थे, वह वास्तव में पर्याप्त नहीं हैं। जिस कारण यह खोज अधिक महत्वपूर्ण हो चली है। संभवतः यह खोज भौतिकी के क्षेत्र में नई दिशा देगी।

ब्रह्मांड की उत्पत्ति के समय जन्मा ब्लैक होल।

आकाशगंगाओं की व्याख्या बड़ी चुनौती

प्रारंभिक विशाल ब्लैक होल व आकाशगंगा विकास की व्याख्या वर्तमान मॉडल के लिए एक बड़ी चुनौती है। क्या ऐसा हो सकता है कि प्रारंभिक ब्लैक होल वर्तमान की तुलना में गैस एकत्र करने में अधिक कुशल थे। आकाशगंगाओं में धूल की उपस्थिति व क्वासर का द्रव्यमान हमारे अनुमानों को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल वर्तमान में कुछ नहीं कहा जा सकता। इसका सही पता भविष्य बताएगा।